www.uttambharatnews.com
RNI No. DELHIN/2017/75336
email:-uttambharat05@gmail.com
आश्विन शुक्ल पक्ष चतुर्दशी, विक्रम संवत् 2082
वर्ष: 09 अंक: 260
नई दिल्ली
सोमवार, 06 अक्टूबर 2025
मूल्य: 3.00 पृष्ठ: 12

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उत्तम भारत

"सत्य, निष्पक्ष, भारत"

नई दिल्ली व हरियाणा से प्रकाशित • चंडीगढ़ • उत्तर प्रदेश • मध्यप्रदेश • उत्तराखंड • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • छत्तीसगढ़ • जम्मू कश्मीर से प्रसारित



09 स्वदेशी उत्पादों पर खर्च किया गया हर रुपया ... | 06 गांधीवादी सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी की ... | मुख्यमंत्री ने राजगीर में नवनिर्मित अंतर्राष्ट्रीय... 12

## रानी दुर्गावती की जीवनगाथा पढ़कर युवाओं को राष्ट्रहित का संकल्प लेना चाहिए : अमित शाह



**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को रानी दुर्गावती की जयंती पर कहा कि देश के युवाओं को उनकी जीवन गाथा को पढ़ना चाहिए और राष्ट्रहित का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने रानी दुर्गावती की जयंती पर उन्हें नमन किया।

अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि न्यायप्रिय शासन, प्रजावत्सलता और मातृभूमि की रक्षा की प्रतीक रानी दुर्गावती जी ने गोंडवाना को नारी शक्ति, राष्ट्रभक्ति और सेवाभाव की प्रेरणा का केंद्र बनाया। रानी दुर्गावती को उनकी जयंती पर नमन करता हूं।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक्स पोस्ट में लिखा कि अदम्य साहस, पराक्रम और शक्तिशाली नेतृत्व से मुगल शासकों के दांत खट्टे करने वाली महान वीरांगना रानी दुर्गावती की जयंती पर शत-शत नमन। आपका शौर्य, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक्स पोस्ट में लिखा कि मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाली महान वीरांगना, नारी शक्ति की अद्वितीय प्रतीक रानी दुर्गावती की जयंती पर कोटि-कोटि नमन। उनका अटूट साहस, त्याग और बलिदान हम सबको राष्ट्र सेवा और धर्म की रक्षा के लिए सदैव प्रेरित करता रहेगा।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने एक्स पोस्ट में लिखा कि अपनी वीरता, दृढ़ता व साहस से अमर शौर्य गाथा लिखने वाली, नारी शक्ति की अद्वितीय प्रतिमूर्ति, महान वीरांगना रानी दुर्गावती जी की जयंती पर कोटि-कोटि नमन। मातृभूमि व स्वाभिमान की रक्षा के लिए मुगलों के विरुद्ध उनका आर-पार का संघर्ष और बलिदान हमेशा प्रेरणा देता रहेगा।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक्स पोस्ट में लिखा कि बाज बहादुर की सेना को धूल चटाने और मुगलों की सेना को पीछे हटने पर मजबूर कर देने वाली अद्वितीय शौर्य, साहस और पराक्रम की पर्याय, महान वीरांगना रानी दुर्गावती जी की जयंती पर उनके चरणों में कोटि-कोटि नमन करता हूं। जनजातीय गौरव, वीरांगना रानी दुर्गावती ने मातृभूमि के स्वाभिमान एवं स्वतंत्रता की रक्षा के लिए संघर्ष किया। उनका व्यक्तित्व हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। आपकी असाधारण वीरता की गाथाएं अनंत काल तक हम सबको गौरवान्वित करती रहेंगी।

# मोदी के निमंत्रण पर दो दिनी यात्रा पर भारत आ रहे ब्रिटेन के पीएम

### दोनों नेता रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर करेंगे बात



**शैलेन्द्र शर्मा, नई दिल्ली।** ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर 8-9 अक्टूबर को भारत की अपनी पहली यात्रा पर आ रहे हैं। कीर को यह न्योता पीएम मोदी ने दिया है। इस दौरे में दोनों नेता भारत-ब्रिटेन के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर बात करेंगे। दोनों देशों ने विजन 2035 नाम से एक 10 साल का रोडमैप तैयार किया है। इसमें व्यापार, तकनीक, रक्षा, पर्यावरण, स्वास्थ्य, शिक्षा और लोगों के बीच संपर्क जैसे कई मुद्दों पर काम किया जाएगा।

9 अक्टूबर को पीएम स्टार्मर और नरेंद्र मोदी मुंबई में होंगे। वहां वे बिजनेस और इंडस्ट्री के बड़े लोगों से मुलाकाता करेंगे। दोनों नेता भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते के मौकों पर चर्चा करेंगे। इस समझौते से दोनों देशों के बीच व्यापार को और बढ़ाने की उम्मीद है। दोनों नेता 6वें ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में भी भाग लेंगे। वहां वे नए आइडियाज वाले लोगों, नीति निमार्ताओं और विशेषज्ञों से बातचीत करेंगे। साथ ही दोनों वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी विचार करेंगे।

बता दें इससे पहले जुलाई 2025 में पीएम मोदी ब्रिटेन की यात्रा पर गए थे। वहां उन्होंने पीएम स्टार्मर से उनके गांव वाले घर चेकर्स में मुलाकात की थी। उस दौरान दोनों देशों ने रक्षा क्षेत्र में सह-विकास और सह-उत्पादन के लिए एक रोडमैप पर हस्ताक्षर हुए थे। पीएम मोदी ने ब्रिटेन के राजा चार्ल्स तृतीय से भी नॉरफॉल्क के सैंड्रिंघम एस्टेट में मुलाकात की थी। उन्होंने राजा को अपनी पर्यावरण पहल एक पेड़ मां के नाम के तहत एक पौधा भेंट किया था।

24 जुलाई 2025 को भारत और ब्रिटेन ने सीईटीए पर हस्ताक्षर किए थे। इस समझौते से भारत के 99 फीसदी निर्यात को ब्रिटेन में बिना टैक्स के जगह मिलेगी। ब्रिटेन के 90फीसदी सामान पर भी टैक्स हटेगा। इससे दोनों देशों का व्यापार, जो अभी 56 बिलियन डॉलर का है, 2030 तक दोगुना होने की उम्मीद है।

टेक्सटाइल, मछली, चमड़ा, जूते, खेल का सामान, खिलौने, गहने, इंजीनियरिंग और ऑटो पार्ट्स जैसे क्षेत्रों को इससे फायदा होगा। साथ ही आईटी, वित्त, कानूनी और शिक्षा सेवाओं में भी मौके बढ़ेंगे। भारतीय शेफ, योग प्रशिक्षक, आर्किटेक्ट और संगीतकारों के लिए वीजा नियम आसान होंगे।

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने इसे दोनों देशों के लिए बड़ा कदम बताया है। सीईटीए से नौकरियां बढ़ेंगी और किसानों, कारीगरों, छोटे उद्यमियों और स्टार्टअप्स को फायदा मिलेगा। यह दौरा दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूत करने का मौका है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने दार्जिलिंग में भारी बारिश और भूस्खलन से हुई मौतों पर जताया दुख

**नई दिल्ली/कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में भारी बारिश और भूस्खलन के कारण हुई जनहानि पर दुख जताया है। उन्होंने भरोसा दिया कि केंद्र सरकार प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, दार्जिलिंग में एक पुल दुर्घटना में हुई जान-माल की हानि से अत्यंत दुखी हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति संवेदना। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। उन्होंने आगे लिखा, भारी बारिश और भूस्खलन के मद्देनजर दार्जिलिंग और आसपास के इलाकों की स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। हम प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इससे पहले, पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और भाजपा विधायक सुवेंदु अधिकारी ने बंगाल सरकार से बचाव कार्य में तेजी लाने और प्रभावित लोगों तक जल्द राहत पहुंचाने का अनुरोध किया।

## छत्तीसगढ़ की धरती सदा से रही है साहित्य और संस्कृति की धरा : विष्णु देव साय



**उत्तम भारत संवाददाता, रायपुर।** छत्तीसगढ़ की साहित्यिक, सांस्कृतिक और कलात्मक परंपराओं को नई ऊर्जा देने के उद्देश्य से विगत रात्रि आयोजित राज्य स्तरीय युवा कवि सम्मेलन में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रभु श्रीराम के ननिहाल और माता शबरी की पावन भूमि को नमन करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती सदा से साहित्य और संस्कृति की धरा रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि महाकवि कालिदास ने इसी धरती पर मेघदूत जैसे अमर काव्य की रचना की, वहीं गजानन माधव मुक्तिबोध और पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी जैसे यशस्वी साहित्यकारों ने इसी मिट्टी से अपनी पहचान बनाई। उन्होंने अपने पूर्व संसदीय क्षेत्र रायगढ़ के सुप्रसिद्ध संगीत सम्राट राजा चक्रधर सिंह को भी श्रद्धापूर्वक स्मरण किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग का यह अभिनव प्रयास प्रदेश की कला, साहित्य और रचनात्मक प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहन देने का उत्कृष्ट माध्यम है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवा साहित्यकारों, रचनाकारों और कलाकारों को निरंतर आगे बढ़ने के अवसर प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं से चयनित तीनों विजेताओं को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि इस मंच के माध्यम से युवा कवियों को देश के ख्यातिलब्ध कवियों से मार्गदर्शन प्राप्त होगा, जिससे उनके रचनात्मक विकास को नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री एवं खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री अरुण साव ने कहा कि यह सम्मेलन केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवा कवियों के लिए सीखने और सृजन की प्रेरणा का अवसर है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति आरंभ से ही समृद्ध रही है — यहाँ मनुष्य के जीवन से लेकर मृत्यु तक हर अवसर पर गीत गाए जाते हैं।

उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जब खेतों में बुआई का समय आता है, तो पूरे वातावरण में ददरिया की मधुर ध्वनि गूंजती है। यहाँ विविध वाद्य, गीत, नृत्य और लोककलाओं की अनूठी परंपरा रही है। श्री साव ने कहा कि यह प्रदेश संतों, महात्माओं और कवियों की कर्मभूमि रहा है, जहाँ से समाज को सदैव नई दिशा मिली है। उन्होंने प्रदेशभर से आए युवा कवियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का आह्वान किया।

## सरकार की आर्थिक नीतियों से बढ़ रही है असमानता : कांग्रेस



**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सरकार की आर्थिक नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा है कि उसकी नीतियां केंद्रीयकरण पर आधारित हैं इसलिए देश में आर्थिक असमानता तेजी से बढ़ रही है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश रविवार को यहां एक बयान में कहा कि देश की अर्थव्यवस्था का तेजी से केंद्रीयकरण हो रहा है जिसके चलते समाज का एक हिस्सा बहुत अमीर तो दूसरा हिस्सा उतना ही गरीब होता जा रहा है। यह बात यह नहीं बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था की हर रिपोर्ट कह रही है। ये हमें भारत में धन के व्यापक केंद्रीकरण के बारे में आगाह कर रही हैं। उन्होंने कहा "एक तरफ करोड़ों भारतीय रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, तो दूसरी तरफ सिर्फ. 1687 लोगों के पास देश की आधी दौलत है। मोदी सरकार-प्रेरित आर्थिक नीतियों के कारण धन का इतना बड़ा केंद्रीयकरण देश में विकट आर्थिक असमानता पैदा कर रहा है। ये असमानता व्यापक सामाजिक असुरक्षा और असंतोष को जन्म दे रही है। अन्य देशों में हाल की तारीखें गवाह हैं कि यही घनघोर आर्थिक असमानता और पंगु लोकतांत्रिक संस्थाएं राजनीतिक अराजकता पैदा करने में कैटलिस्ट बनी हैं। सरकार द्वारा भारत को भी उसी रास्ते पर धकेला जा रहा है।" रमेश ने कहा कि सत्ता के गठजोड़ से चंद उद्योगपति और अमीर होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियां उनके चंद उद्योगपति मित्रों के फायदे के लिए ही केंद्रित हैं। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़, एमएसएमई हमेशा रहा है लेकिन यह क्षेत्र अभूतपूर्व दबाव में है। यह दबाव केवल घरेलू नीतियों का ही नहीं बल्कि विदेश नीति की असफलताओं का भी नतीजा है। आम लोगों के लिए कमाई के अवसर घटते जा रहे हैं और महंगाई लगातार इस कदर बढ़ रही है कि नौकरीपेशा लोगों की जेब में भी बचत की जगह कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है। शिक्षा और स्वास्थ्य पर निवेश लगातार घट रहा है और सामाजिक सुरक्षा योजनाएं कमजोर हो रही हैं।

## सीएम धामी ने 50 वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप का किया शुभारंभ



**उत्तम भारत संवाददाता, देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को परेड ग्राउंड, देहरादून में 50वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप का शुभारंभ किया। 10 अक्टूबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में देश के 28 राज्यों से 54 टीमों के लगभग एक हजार से अधिक खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं उत्तराखंड बास्केटबॉल एसोसिएशन को इस आयोजन के लिए बधाई दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार देवभूमि उत्तराखंड में सब-जूनियर नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन हो रहा है, जो राज्य के लिए गौरवपूर्ण एवं ऐतिहासिक अवसर है। उन्होंने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, धैर्य, अनुशासन व टीम भावना भी सिखाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा खेलो इंडिया एवं फिट इंडिया मूवमेंट जैसी पहलों से देश में खेलों के प्रति नई जागरूकता आयी है और भारत खेल के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों को स्पर्श कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन के बाद उत्तराखंड तेजी से खेलभूमि के रूप में अग्रसर है। राज्य में 517 करोड़ रुपये की लागत से विश्वस्तरीय खेल अवसंरचना विकसित की जा रही है। शीघ्र ही आठ प्रमुख शहरों में 23 खेल अकादमियों के साथ स्पोर्ट्स लेगेसी प्लान लागू किया जाएगा तथा हल्द्वानी में प्रथम खेल विश्वविद्यालय और लोहाघाट में महिला स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई खेल नीति के तहत राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पदक विजेताओं को आउट ऑफ टर्न सरकारी नौकरी, खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना, खेल किट, राज्य स्तरीय पुरस्कार तथा 4 प्रतिशत खेल कोटा की बहाली जैसे अनेक कदम खिलाड़ियों के हित में उठाए गए हैं। हाल ही में राष्ट्रीय खेल दिवस पर उत्कृष्ट खिलाड़ियों को 50-50 लाख रुपये की सम्मान राशि भी दी गई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने देहरादून में बास्केटबॉल खिलाड़ियों के प्रशिक्षण (बास्केटबॉल प्रशिक्षण अकादमी) के लिए जिलाधिकारी देहरादून को भूमि चिन्हित करने तथा हल्द्वानी में निमार्णाधीन खेल विश्वविद्यालय के पास बास्केटबॉल प्रशिक्षण अकादमी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

## एंटी रोमियो स्क्वायड बना सुरक्षा का प्रतीक, महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा का दिया संदेश

**✔ नवरात्रि के दौरान मंदिरों, धार्मिक स्थलों, मेलों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर कुल 37,337 अधिकारी एवं कर्मचारी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे। इनमें 411 राजपत्रित अधिकारी, 7,999 निरीक्षक/उपनिरीक्षक, 22,547 मुख्य आरक्षी /आरक्षी और 6,380 होमगार्ड/पीआरडी/ एसपीओ आदि शामिल थे, जिन्होंने निरंतर गश्त और निगरानी कर सुरक्षा का वातावरण बनाए रखा**



**उत्तम भारत संवाददाता, लखनऊ।** प्रदेश की बेटियों और महिलाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने, आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने के साथ सुरक्षा का माहौल उपलब्ध कराने के लिए मिशन शक्ति 5.0 अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवरात्र के पहले दिन मिशन शक्ति 5.0 अभियान की शुरूआत की, जो अभी भी पूरे प्रदेश में चल रहा है। इसी के तहत यूपी पुलिस प्रशासन ने अभूतपूर्व अभियान चलाया, जिसके परिणामस्वरूप महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था और जनसहभागिता दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली। मिशन शक्ति अभियान की नोडल ऑफिसर एडीजी पद्मजा चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पूरे प्रदेश में एंटी रोमियो स्क्वायड ने सार्वजनिक स्थलों, मंदिरों, बाजारों, मॉल, पार्क और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर सतर्कता बढ़ाई। इस दौरान 1,08,292 मंदिरों और सार्वजनिक स्थानों की गहन जांच की गई। अभियान में 9,77,269 व्यक्तियों की जांच की गई, जिनमें संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी गई। कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और महिलाओं के प्रति अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए कुल 2,542 अभियोग पंजीकृत किए गए। वहीं, असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई करते हुए 3,972 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा 3,13,924 लोगों को चेतावनी दी गई और उन्हें सार्वजनिक स्थानों पर अनुशासन बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। प्रदेश भर में 53,237 निरोधात्मक कार्रवाई की गई। ऐसे में एंटी रोमियो स्क्वायड द्वारा यह अभियान न केवल नवरात्रि के दौरान सुरक्षा का प्रतीक बना, बल्कि समाज में महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के प्रति सकारात्मक संदेश देने में भी सफल रहा। प्रदेशभर में नवरात्रि पर्व के अवसर पर 55,377 पंडालों की स्थापना की गई। सभी पंडालों का पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने निरीक्षण किया, जिससे श्रद्धालुओं की सुरक्षा में कोई कमी न रहे। इस दौरान 4,947 रामलीला व मेला स्थलों का भी भ्रमण किया गया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। योगी सरकार की सख्त निगरानी के चलते सभी धार्मिक कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुए। एंटी रोमियो स्क्वाड, पुलिस बल और स्थानीय प्रशासन की संयुक्त मुस्तैदी ने सुनिश्चित किया कि महिलाओं और बालिकाओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नवरात्रि के दौरान मंदिरों, धार्मिक स्थलों, मेलों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर कुल 37,337 अधिकारी एवं कर्मचारी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे। इनमें 411 राजपत्रित अधिकारी, 7,999 निरीक्षक/उपनिरीक्षक, 22,547 मुख्य आरक्षी /आरक्षी और 6,380 होमगार्ड/पीआरडी/ एसपीओ आदि शामिल थे।

## मध्यप्रदेश और असम के बीच वन्य जीव पर्यटन में साझेदारी के लिए होगी विशेष पहल : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



**उत्तम भारत संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने असम प्रवास के दौरान रविवार को विश्व प्रसिद्ध काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और चाय बागान का भ्रमण किया। उन्होंने बागान में चाय उत्पादन की प्रक्रिया का अवलोकन कर स्थानीय किसानों और श्रमिक बहनों से आत्मीय संवाद भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चाय उद्योग असम का गौरव और अर्थव्यवस्था का प्रतीक है। परिश्रम, अपनत्व एवं सादगी की धरती असम और मध्यप्रदेश के बीच व्यापार-उद्योग के साथ ईको-टूरिज्म, वन्य जीव पर्यटन की दिशा में भी परस्पर सहयोग, विश्वास और साझेदारी को बढ़ाने के लिए विशेष पहल होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में प्राकृतिक सौंदर्य और वन्यजीव संरक्षण की मनमोहक झलक देखी एवं हाथियों को स्नेह से गन्ना खिलाकर दुलार किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यहां वन्यजीवों के संरक्षण संवर्धन के लिये नवाचारों के संबंध में जानकारी प्राप्त की और उद्यान भ्रमण के दौरान अजगर को प्राकृतिक आवास में छोड़ा।

उल्लेखनीय है कि काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान एक सींग वाले गैंडे सहित पूर्वी हिमालयी जैव विविधता का केन्द्र है। इसे यूनेस्को द्वारा विश्व-धरोहर घोषित किया गया। यह उद्यान हाथियों, जंगली भैंसों, दलदली हिरणों और विभिन्न पक्षी प्रजातियों का आश्रय स्थल है। यह उद्यान वन्य जीवों की बड़ी संख्या के साथ वन्य जीव संरक्षण गतिविधियों के लिए भी विख्यात है।

# रायसत्ती थाना और पन्जू सराय चौकी पुलिस ने चलाया मिशन शक्ति अभियान




**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** मिशन शक्ति फ़ेस 5.0/एंटी रोमियो अभियान के अंतर्गत ब्लोमिंग बड्र्स पब्लिक स्कूल शहबाजपुर खेड़ा थाना रायसत्ती जनपद संभल में नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन जागरूकता कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को उनके अधिकारों समाज में उनकी भूमिका को सशक्तबनाने के लिए उन्हें शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह निषेध व बाल श्रम अपराध, लैंगिक समानता के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें समझाया गया कि माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य न केवल महिलाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान व स्वास्थ्य बारे में जागरूक करना है, बल्कि उन्हे सशक्त बनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव भी लाना है। इस दौरान महिला हेल्पलाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, मुख्यमन्त्री हेल्पलाइन 1076, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एंबुलेंस नंबर 108 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर चौकी प्रभारी पन्जू सराय थाना रायसत्ती मुकेश कुमार, उप.नि.दिनेश कुमार, म.का. प्रियंका, म. का. सोनम रानी,'का. संजीव कुमार, कांस्टेबल गौरव शर्मा थाना रायसत्ती मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति केन्द्र, महिला थाना रामपुर की प्रभावी काउंसलिंग से दोनों परिवारों में बनी सहमति, प्रेमी प्रेमिका का निकाह सम्पन्न



**उत्तम भारत संवाददाता**

**स्वार।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति अभियान-फेज 5.0 के अंतर्गत मिशन शक्ति केन्द्र, महिला थाना रामपुर द्वारा एक पारिवारिक एवं सामाजिक विवाद को सुलझाने में अहम भूमिका निभाई गई । आवेदिका निवासिनी थाना स्वार, जनपद रामपुर द्वारा मिशन शक्ति केन्द्र, महिला थाना रामपुर पर एक लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसमें बताया गया कि वह कक्षा 6 से एक युवक से प्रेम प्रसंग में है तथा उससे निकाह करना चाहती है ।आवेदिका बालिक है, परंतु दोनों परिवारों द्वारा निकाह करने से मना किया जा रहा था और उस पर दबाव बनाया जा रहा था । प्रकरण को संवेदनशीलता के साथ लेते हुए महिला थाना प्रभारी निरीक्षक रजनी द्विवेदी, उ0नि0 सुबोध कुमार, उ0नि0 दीपा चौहान, एवं महिला आरक्षी अनुराधा द्वारा दोनों पक्षों व उनके परिवारजनों को मिशन शक्ति केन्द्र, महिला थाना रामपुर पर बुलवाकर काउंसलिंग कराई गई । काउंसलिंग के दौरान दोनों परिवारों के बीच सौहार्दपूर्ण संवाद स्थापित हुआ तथा परस्पर सहमति से आवेदिका और प्रेमी कैफ(काल्पिनक नाम) के विवाह (निकाह) के लिए दोनों परिवार राजी हो गए ।मिशन शक्ति केन्द्र, महिला थाना रामपुर की सकारात्मकता, संवेदनशीलता और प्रभावी काउंसलिंग के फलस्वरूप दोनों का निकाह विधिवत सम्पन्न हुआ । प्रेमी-प्रेमिका ने खुशहाल दाम्पत्य जीवन जीने का संकल्प लिया ।

# मां सांचोली देवी पदयात्रा शामिल श्रद्धालुजन



**मां सांचोली देवी पदयात्रा रवाना**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**कोसीकलां।** मां पथवारी देवी पदयात्रा समिति के तत्वावधान में हर वर्ष की तरह इस बर्ष भी रविवार को 18 वीं मां संचोली देवी पदयात्रा रत्नागर सागर किनारे स्थित मां पथवारी मदिर से सांचोंली के लिए रवाना हुइ। पदयात्रा में सैकड़ां की संख्या में श्रद्धालु झूमते गाते नाचते हुए चल रहे थे।

मां पथवारी देवी पदयात्रा प्रातः 7 बजे मां पथवारी देवी मंदिर से प्रारंभ होकर रत्नागर सागर, बल्देवगंज, घंटाघर, पंजाबी बाजार, भगवती मंदिर के रास्ते बठैनगेट, बठैन से गांव खिटावटा होते हुए मां साँचौली मंदिर पहुंची। यात्रा में माता के डोले का नगर में अनेक स्थानों पर आरती उतार स्वागत किया गया। कमेटी के संयोजक बिहारी लाल गोयल, अध्यक्ष राहुल सक्सेना, संजय जायसवाल तथा सौरभ बिछौरिया ने यात्रियों के लिए पानी, प्रसाद, और प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था की। पदयात्रा में बच्चे हाथों में धर्मध्वज लेकर चल रहे थे तो अन्य यात्री भक्त डीजे की धुनों पर नाचते, गाते माता की जय जयकार करते चल रहे थे। नगर वासियों ने जगह-जगह भंडारा प्रसाद, पानी, ठंडाई, फल, आदि का वितरण कर यात्रा का स्वागत किया। यात्रा में मुख्य रूप से पालिकाध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता तरुण सेठ, कन्हैयालाल गोयल भगवत मैथिल, नरेश कुमार, भोला उन्दी वाले, महेश अग्रवाल, पंकज विशंभरिया, कन्हैया मंगला, दाऊ दयाल अग्रवाल, यादराम मैथल, बबल पंजाबी आदि साथ चल रहे थे।

# पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ग्रामीण सुरेश कुमार रावत, सीओ सिटी आशना चौधरी विजेता छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए



*** मिशन शक्ति अभियान के तहत हुआ मथुरा में रन फॉर एनवायरमेंट**

*** 2.5 किमी मैराथन में 150 से अधिक छात्राओं और महिला पुलिसकर्मियों ने लिया भाग, लालपुर गांव की चारू रहीं अव्वल**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** मिशन शक्ति अभियान के तहत 'रन फॉर एनवायरमेंट' मैराथन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ग्रामीण सुरेश कुमार रावत, सीओ सिटी आशना चौधरी ने पुलिस लाइन से हरी झण्डी दिखाकर किया। 2.5 किलोमीटर की मैराथन में 150 से अधिक छात्राओं और महिला पुलिसकर्मियों ने भाग लिया। दौड़ के दौरान प्रतिभागियों ने महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में जागरूकता लाना और महिलाओं तथा बालिकाओं के मन में आत्मविश्वास व सुरक्षा का भाव बढ़ाना रहा। प्रतिभाग करने वाली महिला खिलाडियो में से प्रथम स्थान पर आदर्श विद्या मन्दिर स्कूल की 9वीं कक्षा की छात्रा चारू निवासी लालपुर थाना महावन, द्वितीय स्थान पर महिला आरक्षी पूनम थाना नौहझील और तृतीय स्थान पर उमाभारती निवासी सदावर जिला कासगंज को ईनाम देकर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने कहा कि जब कोई बालिका दौड़ में भाग लेती है, तो वह केवल कदम नहीं बढ़ाती, बल्कि अपने अधिकारों, आत्मबल और सपनों की ओर अग्रसर होती है। उन्होंने मिशन शक्ति को एक सामाजिक क्रांति बताते हुए कहा कि इसका लक्ष्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग करना और उन्हें सशक्त बनाना है। इस दौरान सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली महिला प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया।

# नगर के मुख्य मार्गो से निकली राम की राजगद्दी शोभायात्रा



**उत्तम भारत संवाददाता**

**शाहबाद।** सनातन धर्म श्री रामलीला सभा शाहबाद द्वारा भगवान श्रीराम की राजगद्दी शोभायात्रा 5 अक्टूबर दिन रविवार को शाम लगभग 6 बजे नगर के मुख्य मार्गों पर निकाली गई। शोभायात्रा में राम, सीता और लक्ष्मण के साथ रथ पर बैठे हुए थे,वहीं पीछे हनुमान और सुग्रीव का रथ चल रहा था। राजगद्दी शोभायात्रा ठाकुरद्वारा मंदिर से प्रारंभ होकर, कोतवाली, मेन बाजार, बजरंग चौक, मोहल्ला हकीमान होती हुई रामलीला मैदान में जाकर संपन्न हुई । उसके पश्चात रात्रि 9 बजे रामलीला मंचन के दौरान दो भाइयों के गहरे प्रेम और पारिवारिक एकता का प्रतीक राम भरत पुनर्मिलन के मंचन के साथ गुरु वशिष्ठ द्वारा भगवान श्री राम का विधिवत राज्य अभिषेक व राजतिलक किया गया। रामलीला मंचन के अंतिम दिन कोषाध्यक्ष द्वारा आय और व्यय का ब्योरा भी पढ़कर सुनाया गया। इस अवसर पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा एडवोकेट, महामंत्री सुरेश बाबू गुप्ता, महाप्रबंधक देवेंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष केशव गुप्ता, जी.के.पाठक, मुकेश चंद्र गुप्ता, मीडिया प्रभारी मनीष कुमार शर्मा, अन्नु रावत, वेद प्रकाश चंद्रवंशी, अमित चंद्रवंशी, सुमित भटनागर, मयंक अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, टिंकू गुप्ता, माधुरी सक्सेना, मंजू लता शर्मा, भूकन लाल बरनवाल, मुन्ना लाल बरनवाल, डब्बू शर्मा, सहित अनेकों लोग रहे। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से राजगद्दी शोभायात्रा में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पंकज पंत, वरिष्ठ उप निरीक्षक कुलदीप सिंह तोमर, उप निरीक्षक अरविंद दीक्षित, उप निरीक्षक आरपी सिंह, महिला उप निरीक्षक कंचन धामा, कांस्टेबल मुकुल कुमार, कांस्टेबल अमित कुमार, कांस्टेबल कंचन के साथ अन्य पुलिस फोर्स रहा।

# चौथा जिला सम्मेलन में भाग लेते हुए किसान नेतागण



*** अखिल भारतीय किसान महासभा का चौथा जिला सम्मेलन सम्पन्न**

*** तीन कृषि काले कानून के विरोध में 13माह चले किसान आंदोलन की सफलता**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**कोसीकलां।** अखिल भारतीय किसान महासभा का चौथा जिला सम्मेलन ब्राह्मण धर्मशाला कोसी कलां में वरिष्ठ साथी बृहम सिंह के ध्वजा रोहण व शहीद वेदी पर पुष्प अर्पित करने से काव नत्थीलाल पाठक, डाव एल एन सिंह व साथी बृहम सिंह के तीन सदस्यों के अध्यक्ष मण्डल से प्रारम्भ हुआ. सम्मेलन का उदघाटन प्रमुख शिक्षाविद डाव डी सी वर्मा ने किया. उन्होंने देश की किसान विरोधी नीतियों के वारे में विस्तार से वताते हुये किसानों की एकता मजबूत करने का आह्वान किया।

सम्मेलन को साथी नशीर शाह एड, गिरधारी लाल चतुर्वेदी, मधुवन चतुर्वेदी एवं उत्कर्ष चतुर्वेदी एड ने सम्बोधित कर शुभकामनायें दी। इस बीच काराकट (विहार)के सांसद एवं किसान महासभा के राष्ट्रीय महासचिव राजाराम सिंह नेसम्मेलन में समापन भाषण दिया और उन्होंने तीन कृषि काले कानून के विरोध में 13माह चले किसान आंदोलन की सफलता और 750किसानों की शहादत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकार को यूपी चुनाव जीतने की वजह से घुटने टेकने पर मजबूर किया।

उन्होंने कहा कि किसानों को बी जे पी सरकार ने देश द्रोही ठहराने की कोशिश की लेकिन पंजाब से लेकर देश के किसानों ने उनकी सभी गलत पहल को फेल कर दिया। आगे कहा भाजपा की नीति केवल किसान विरोधी ही नहीं अपितु जन विरोधी है। वे देशी व विदेशी पूंजी पतियों को देश की राष्ट्रीय सम्पदा को कोड़ियों के भाव बेच रही है। उन्होंने कहा कि आर एस एस के तहत काम करने वाली भाजपा का आजादी के आंदोलन में कोई भूमिका नहीं रही। ये अंग्रेजो की गुलामी किया करते थे। आज ये हिन्दू मुस्लिम के नाम पर देश में नफ़रत फैलाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा इनकी किसान विरोधी नीतियों के कारण देश में दस हजार किसानों ने आत्म हत्या की है। मोदी जी देश को कम्पनी राज वनाने की कोशिश कर रहे है। ऐसे में किसानों की एकता की शक्त जरुरत है. कृषि राज्य सूची का विषय है लेकिन मोदी सरकार ने तीन कृषि कानून लाकर इसे समवर्ती सूची का हिस्सा वना दिया है।अंत में उन्होंने सभी किसानों को धन्यवाद देकर किसान महासभा को गांव गांव ले जाकर देश की अर्थव्यवस्था, संविधान और लोकतंत्र को वचाने का काम होगा। देश में जब तक किसान नीति नहीं बनेगी जब तक किसान समृद्ध नहीं होगा. वाद में डाक्टर एल एन सिंह ने धन्यवाद दिया। इस आशय की जानकारी डाक्टर एल एन सिंहःअध्यक्षःकिसान महासभा ने दी है।

# घायल 25 हजार का ईनामी और एसओजी हाईवे पुलिस टीम



*** एसओजी और हाईवे पुलिस ने मुठभेड़ के बाद पकड़ा 25 हजार का ईनामी शातिर**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** एसओजी मथुरा और थाना हाईवे पुलिस ने रविवार तड़के एक 25 हजार के इनामी शातिर बदमाश/चोर हरदेव को मुठभेड़ टीके बाद गिरफ्तार किया है। इस दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे घायल अवस्था में सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि आज की मुठभेड़ हमारी सक्रिय खुफिया निगरानी और कड़ी मेहनत का परिणाम है, पुलिस की जवाबी कार्रवाई में वांछित 25 ईनामी बदमाश गिरफ्तार हुआ है, जो समाज में डर और असुरक्षा फैलाने का काम कर रहा था। एसओजी और थाना हाईवे पुलिस की इस साहसिक कार्रवाई की सराहना करता हूं।

गौरतलब हो कि एसओजी और थाना हाईवे पुलिस को सूचना मिली थी कि वांछित अपराधी हरदेव, जो आगरा के अछनेरा थाना क्षेत्र के मांगरौल जाट का निवासी है और उसकी उम्र करीब 30 वर्ष है, मथुरा गोवर्धन रोड पर सक्रिय है। खामिनी गाँव के पास एफसीआई गोदाम क्षेत्र, थाना हाईवे जनपद मथुरा पर हुई पुलिस मुठभेड़ में हरदेव घायल हो गया। गिरफ्तार बदमाश के पास से चोरी की गई एक हीरो होंडा स्पलेंडर प्लस मोटरसाइकिल (बिना नंबर प्लेट), 5600 रूपये नकद, एक जोड़ी पीली धातु के टॉप्स, एक तमंचा, 3 जिंदा व 2 खोखा कारतूस के साथ-साथ चोरी किए गए लाइसेंस और आईडी कार्ड्स भी बरामद हुए हैं।

जांच में पता चला है कि आरोपी हरदेव अपने साथियों के साथ अवैध असलहों से लैस होकर रात के समय पॉश कॉलोनियों में घूमता था। वे बाहर से ताला लगे मकानों को निशाना बनाते थे और कीमती सामान तथा नकदी चोरी करके फरार हो जाते थे। पुलिस अनुसार हरदेव एक लंबा आपराधिक इतिहास रखता है, जिसके तहत उस पर आगरा जनपद के विभिन्न थानों (एत्माउददौला, जगदीशपुरा, सिकन्दरा, ट्रांसयमुना, रिफाइनरी) में चोरी, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट सहित कई गंभीर धाराओं के तहत मुकदमे दर्ज हैं। हाल ही में, उस पर मथुरा के थाना हाईवे और कोतवाली में कई मुकदमे दर्ज किए गए थे। पुलिस ने बताया कि घायल आरोपी हरदेव को आवश्यक उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

# संघ शताब्दी विजयदशमी पथ संचलन कार्यक्रम



**उत्तम भारत संवाददाता**

**टांडा।** नगर में खण्ड के बादली मण्डल में रविवार को संघ शताब्दी के विजयादशमी पथ संचलन का कार्यक्रम मनाया गया जिसमें नगर में घोष के साथ रामलीला मैदान से शुरू होकर मोहल्ला मरघटी से बादली होते हुए मुख्य मार्ग से मढ़ी मंदिर, टंडोली, से नहर के मार्ग से होकर रामपुर रोड से मोहल्ला भवभलपुरी से बाल्मीकि बस्ती से रामलीला मैदान पर समापन हुआ।कार्यक्रम के अध्यक्ष केशव मुनि रहे व मुख्य वक्ता पुनीत जिला कार्यवाह रहे। इस मौके पर

इंद्रेश कुमार, विशाल कुमार,नरेंद्र सिंह ,राकेश सिंह, आशीष वर्मा, रामपाल सिंह, गजेन्द्र सिंह, महेंद्र सिंह, डॉ भूदेव, हिमांशु गुप्ता, राजकुमार चौहान आदि मौजूद रहे

# लहंगा सहित पकड़े चोर, लैपटॉप-कार भी बरामद



*** शातिर है राजू उर्फ कबडडी, दर्ज हैं 18 मुकदमे**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** पांच रोज पूर्व हाईवे क्षेत्र की एक दुकान में चोरी की वारदात करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताते हैं कि हाईवे के बालाजीपुरम निवासी विकास कुमार के चारग एम्पोरियम कजरिया शोरूम शाहकुंज एनएच 19 थाना हाईवे से गत 30 सितबर को रात करीब डेढ बजे चोरों ने घटना को अंजाम दिया था। सुबह चार बजे पड़ोसी द्वारा दी गयी सूचना के बाद घटना की जानकारी हुयी। चोर दुकान से लैपटॉप, कागजात, चालीस हजार रुपए चोरी कर ले गये थे। शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरों में तीन चोर कैद हुये थे। पुलिस चोरों की तलाश कर रही थी।

कल रात अडूकी रोड पर आर्मी कैंट की बाउण्ड्री के पीछे रेलवे लाइन किनारे से पुलिस ने इस घटना में शामिल रोनक बधवन पुत्र संजय निवासी गुजैनी थाना गोविंदनगर कमिश्नरेट कानपुर, रोनक पुत्र ओमप्रकाश निवासी कटरा गुलाब सिंह थाना जठवारा प्रतापगढ और राजू उर्फ कबडडू पुत्र रमेशचंद निवासी रामनगर उन्नाव को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी किया गया गुलाबी रंग का लहंगा, एक लैपटॉप, पांच हजार रुपएब नगद, दो तमंचे, कारतूस और चोरी में प्रयुक्त वैगनआर कार संख्या यूपी 16 एमजे 2899 बरामद हुयी है। चोरी की घटना में गिरफ्तार किये गये तीनों बदमाशों के खिलाफ यूपी के कई थानों में अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। इनमें से राजू उर्फ कबडडू शातिर अपराधी है। प्रभारी निरीक्षक थाना हाईवे शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तार रोनक के खिलाफ उन्नाव, औरैया, मथुरा आगरा में सात मुकदमे दर्ज हैं, जबकि रोनक के खिलाफ औरैया, आगरा मथुरा में तीन, और राजू के खिलाफ लखनऊ, कानपुर, उन्नाव, औरैया, मथुरा, आगरा में 18 मुकदमे दर्ज है।

# उच्च न्यायालय के आदेश पर सहारनपुर पुलिस द्वारा जातिगत होर्डिंग्स, पोस्टर व साइनेज चिन्ह एवं वाहनों पर जातिगत चिन्ह पर की गई कार्यवाही



**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा न्यायालय के निर्गत आदेशो के क्रम में सभी जनपद वासियो को सूचित किया जा रहा है कि यदि किसी व्यक्ति द्वारा अपनी दो पहिया अथवा चार पहिया वाहनों पर जाति संबंधित स्लोगन

लिखा जाता है तो पुलिस एवं ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई की जायेगी। पहली बार समझाया जाएगा तथा दूसरी बार एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जायेगी । किसी भी व्यक्ति द्वारा राजनैतिक उद्देश्य से कोई भी रैली निकाली जाती है तो उसमें किसी जाति विशेष को लेकर सम्मेलन का आयोजन किया जाना पूर्ण रुप से प्रतिबंधित रहेगा । किसी साइनेज बोर्ड (किसी गांव अथवा मौहल्ले के साइन बोर्ड) पर किसी जाति विशेष का नाम नही लिखा जायेगा।सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म जैसे ट्वीटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यू-ट्यूब आदि पर जनपदीय पुलिस द्वारा कड़ी निगरानी की जा रही है।अगर किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी भी जाति विशेष को बढावा दिया जाता है या किसी जाति की निंदा करने संबंधी किसी भी प्रकार की कोई भी पोस्ट की जाती है तो उसके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यावही की जायेगी। माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में जनपद सहारनपुर के समस्त थानों द्वारा आज जाति सम्बन्धी हटाये गये होर्डिग्स, पोस्टर, साइनेज चिन्ह एवं वाहनों पर जातिगत चिन्ह पर कार्यवाही करते हुए 120 जातिगत साइनेज (चिन्ह) हटाए गए।

# ऑपरेशन सवेरा नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर अभियान में सहारनपुर पुलिस की नशा तस्करों के विरूद्ध कडी कार्यवाही, एक तस्कर गिरफ्तार




*** कब्जे से कुल 20 ग्राम अवैध स्मैक बरामद**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** मालूम हो कि पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर द्वारा मादक पदार्थों / नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबन्धित दवाओं की तस्करी / बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए ठोस एवं समन्वित कार्यवाही हेतु सहारनपुर मण्डल के तीनो जनपदो में ÷ऑपरेशन सवेरा÷-÷नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर÷ अभियान चलाया जा रहा है । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन मे नशीलें पदार्थो की तस्करी की रोकथाम व नशे के कारोबार मे शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान ÷आपरेशन सवेरा÷ के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक श्री कपिल देव के कुशल नेतृत्व में थाना सदर बाजार पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान एक शातिर नशा तस्कर अभियुक्त विवेक उर्फ गौरव पुत्र सुखदेव सिंह निवासी ग्राम कुराली थाना नकुड जनपद सहारनपुर हाल निवासी टेलीफोन एक्सचेंज थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर को न्यू आवास विकास कालौनी मार्ग गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त विवेक के कब्जे से कुल 20 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना सदर बाजार पर मु0अ0सं0 535/25 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया है । अभियुक्तगण इन्सार व जाबिर उपरोक्त द्वारा मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के संबंध में FORWARD AND BACKWARD लिंको की जाँच की जा रही है। गिरफ्तार विवेक उर्फ गौरव पुत्र सुखदेव सिंह निवासी ग्राम कुराली थाना नकुड जनपद सहारनपुर हाल निवासी टेलीफोन एक्सचेंज थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर से 20 ग्राम अवैध स्मैक बरामद होने के साथ साथ इसका आपराधिक इतिहास भी है जिसमें मु0अ0सं0 535/25 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट चालानी व मु0अ0स0 531/23 धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट चालानी थाना सदर बाजार सहारनपुर शामिल हैं।

# अभियान आयोजित कर ग्रामीणों को किया जागरूक

**सहारनपुर।** आज थाना चिलकाना पुलिस द्वारा ग्राम पंचायत सलिरी में ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान एवं क्षेत्र के सम्मानित ग्रामीणों के साथ एक ग्राम चौपाल आयोजित की गई। इस चौपाल में ग्रामीणों को कानून एवं शांति-व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में जागरूक किया गया तथा गौकशी रोकथाम के प्रति शपथ दिलाई गई। सभी ग्रामीणों ने संकल्प लिया कि गांव में किसी भी प्रकार की गौकशी नहीं होने देंगे।

# पैरोल से भागने वाला हत्यारोपी दिल्ली के आनंद विहार से गिरफ्तार

**दीया शर्मा**

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** पुलिस ने रविवार को बताया कि पैरोल से फरार हुए 36 वर्षीय एक हत्या के दोषी को दिल्ली के आनंद विहार से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने एक बयान में बताया कि आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के बागपत के सूप गांव निवासी दीपक कुमार उर्फ संजय के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक .32 बोर की आधुनिक पिस्तौल और छह जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं। विशेष सूचना के आधार पर, क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर सतेंद्र खारी (आईएसएस) की टीम ने 30 सितंबर को एसीपी/आईएसएस रमेश लांबा की देखरेख में एक त्वरित और समन्वित अभियान चलाया, जिसमें सब इंस्पेक्टर अमित कुमार, संजय कुमार, एएसआई रणधीर, हेड कांस्टेबल सनोज, बृजेश, सुरेंद्र और ललित शामिल थे। इस अभियान के तहत कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। टीम ने आनंद विहार बस टर्मिनल पर निगरानी बढ़ाने और जाल बिछाने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। दिल्ली की कई अदालतों ने कुमार को उद्घोषित अपराधी (पीओ) घोषित किया है। पुलिस अपराध शाखा में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। आगे की जांच के दौरान, हथियारों और गोला-बारूद के स्रोत की तलाश में हरियाणा और उत्तर प्रदेश में छापे मारे गए। कुमार हरियाणा के रोहतक के सुखपुरा चौक में हुई एक हत्या के मामले में शामिल था, जिसमें उसे 20 साल कैद की सजा सुनाई गई थी। जब आरोपी 2023 में पैरोल पर रिहा हुआ, तो वह फरार हो गया और नांगलोई के शिवराज पार्क में रहने लगा। कुमार ने राष्ट्रीय राजधानी में एक शादी भी की थी। इससे पहले 2015 में, कुमार और उसके साथियों ने सूप गांव की नहर के पास दो लोगों की हत्या कर दी थी। बाद में, 2015 में ही, बाबा हरिदास नगर इलाके में हुए झगड़े के बाद कुमार ने अपने जेल साथी सोहनबीर की लोहे की रॉड से हत्या कर दी थी। आरोपी निहाल विहार पुलिस स्टेशन में वाहन चोरी के मामले में भी शामिल था। आरोपी दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में हत्या (चार), डकैती (दो), आर्म्स एक्ट (दो) और चोरी (एक) सहित कुल नौ मामलों में शामिल था।

## अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद के 42वें राष्ट्रीय अधिवेशन एवं अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन जनकपुरधाम नेपाल में होगा




**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** यह अत्यंत गौरव का विषय है कि अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद के 42वें राष्ट्रीय अधिवेशन एवं अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन जनकपुरधाम, नेपाल की पुण्यभूमि पर किया जा रहा है। सन 1945 में स्थापित यह परिषद प्राकृतिक चिकित्सा और पारंपरिक उपचार पद्धतियों के प्रचार-प्रसार में विगत कई दशकों से अग्रणी भूमिका निभा रही है।

इस वर्ष 11 व 12 अक्टूबर 2025 को आयोजित कार्यक्रम का विषय है – "प्राकृतिक अंतःस्रावी विज्ञान: हार्मोनल स्वास्थ्य के लिए समग्र दृष्टिकोण", जिसमें बढ़ते अंतःस्रावी विकारों के समाधान हेतु प्राकृतिक, निरापद और समग्र चिकित्सा पद्धतियों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। यह संगोष्ठी देश-विदेश के विशेषज्ञों, चिकित्सकों, शोधकताओं और स्वास्थ्य साधकों को एक साझा मंच प्रदान करेगी जहाँ वे अपने अनुभव, अनुसंधान और नवीन विचार साझा कर सकेंगे। जनकपुरधाम का चयन आयोजन स्थल के रूप में अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रतीकात्मक है। यह भूमि माता सीता की जन्मस्थली के रूप में श्रद्धा और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। यहाँ का वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा, वैदिक परंपरा और प्राकृतिक जीवन शैली से ओतप्रोत है। ऐसे पावन स्थान पर संगोष्ठी का आयोजन प्राकृतिक चिकित्सा की जड़ों को पुनः स्मरण करने और आधुनिक स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान भारतीय ज्ञान परंपरा के आलोक में खोजने का सुअवसर प्रदान करता है। हम समस्त प्रतिभागियों, विद्वानों, चिकित्सकों और प्राकृतिक स्वास्थ्य प्रेमियों का इस पावन आयोजन में हार्दिक स्वागत करते हैं।

## दी दिल्ली को ऑपरेटिव अर्बन थ्रिफ्ट एंड क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड के सदस्यों की वार्षिक बैठक संपन्न

**लिशा शर्मा**




**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** दी दिल्ली को ऑपरेटिव अर्बन थ्रिफ्ट एंड क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड के सदस्यों की वार्षिक बैठक आज शाह ऑडिटोरियम कश्मीरी गेट में संपन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व महापौर श्याम सुन्दर अग्रवाल को सोसाइटी के अध्यक्ष राम अवतार गुप्ता ने शॉल ओढाकर एवं सचिव दिवान चंद गोयल ने मां सरस्वती की प्रतिमा देकर सम्मानित किया,कार्यक्रम में सोसाइटी के लगभग 15 सौ सदस्यों ने हिस्सा लिया कार्यक्रम में सोसाइटी के सदस्यों के उन बच्चों को पूर्व महापौर श्याम सुन्दर अग्रवाल द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया जिन बच्चों के दसवीं एवं 12 वीं कक्षा में 85 प्रतिशत या इससे अधिक अंक आए है।

बैठक में सोसाइटी सचिव दिवान चंद गोयल ने इस वर्ष सभी सदस्यों को 12.5प्रतिशत लाभांश की घोषणा की एवं भावी योजनाओं की जानकारी दी। पूर्व महापौर श्याम सुन्दर अग्रवाल ने कहा सोसाइटी का 65 वर्ष का सफर सुहाना रहा सोसाइटी ने दिन प्रतिदिन तरक्की की जो संस्था 1960 में 22 सदस्यों को लेकर एक छोटे से कमरे में शुरू हुई थी आज उसके 15 हजार सदस्य है जो गर्व की बात है इसके लिए सोसाइटी का प्रत्येक सदस्य बधाई का पात्र है सदस्यों को 12.5 प्रतिशत लाभांश मिलना सोसाइटी के निरंतर विकास का प्रतीक है। आज 85 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले बच्चो को 3100 रुपए नगद,प्रशंसा पत्र दिए गए है जिससे बच्चो में नया उत्साह है जिससे अगले वर्ष हर बच्चा अधिक से अधिक मेहनत कर 85 प्रतिशत से अधिक अंक लाने का प्रयत्न करेगा।

अशोक उपाध्याय यमुना बाबा ने सभी से पौधे लगाने की अपील करते हुए कहा कि सभी बच्चे,बड़े अपने घरों से निकलते हुए एक पानी की बोतल लेकर जाए जो पौधा उन्होंने लगाया है या किसी भी पौधे में पानी जरूर डाले इससे पौधे का पोषण होगा कोई भी पौधा नहीं सूखेगा।

कार्यक्रम में उपाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता,संजीव अग्रवाल,मंजुला गुप्ता,राकेश शर्मा,पुनीत कुमार एवं रजनी अग्रवाल,परशुराम गुप्ता ने भी पुरस्कार वितरण किया। पुरस्कार पाने वाले 86 बच्चो में 12 वीं कक्षा के कृति गोयल, मयंक कुमार, आदित्य कुमार, आयुषी, अर्पित महाजन एवं 10वीं कक्षा के तन्मय गुप्ता,सक्षम गर्ग,कनक भारद्वाज, धैर्य सिंघल एवं अवनी यादव प्रमुख है।

## मुख्यमंत्री प्रजापति महाकुंभ में शामिल हुई

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता रविवार को नरेला के आदर्श रामलीला मैदान में प्रजापति (कुम्हार) महाकुंभ में सम्मिलित होकर समाज के लोगों से संवाद किया। इस अवसर पर सांसद योगेन्द्र चांदोलिया, विधायक राज करण खत्री सहित प्रजापति समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार इस समाज की सृजनशील शक्ति को सशक्त करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, प्रशिक्षण, बाजार से जुड़ाव और आधुनिक तकनीक के सहयोग से हर कुम्हार, हर कारीगर को आत्मनिर्भर बनाना हमारा संकल्प है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी और वोकल फॉर लोकल के आह्वान से प्रेरित होकर, हम दिल्ली के हर बाजार और हर घर तक स्थानीय हस्तनिर्मित वस्तुओं को प्रमोट कर रहे हैं ताकि मिट्टी के कलाकारों की मेहनत का सम्मान हो और भारत का कौशल, भारत की पहचान बने।

## बाइकों की भिड़ंत में दो युवक घायल, एक गंभीर

**नई दिल्ली।** खजूरी खास फ्लाईओवर पर रविवार देर रात दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। गलत दिशा में जा रहा एक बाइक सवार दूसरी बाइक से टकरा गया। हादसा रात करीब 11:45 बजे हुआ। सूचना के बाद पुलिस ने घायल 17 वर्षीय अरमान और 24 वर्षीय हरीश को अस्पताल पहुंचाया। अरमान की हालत नाजुक बनी हुई है। उसे रेफर कर दिया गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास और गंभीर दुर्घटना की धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## स्वामी चैतन्यानंद लड़कियों की प्रोफाइल खोजकर करता था कमेंट्स

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** स्वामी चैतन्यानंद मामले में रोज नए-नए खुलासे हो रहे हैं अब जानकारी मिली है कि बाबा अपने सोशल मीडिया अकाउंट से लड़कियों के फोटो पर कमेंट करता था। पुलिस को उनके डिजिटल उपकरणों से ऐसे चैट मिले हैं जिनमें छात्राओं से अश्लील बातचीत, निजी तस्वीरें मांगना और आपत्तिजनक संदेश शामिल हैं। एक चैट में तो दुबई के एक शख्स के लिए लड़की की व्यवस्था करने की चर्चा तक दर्ज मिली है।

स्वामी लड़कियों के प्रोफाइल को खोज-खोजकर स्क्रॉल करता था। भगवा वस्त्र धारणकर और आस्था का चोला ओढ़े इस स्वामी चैतन्यानंद का असली चेहरा अब सामने आ चुका है। कैमरे, ब्लैकमेलिंग और छात्राओं के यौन शोषण में उसकी गहरी संलिप्तता पुलिस की जांच में उजागर हुई है। धीरे-धीरे स्वामी की पोल खुल रही है। पुलिस की जांच में स्वामी चैतन्यानंद के मोबाइल से मिले चैट्स सबसे बड़ा सबूत हैं। वह छात्राओं से लगातार मैसेज कर उनसे नजदीकियां बढ़ाने की कोशिश करता था। सभी चैट्स अब पुलिस के पास ठोस सबूत के तौर पर मौजूद हैं। दिल्ली की कोर्ट में हुई सुनवाई में स्वामी चैतन्यानंद को 17 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सुनवाई के दौरान स्वामी





चैतन्यानंद के वकील ने सवाल उठाया था कि आखिर किन धाराओं के तहत न्यायिक हिरासत की मांग की जा रही है। इस पर कोर्ट ने जांच अधिकारी से साफ कहा कि क्या धारा 232 जोड़ी गई है। जांच अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता की दूसरी एफआईआर के बाद यह धारा केस में जोड़ी गई। चैतन्यानंद के वकील ने कोर्ट से आग्रह किया कि उन्हें नियमित दवाइयां उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि चैतन्यानंद सनातनी सन्यासी जीवन जीते हैं, इसलिए उन्हें सात्विक भोजन मिले जिसमें लहसुन और प्याज न हो। इसके अलावा, सनातनी धार्मिक वस्त्र पहनने और अपने साथ आध्यात्मिक सामान रखने की अनुमति भी मांगी गई है। केस डायरी पर हस्ताक्षर करवाने की भी मांग की गई, यह कहते हुए कि उनके खिलाफ साजिश रची जा रही है। कोर्ट ने इस पर कहा कि यह प्रक्रिया का सामान्य हिस्सा है और इसमें अलग आदेश की जरुरत नहीं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस जांच में सामने आया है कि संस्था से जुड़े कई छात्रों ने आरोप लगाया कि उनसे जबरन मोबाइल फोन और शैक्षणिक दस्तावेज लिए गए और विरोध करने पर निष्कासन की धमकी दी गई। पुलिस का कहना है कि स्वामी चैतन्यानंद ने पूछताछ के दौरान न तो किसी तरह का पछतावा जताया और न ही सहयोगी रवैया अपनाया। इसके साथ ही संस्था की तीन महिला कर्मचारियों को भी गिरफ्तार किया गया है, जिन पर छात्रों पर दबाव बनाने और स्वामी चैतन्यानंद की मदद करने का आरोप है। जांच में यह भी सामने आया है कि स्वामी चैतन्यानंद ने आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं को नौकरी का झांसा देकर अपने जाल में फंसाने की कोशिश की। उन पर यौन संबंध बनाने के लिए दबाव डालने के गंभीर आरोप हैं।

## आठवीं पास युवक ने नौकरी दिलाने का झांसा देकर देश भर में सैंकड़ों पढ़े लिखे लोगों को ठगा

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम जिले की साइबर थाना पुलिस ने एक शातिर ठग को गिफ्तार किया है। आरोपित आठवीं पास ने देश भर के सैंकड़ों पढ़े लिखे लोगों को एयरपोर्ट पर आकर्षक नौकरी दिलाने के नाम पर झांसा देकर ठगी की वारदात को अंजाम दिया। आरोपित दर्जनों वारदातों को अंजाम देकर अपना ठिकाना बदल लिया करता था। पकड़े गए आरोपित की पहचान मनोज के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से एक स्मार्टफोन बरामद किया है, जिसका इस्तेमाल वह वारदात में करता था।

पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने रविवार को बताया कि आरके पुरम सेक्टर 7 में रहने वाले एस सिंह ने पुलिस को अपने साथ ठगी की शिकायत दी। पीड़ित ने बताया कि उसके पास एक अज्ञात नंबर से फोन आया और फोन करने वाले ने अपना नाम मनोज बताया और पीड़ित को बीडब्ल्यूएफएस कम्पनी में 35 हजार रुपए प्रतिमाह सैलरी पर नौकरी का प्रस्ताव दिया।

पीड़ित को नौकरी की जरूरत थी, ऐसे में उसने नौकरी के लिए हां कर दी। आरोपित ने पीड़ित से 55 सौ रुपये पंजीकरण शुल्क के रूप में गूगल पे करने के लिए कहा। पीड़ित ने पैसे दे दिए। 26 जुलाई को पीड़ित के मेल पर एक पहचान पत्र और अन्य दस्तावेज आए हुए थे। पीड़ित से 15 हजार रुपये का भुगतान करने के लिए कहा गया। पीड़ित ने पैसे ट्रांसफर कर दिए। लेकिन उसके बाद मनोज का नंबर बंद हो गया। पीड़ित को ठगी का एहसास होने पर उसने पुलिस को शिकायत दी। इंस्पेक्टर प्रवेश कौशिक की टीम ने संबंधित धारा में केस दर्ज कर जांच शुरू की।

**मोबाइल से पकड़ा गया आरोपित**

पुलिस टीम ने जिस खाते में ठगी की रकम जमा की गई थी उसकी जांच की तो पता नहीं चल पाया खाता किसका था। पुलिस ने आरोपित के मोबाइल की जानकारी निकाली। तकनीकी निगरानी की मदद से पुलिस टीम ने महिपालपुर, रंगपुरी, पालम और बिजवासन के उन स्थानों पर छापेमारी की जहां मोबाइल चलाया गया था। तीन दिन तक लगातार छापेमारी के बाद पुलिस ने आरोपित मनोज को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह सोशल मीडिया से ऐसे लोगों का डाटा लेता था जो नौकरी की तलाश कर रहे होते थे। उसके बाद उन्हें संपर्क करता था। आरोपित ने बताया कि वह 20 से 25 हजार रुपये की ठगी करता था। रकम कम होने के कारण, शिकायतकर्ता अक्सर पुलिस को रिपोर्ट करने से बचते थे और इस तरह वह लोगों को ठगने में सफल हो जाता था।

## दिल्ली के शिक्षा मंत्री ने 5.5 करोड़ के विकास कार्यों का पंखा रोड क्षेत्र में किया शिलान्यास

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शिक्षा मंत्री एवं जनकपुरी के विधायक आशीष सूद ने रविवार को 5.5 करोड़ रुपये की लागत से पंखा रोड क्षेत्र के पुनर्विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इस परियोजना के अंतर्गत नई आरसीसी ड्रेन का निर्माण, ग्रिट प्लास्टर एवम आयरन ग्रिल के साथ टो वाल का निर्माण, फुटपाथ का निर्माण, सड़क के दोनों और स्ट्रीट लाइट लगाने का काम तथा सर्विस लेन में सौंदर्य करण और हरियाली के कामों के साथ-साथ पूरे क्षेत्र की सफाई, सौंदर्यीकरण और लैंडस्केपिंग के अनेक कार्यो का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में पश्चिमी दिल्ली की सांसद कमलजीत सहरावत के साथ साथ जनकपुरी के कई ब्लॉकों के आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधि, स्थानीय निवासी तथा आस पास के बाजारों के दुकानदार भी उपस्थिति रहे।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने बताया कि दशकों तक जनकपुरी के निवासियों की आवाज को अनसुना किया गया लेकिन अब बदलाव की हवा बह रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में हम दिल्ली के जनकपुरी क्षेत्र के निवासियों की न सिर्फ समस्याएं सुन रहे हैं बल्कि उनके ठोस समाधान के लिए भी दिन-रात कई स्तरों पर काम भी किया जा रहा है अब पूरे जनकपुरी में विकास की हवा बह रही है। उन्होंने बताया कि आज इसी कड़ी में जनकपुरी के पंखा रोड की में कई विकास कार्यो की शुरूआत की गई है। उन्होंने कहा की गंदगी, अव्यवस्था, नारकीय जीवन न केवल जनकपुरी बल्कि विकासपुरी, उत्तम नगर, नजफगढ़ और नांगलोई तक के लोगों के लिए एक बड़ी समस्या और चुनोती बन गई थी। यहां से निकलते हुए लोगों को गंदगी, कूड़े, जलभराव, आवारा पशुओं के कारण दुर्घटना होने और टूटे रोड का सामना करना पड़ता था। उन्होंने यह भी कहा की दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में सरकार ने इस समस्या का स्वतः संज्ञान लेते हुए इस पूरे क्षेत्र को आज से स्वच्छ और सुंदर बनाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जिसके सुखद परिणाम जल्द ही यहां के निवासियों को देखने को मिलेंगे। साथ ही यहाँ के निवासियों को वर्षों पुरानी समस्याओं से भी मुक्ति मिलेगी।

मंत्री सूद ने कहा कि हम क्षेत्र की जनता और आरडब्ल्यूए के सहयोग से इस क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। हमारा संकल्प है कि इस क्षेत्र के एक-एक हिस्से को साफ-सुथरा और आकर्षक बनाया जाए ताकि लोग गर्व से कह सके की हम एक विकसित क्षेत्र के निवासी है। उन्होंने भ्रामक प्रचार करने वाले लोगों पर निशाना साधते हुए कहा कि 10 साल में यहां के पिछले विधायक ने जनकपुरी क्षेत्र में विकास का कोई भी काम नहीं किया इसके कारण यह क्षेत्र दिल्ली के अन्य क्षेत्रों से पीछे हो गया। वही लोग झूठे नैरेटिव फैलाकर इस क्षेत्र की जनता को भ्रमित करने और अराजकता फैलाने की कोशिश कर हैं। जब वह लोग हार को जीत में नहीं बदल पाते तो अफवाहों और डर का माहौल बनाते हैं।

## दिल्ली-एनसीआर में निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने दिखाई हरी झंडी




**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में स्वास्थ्य आपातकाल के दौरान समय पर चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, आकाश हेल्थकेयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने एक बड़ी पहल की है। अस्पताल ने उच्च तकनीक से सुसज्जित 10 मुफ्त एम्बुलेंस सेवाओं का शुभारंभ किया है। इस पहल को "आकाश कम्युनिटी लाइफ सेवर्स (एसीएलएस)" नाम दिया गया है, जिसका लक्ष्य जरूरतमंद लोगों को चौबीसों घंटे, तेज और प्रभावी आपातकालीन चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराना है। इस महत्वपूर्ण सेवा की शुरूआत दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर की।

**अत्याधुनिक उपकरणों से लैस एम्बुलेंस**

एसीएलएस पहल के तहत शुरू की गई प्रत्येक एम्बुलेंस को अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों से लैस किया गया है। इनमें कार्डियक मॉनिटर, डिफिब्रिलेटर, वेंटिलेटर, सक्शन मशीन, इन्फ्यूजन पंप, ग्लूकोमीटर, पोर्टेबल ऑक्सीजन सिलेंडर, व्हीलचेयर, स्कूप स्ट्रेचर और स्पाइन बोर्ड जैसे जीवन रक्षक उपकरण शामिल हैं। इन वाहनों में सभी आवश्यक आपातकालीन दवाएँ और प्रशिक्षित पैरामेडिक स्टाफ भी मौजूद रहेगा। यह व्यवस्था सुनिश्चित करेगी कि मरीजों को तत्काल प्राथमिक उपचार मिल सके और उन्हें सुरक्षित रूप से अस्पताल तक पहुँचाया जा सके। सेवा को अधिक प्रभावी बनाने के लिए, सभी एम्बुलेंस एआई इंटीग्रेटेड, जीपीआरएस ट्रैकिंग सिस्टम और सीसीटीवी कैमरा से लैस हैं। यह तकनीक रियल टाइम मॉनिटरिंग और त्वरित प्रतिक्रिया में सहायक होगी। यह निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा टोल-फ्री नंबर 1800-303-8888 पर चौबीसों घंटे उपलब्ध है।

**गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति और प्रशंसा**

इस महत्वपूर्ण पहल का शुभारंभ समारोह मुख्य अतिथि दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह और रॉबिन हिबू (आईपीएस), स्पेशल सीपी/पीटीएसडी, दिल्ली पुलिस की विशेष उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में आकाश हेल्थकेयर समूह के संस्थापक डॉ. जे.सी. चौधरी भी विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, "जब निजी क्षेत्र खुले दिल से लोगों की मदद के लिए आगे आता है, तो इससे यह पता चलता है कि देश सुरक्षित है और उसका ध्यान रखा जा रहा है।

मैं आकाश हेल्थकेयर और विशेष रूप से डॉ. आशीष चौधरी को इस सराहनीय पहल और समाज के लिए शुरू की गई इस सेवा के लिए बधाई देता हूँ।"

आकाश हेल्थकेयर के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. आशीष चौधरी ने सेवा के महत्व पर जोर देते हुए कहा, "सच्ची स्वास्थ्य सेवा वहीं से शुरू होती है, जब किसी को मदद की जरूरत होती है, न कि सिर्फ तब जब वह अस्पताल पहुँचता है। इस फ्री एम्बुलेंस सेवा के जरिए हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि जरूरी देखभाल समय पर हर व्यक्ति तक पहुँचे, क्योंकि किसी की जिंदगी बचाने के लिए हर सेकंड मायने रखता है।"

**समाचार**

## महिला को डिजिटल अरेस्ट कर दो लाख रुपये ठगे

**नई दिल्ली।** साइबर ठगों ने एक महिला को डिजिटल अरेस्ट कर दो लाख रुपये ठग लिए। इस दौरान आरोपियों ने वीडियो कॉल पर पुलिस बुलाने और कोर्ट लगाने का नाटक भी किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित महिला ओम भाटिया अपने परिवार के साथ मोती नगर में रहती है। पुलिस को दी शिकायत में उसने बताया कि 10 जुलाई को व्हाट्सऐप पर एक अज्ञात नंबर से वीडियो कॉल आया। कॉल करने वाले ने बताया कि आपके केनरा बैंक अकाउंट में नरेश गोयल नाम के व्यक्ति का पैसा आया है, जो उसने धोखाधड़ी से कमाया है। आप पर केस होगा और पांच साल की सजा होगी। पीड़िता ने बताया कि इसी दौरान पुलिस की वर्दी में एक शख्स वीडियो कॉल पर आया और उसने धमकाते हुए पूछताछ शुरू कर दी। आरोपियों ने महिला से उनके अकाउंट, घर में मौजूद पैसे और सोने तक की जानकारी ले ली। इसके बाद आरोपियों ने बताया कि आपको एक वकील दिया जाएगा और वीडियो कॉल पर ही आपको कोर्ट में पेश किया जाएगा। इसके बाद वीडियो कॉल पर एक वकील आया और उसने महिला से कई सवाल पूछे। वकील ने महिला को समझाया कि बचने के लिए वह पुलिस वालों से सहयोग करें और उनकी बात मान ले, नहीं तो उसे जेल जाना पड़ सकता है। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने पीड़िता से बैंक अकाउंट में मौजूद पैसों को उनके बताए गए अकाउंट में ट्रांसफर करने के लिए कहा। पीड़ित ने 11 जुलाई को बैंक जाकर चेक के जरिए पैसा आरोपियों के बताए अकाउंट में ट्रांसफर कर दिया। पैसा मिलने के बाद आरोपियों ने महिला को धमकाया और उनसे की गई बातचीत को डिलीट करने के लिए कहकर फोन काट दिया। पीड़िता ने 11 जुलाई को ही शाम को फोन कटने के बाद अपने परिजनों को वारदात के बारे में बताया। इसके बाद पुलिस से शिकायत की गई।

## कीर्तन से लौट रहे परिवार पर हमला, तीन घायल

**नई दिल्ली।** करावल नगर स्थित दयावती पार्किंग के पास कीर्तन के बाद घर लौट रहे परिवार पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। घायलों को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना 28 सितंबर की है। घायल ममता देवी ने पुलिस को बताया कि कुछ लोगों ने उनकी कार रोककर मारपीट की। इस दौरान तीन लोग घायल हो गए। घायलों में ममता के अलावा रामदत्त और श्याम शामिल हैं। पुलिस ने मामले में आरोपी विष्णु और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज करके आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## कांग्रेस के हस्ताक्षर अभियान को मिल रहा समर्थन : देवेंद्र यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली कांग्रेस ने रविवार को आरोप लगाया कि मतदाता सूची में गड़बड़ी करके लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने की साजिश रची जा रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि कांग्रेस इसको कामयाब नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि राजधानी में चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान को जनता से अच्छा रुझान मिल रहा है। कांग्रेस की सभी जिला कांग्रेस कमेटियों में एक से चार अक्तूबर के बीच आयोजित मासिक बैठक में मतदाता सूची के मुद्दे पर गंभीर चर्चा की गई। इसके बाद अब जागरूकता अभियान व हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की गई है।

## स्कूल के सहपाठी ने एमबीबीएस छात्रा से दुष्कर्म कर ब्लैकमेल किया

**नई दिल्ली।** राजधानी में इंस्टाग्राम के जरिए पुरानी पहचान का हवाला देकर एक एमबीबीएस छात्रा से दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर आदर्श नगर थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी अमनदीप फिलहाल फरार है। हरियाणा के हिसार की रहने वाली पीड़िता दिल्ली के एक मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस प्रथम वर्ष की छात्रा है। उसने बताया कि करीब छह माह पहले इंस्टाग्राम पर अमनदीप से संपर्क हुआ। दोनों हिसार के एक स्कूल में करीब दस साल साथ पढ़े थे। पुरानी पहचान के चलते दोनों में फोन पर बातचीत शुरू हो गई। पीड़िता के अनुसार, अमनदीप इस समय मुखर्जी नगर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। आरोप है कि उसने 9 सितंबर को छात्रा को जीटीबी नगर मेट्रो स्टेशन बुलाया। वहां कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर उसे पिलाया और आजादपुर स्थित एक होटल में ले गया। आरोपी ने छात्रा की आईडी पर कमरा लेकर उसे जबरन शराब पिलाई और दुष्कर्म किया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने इस दौरान वीडियो और फोटो भी बना लिए और बाद में इन्हीं के जरिए लगातार ब्लैकमेल करने लगा। आरोपी उसे हिसार और दिल्ली में अलग-अलग होटलों में बुलाकर जबरन संबंध बनाता रहा। मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना से परेशान होकर छात्रा ने गुरुवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर एसआई दीपिका की अगुवाई में आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## एयरपोर्ट से दवा तस्कर को दबोचा

**नई दिल्ली।** दिल्ली हवाईअड्डे पर जीवन रक्षक दवाओं की तस्करी करने वाले एक शख्स को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के पास से 42 लाख रुपये से ज्यादा कीमत की दवाएं बरामद की गई हैं। रविवार को हवाईअड्डे के टर्मिनल तीन पर तैनात सीआईएसएफ कर्मचारियों को एक यात्री के हाव-भाव पर संदेह हुआ। इस पर आरोपी के सामान की स्कैनिंग मशीन से जांच की गई, तो कुछ असामान्य तस्वीरें नजर आईं। इसके बाद सीमा शुल्क अधिकारियों की मौजूदगी में आरोपी के बैंग की जांच की गई, तो उसमें विभिन्न प्रकार की जीवन रक्षक दवाएं, इंजेक्शन, स्टेंट आदि बरामद हुए। बरामद दवाओं की कीमत 42.89 लाख के लगभग आंकी गई है।

## दिल्ली पुलिस ने हरियाणा से सेक्सटॉर्शन' रैकेट के आरोप में व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने सेक्सटॉर्शन' रैकेट के आरोप में हरियाणा से 26 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। रविवार को एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। गिरफ्तार व्यक्ति पर आरोप है कि उसने एक व्यक्ति को उसका वीडियो ऑनलाइन अपलोड करने की धमकी देकर उसे 39 हजार रुपये अंतरित करने के लिए मजबूर किया। पुलिस के अनुसार, पांच जून को शिकायतकर्ता को एक अज्ञात महिला ने वीडियो कॉल' की और इसके तुरंत बाद वीडियो कॉल' काट दी। पुलिस उपायुक्त (बाह्य उत्तरी) हरेश्वर स्वामी ने कहा, इसके तुरंत बाद पीड़ित को एक मोबाइल नंबर से फोन किया गया और फोन करने वाले ने खुद को साइबर पुलिस अधिकारी बताते हुए कहा कि उसका एक अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया जाएगा।" अधिकारी ने बताया कि इसके बाद फोन करने वाले ने पीड़ित की बात एक अन्य व्यक्ति से करवाई जिसने खुद को सोशल मीडिया मंच का एक कर्मचारी बताया और वीडियो हटाने के लिए पैसे की मांग की।

### आवश्यक सूचना



आप सभी को सादर अवगत कराना है कि लक्ष्मण पुत्र श्री राजकुमार निवासी ग्राम बाजिदपुर थाना सैक्टर-63 नोएडा गौतमबुद्धनगर उम्र 18 वर्ष हुलिया आँख व कान औसत, नाक लम्बी, रंग गेहुंआ कद करीब 5 फीट कपड़े हॉफ टी-शर्ट चॉकलेटी रंग, काले रंग की पेन्ट व लाल रंग की हवाई चप्पल पहने है। दिनांक 01.07.2025 को शाम के समय बिना बताये घर से कहीं चला गया है जिसके संबंध में दिनांक 03.07.2025 को थाना सेक्टर-63 सैन्ट्रल नोएडा, गौतमबुद्धनगर पर जीडी सं 66 समय 18:34 बजे पर गुमशुदगी दर्ज है, काफी प्रयास करने पर भी गुमशुदा लक्ष्मण के विषय में वर्तमान समय तक कोई जानकारी नहीं मिल सकी है, गुमशुदा लक्ष्मण के विषय में कोई भी सूचना होने पर कृपया थाना सेक्टर- 63 सैन्ट्रल नोएडा गौतमबुद्धनगर या निम्नलिखित मोबाइल नम्बरो पर सूचना देने का कष्ट करें। सूचना देने वाले का नाम व पहचान गोपनीय रखते हुये उचित ईनाम दिया जायेगा।

(अवधेश प्रताप सिंह)
प्रभारी निरीक्षक
थाना सै0 63 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर
मो0नं0 885106651
दि० 29/09/025

(मनोज कुमार।
उ०नि०
थाना सै० 63 नोएडा
जिला गौतमबुद्धनगर
मो0नं0 6388119848

# संघ के शताब्दी वर्ष एवं श्री विजयदशमी उत्सव को लेकर पथ संचलन का आयोजन किया



**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह, अनिल मोहनियां।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ( आरएसएस) नूंह नगर द्वारा राष्ट्रीय स्वंयसेवी संघ के शताब्दी वर्ष एवं श्री विजयदशमी उत्सव को लेकर रविवार सांय को पथ संचलन धूमधाम से निकाला गया। नूंह खण्ड के सैंकड़ों स्वंयसेवको ने पूर्ण गणवेश में घोष की धुन पर नगर परिक्रमा की। हिन्दु विदया निकेतन स्कूल से इसका शुभारंभ हुआ और समापन भी स्कूल में हुआ तथा इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर छोटे -छोटे बच्चों, युवा, अधेड़, बुजुर्ग संचलन करते हुए शहर से निकलते वक्त उन पर पुष्प वर्षा की गई। महिलाओं ने भी उनका पुष्प वर्षा से स्वागत किया। विभाग कार्यवाह गुरुग्राम विभाग ब्रिजेश कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ केवल एक संगठन नही अपितु अनुशासन, देशभक्ति एवं भारतीय संस्कृति का प्रतीक है।

राष्ट्रवाद की नींव पर खडा यह वटवृक्ष अपने विचारों और मूल्यों से देश के युवाओं को निःस्वार्थ भाव से देश सेवा के प्रति प्रेरित कर उनके व्यक्तित्व व चरित्र का निर्माण कर रहा है। गत 100 वर्षों से संघ का हर स्वयंसेवक भारत को विश्व गुरू बनाने और उसका गौरव पुनः स्थापित करने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि संघ ने देश में परिवर्तन के लिए पांच बिंदु मुख्य रूप से उठाए है सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, नागरिक कर्तव्य, स्वदेशी विषयों पर संघ ने व्यापक अभियान चलाया है, पांचों विषय आज देश के विकास के लिए अनिवार्य हैइस निमित अपने नूंह नगर का विजयदशवी व शस्त्र पूजन का कार्यकम के तहत आज हुए बेहतर कार्यक्रम के लिए सभी स्वंयसेवक बधाई, हर्ष के पात्र है।

# कामधेनु संस्थान व ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के तत्वाधान में नेत्र जांच व सम्मान समारोह आयोजित

● न्यायाधीश अरुण सिंघल ने कामधेनु गोधाम में किया निःशुल्क नेत्र जांच एवं उपचार शिविर का उद्घाटन

**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** कामधेनु गोधाम में निःशुल्क नेत्र जांच एवं उपचार शिविर तथा मासिक हवन का आयोजन किया गया । इस अवसर पर गोधाम में आशीर्वचन महंत श्री मुनिराज जी महाराज, ब्रजधाम सिद्ध पीठ, एवं महामन्त्री, गौरक्षा कल्याण परिषद् और बतौर मुख्य अतिथि न्यायाधीश अरुण सिंघल, जिला एवं सत्र न्यायाधीश (सेवानिवृत) एवं न्यायिक सदस्य, जीएसटी अपीलीय ट्रिब्यूनल व गरिमामयी उपस्थिति हरियाणा के पूर्व डी.जी.पी सेवानिवृत्त आई.पी.एस यशपाल सिंघल, ब्रह्म दत्त, अतिरिक्त सचिव (से.नि.), वर्तमान निजी सचिव केन्द्रीय मन्त्री, राव इन्द्रजीत सिंह तथा अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (सेवानिवृत) न्यायाधीश राजेश गर्ग , बतौर विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद् समाजशास्त्री दार्शनिक प्रोफेसर एमपी सिंह तथा ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरीश चन्द्र शर्मा तथा हरियाणा राज्य और देश के अनेक महानुभव उपस्थित रहे ।हवन से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया । हवन का संचालन आदर्श गर्ग ने किया । हवन प्रथा के अनुसार अक्टूबर मास में जिन लोगों के जन्मदिवस, शादी की वर्षगांठ एवं पुण्यतिथि थी, उनके नाम से अग्नि देव को आहुति अर्पित की गई तथा समस्त मानव जाति के हित में सुख-शांति के लिए प्रार्थना



की गई। स्वागत कार्यक्रम में महंत श्री मुनिराज जी महाराज का स्वागत अध्यक्षा शशि गुप्ता तथा दीपक जैन ने, अरुण सिंघल का स्वागत ऊषा गर्ग तथा पुरेन्द्र गोयल ने, ब्रह्म दत्त का पायल गुप्ता तथा सुनील जांगड़ा ने, यशपाल सिंघल का आदर्श गर्ग तथा ओमप्रकाश चौहान ने, राजेश गर्ग का डॉ. बिनीत सिंह तथा कैप्टन रमेश चन्द्र ने, प्रोफेसर एमपी सिंह का रुचिर गुप्ता तथा तेजपाल बिस्सर ने, गिरीश चन्द्र शर्मा का आशा विष्णु भगवान तथा गौरीश ने तुलसी का पौधा,कामधेनु स्मृति चिन्ह एवं पटका भेंट करके किया।मुख्य अतिथि न्यायाधीश अरुण सिंघल ने निःशुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन किया। डॉ. एस पी गुप्ता ने सभी गणमान्य अतिथियों का परिचय दिया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश गर्ग ने डॉ. एस.पी.गुप्ता के कार्यों की प्रशंसा करते हुए स्वच्छता और स्वास्थ्य पर गौ माता के महत्व पर प्रकाश डाला । मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरुण सिंघल ने अपने वक्तव्य में बताया कि वर्ष 2016 में उनकी नियुक्ति नूँह में हुई थी तब उन्हें आरोग्य संस्थान की जानकारी हुई । तब से वे नियमित गोसेवा हेतु यहाँ आते रहते हैं । उन्होंने एक ही शहर से होने के नाते अध्यक्षा शशि गुप्ता को बड़ी बहन कहकर संबोधित किया तथा उनकी गोसेवा तथा समाजसेवा के प्रति इस लगन को सराहा । उन्होंने वर्तमान में हो रहे अपराधों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया । ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील कुमार जांगड़ा, सलाहकार बिजेन्द्र सिंह फौजदार, सचिव गौरीश तथा सक्रिय सदस्य आदर्श गर्ग द्वारा लायंस क्लब तावडू के अध्यक्ष आनन्द अग्रवाल, दिल्ली के वरिष्ठ समाजसेवी महेन्द्र प्रसाद गुप्ता, फरीदाबाद के फीवा महासचिव सरदार गुरमात सिंह देओल,ए एंड बी प्रापर्टीज फरीदाबाद के निदेशक अंकित मलिक तथा फरीदाबाद के फीवा अध्यक्ष आकाश गुप्ता को सेवा सुरक्षा सम्मान प्रदान किया गया ।कामधेनु आरोग्य संस्थान के संस्थापक डॉ. एसपी गुप्ता आईएएस के द्वारा गुलदस्ता देखकर सभी का सम्मान किया गया तथा ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील कुमार के द्वारा धन्यवाद किया गया।

# निजी खरीद एजेंसियों द्वारा एक साज़िश के तहत किसानों का जमकर किया जा रहा है शोषण

● धान खरीद घोटाले में मार्केट कमेटी अधिकारी मंडी के आढ़तियों व राइस मिल मालिकों की अहम भूमिका



**उत्तम भारत संवाददाता होडल, रतन सिंह।** होडल उपमंडल की अनाज मंडियों में मार्केट कमेटी के अधिकारियों कर्मचारियों और निजी खरीद एजेंसियों द्वारा एक साज़िश के तहत किसानों का जमकर शोषण किया जा रहा है। किसानों की फसल में नमी व सरकारी खरीद शुरू नहीं होने के नाम पर किसानों की फसलें औने-पौने दामों में खरीद कर किसानों को चूना लगाया जा रहा है। आढ़तियों और राइस मिल मालिकों द्वारा निजी खरीद कर उसी फसल को सरकारी कट्टों में भरकर मोटा मुनाफा कमाया जा रहा है। किसानों को इतना की फसलों में गुणवत्ता की कमी दिखाकर क ई दिनों तक किसानों को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर उसे अपनी फसल औने-पौने दामों में बेचने को मजबूर किया जा रहा है।होडल मार्केट कमेटी अधिकारी एवं निजी खरीद एजेंसियों द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी के आदेशों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। आपको बता दें कि होडल के आसपास की क्षेत्रों में अनाज मंडी में बैठे आढ़तियों द्वारा ही राइस मिल स्थापित किए गए हैं। इन राइस मिल मालिकों और आढ़तियों ने किसानों को गुमराह करने का नायाब तरीका अपनाया है। स्वयं किसानों की फसलें कम दामों में खरीदकर सरकार को बेच रहे हैं। किसान लाचार और बेबस नजर आ रहे हैं।

आढ़तियों और राइस मिल मालिकों द्वारा अंदर अनाज मंडी में किसानों का धान औने-पौने दामों में खरीद रहे हैं और बाबरी मोड़ पर स्थित 99 एकड़ वाली मंडी में लाकर सरकारी कट्टों में भरकर मोटा मुनाफा वसूल रहे हैं।दिन ढलने के बाद राइस मिल मालिकों का खेल शुरू होता है और रात को मंडी साफ कर दी जाती है।

माल किसानों का और मुनाफा गोरी राइस मिल मालिकों द्वारा किया जा रहा है। सरकार अगर मामले की जांच शुरू करें तो एक बहुत बड़ा घोटाला उजागर हो सकता है। दो वर्ष पहले हुए घोटाला की जांच अभी चल रही हैं। सीएम फ्लाइंग की जांच का मामला शांत भी नहीं हुआ कि अब नए घोटाले का अध्याय लिखा जा रहा है। धान खरीद घोटाले के मामले में मार्केट कमेटी अधिकारी लीपा पोती करने में जुटे हुए हैं।

# नूंह साइबर पुलिस की बड़ी कार्रवाई: दो साइबर अपराधी गिरफ्तार, पूर्व आरोपियों को दिलाई शपथ

**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** नूंह जिला की साइबर क्राइम पुलिस ने एक बार फिर साइबर अपराध के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए दो संदिग्ध अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार इन गिरफ्तारियों से जुड़े मुकदमे थाना साइबर क्राइम नूंह में दर्ज किए गए हैं, जिनमें लाखों रुपये की ऑनलाइन ठगी और फर्जी सिम-बैंक खातों का इस्तेमाल शामिल है। इसके अलावा, साइबर थाना पुलिस ने जागरूकता अभियान के तहत कुछ पूर्व साइबर अपराधियों को सामूहिक शपथ दिलाई है, जिसमें उन्होंने वादा किया कि वे भविष्य में कभी साइबर अपराध नहीं करेंगे। यदि वे ऐसा करते पाए गए, तो उन्हें सरकारी सेवाओं से वंचित किया जा सकता है, जैसे कि ड्राइविंग लाइसेंस जारी न करना। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गत चार जुलाई को साइबर थाना पुलिस ने दीपक निवासी तावडू की शिकायत पर एक मुकदमा दर्ज किया था। जिसके अंतर्गत सुरेंद्र कुमार मीणा पुत्र निवासी ग्राम कुकडेला मीणों श्यामसागर की ढाणी थाना विराटनगर, जिला कोटपुतली-बहरोड़, राजस्थान को गिरफ्तार किया गया है।

शिकायतकर्ता ने शिकायत दर्ज कराई थी कि टेलीग्राम आईडी के माध्यम से उसे घर बैठे काम का लालच देकर वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कराया गया और विभिन्न बैंक खातों में कुल लगभग 56 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए गए।

पुलिस जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) गठित की गई, जिसमें तकनीकी साक्ष्य, बैंक रिकॉर्ड और डिजिटल फुटप्रिंट के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया और पुलिस हिरासत रिमांड के दौरान अतिरिक्त जानकारी दी।जांच में सह-अपराधियों की तलाश और तकनीकी डाटा प्राप्त करना बाकी है। जबकि दूसरे केस में फर्जी फेसबुक पेज और बैंक खातों से ठगी का आरोप है। आरोपी ने अपराध स्वीकार किया,जांच में अन्य सह-अपराधी भी शामिल हैं, जिनकी पहले गिरफ्तारी हो चुकी है।

## समाचार

# रोडवेज रिटायर्ड कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर में किया सरकार को विरोध में धरना प्रदर्शन

**उत्तम भारत संवाददाता, होडल।** हरियाणा राज्य परिवहन रिटायर कर्मचारी यूनियन ने होडल बस अड्डा परिसर में अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। कर्मचारीयों ने प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ



जमकर नारेबाजी की। रिटायर्ड कर्मचारी संगठन संयुक्त मोर्चा के जिला प्रधान जवाहर सिंह रावत ने बताया कि हमारी कुछ मांगे हैं जिसे लेकर आज हमारे जिले के रिटायर कर्मचारियों ने बैठक की। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि जब तक सरकार हमारी मांगे स्वीकार नहीं कर लेती है हम सरकार के खिलाफ समय समय पर सभी डिपुओं पर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते रहेंगे।उन्होंने बताया कि जब कर्मचारी 50-60 साल की उम्र के बाद रिटायर होता है तो कई प्रकार की बीमारियों का शिकार हो जाते हैं। रिटायर्ड कर्मचारियों के स्वास्थ्य की दृष्टि से सरकार द्वारा रिटायर्ड कर्मचारियों को कैशलेस मेडिकल सुविधा दी जाए जो कि हमारे मुख्य मांग है और पुरानी पेंशन बहाल की जाए कोरोना काल में 18 महीने की एरियर दिया जाए और इसके साथ-साथ मेडिकल भत्ता 1000 से बढ़कर 3000 किया जाए हम सरकार से मांग करते हैं कि हमारी मांगों को पूरा किया जाएउन्होंने कहा कि यदि सरकार ने हमारी मांगों पर गौर नहीं किया तो सरकार के विरोध में धरना प्रदर्शन और तेज किया जाएगा।

# फसल अवशेष का प्रबंधन करने वाले किसानों को मिलेगी प्रति एकड़ 1200 रुपए की प्रोत्साहन राशि

**उत्तम भारत संवाददाता, पलवल।** उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया कि जिला पलवल के होडल, हथीन, हसनपुर व पलवल खंडों के विभिन्न गांवों में फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर जागरूकता अभियान आयोजित किए जा रहे हैं। इन जागरूकता अभियान के माध्यम से कर्मचारियों द्वारा किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों जैसे बेलर मशीन, सुपर सीडर, मल्चर मशीन और चॉपर का उपयोग कर फसल अवशेषों का सही प्रबंधन करने के तरीके बताए जा रहे हैं। इन यंत्रों का प्रयोग करने से मिट्टी की उर्वरता और पर्यावरण की गुणवत्ता बनी रहती है। कृषि विभाग के अधिकारी ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उन्हें पराली ने जलाने की अपेक्षा उसका प्रबंधन करने के लिए निरंतर जागरूक कर रहे हैं। कृषि अधिकारी कृषकों को जागरूक करते हुए बता रहे हैं कि जो किसान फसल अवशेष जलाते पाए गए उन पर 5 हजार से 30 हजार रुपए तक का जुमार्ना और एफ.आई.आर. दर्ज होगी। साथ ही मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर रेड एंट्री भी दर्ज की जाएगी, जिससे किसान 2 सीजन तक अपनी फसल एम.एस.पी. पर नहीं बेच पाएगा। उन्होंने बताया कि फसल अवशेष का प्रबंधन करने वाले किसानों को प्रति एकड़ 1200 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग पलवल के उपनिदेशक डा. बाबूलाल ने फसल अवशेष प्रबंधन के लाभ बताए। उन्होंने कहा कि इससे मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है, पोषक तत्वों का भंडार मजबूत होता है, जल धारण क्षमता बेहतर होती है, जैव विविधता बढ़ती है और पर्यावरण संतुलित रहता है। जागरूकता अभियान में संबंधित खंड के कृषि विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। उन्होंने किसानों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे पर्यावरण की सुरक्षा व खेतों की उर्वरता के लिए फसल अवशेष प्रबंधन को अपनाएं। इसी मुहीम के तहत गांवों में किसानों के साथ-साथ विद्यालय स्तर पर रैली के माध्यम से बच्चों को पर्यावरण प्रदूषण के बारे में जागरूक करते हुए शपथ दिलाई जा रही है, ताकि वह अपने परिवारजनों को इस संबंध में जागरूक कर सकें।

इसी क्रम में संबंधित खंड के कृषि अधिकारी, कृषि विकास अधिकारी, खंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक, कृषि पर्यवेक्षकों के साथ मिलकर खेतों में बेलर व सुपर सीडर की उपयोगिता के विषय में जानकारी दे रहे हैं, ताकि किसान आगजनी न कर अपनी फसलों का इन-सीटू अथवा एक्स-सीटू के माध्यम से प्रबंधन करे।

# महर्षि वाल्मीकि जयंती का आयोजन आज ,बाल भवन पलवल में

**उत्तम भारत संवाददाता, पलवल।** ज्ञान, सत्य और धर्म के प्रतीक महर्षि वाल्मीकि जयंती का भव्य आयोजन आज स्थानीय बाल भवन पलवल में दोपहर 01 बजे किया जाएगा। जिला स्तर पर आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में खेल, युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता और कानून विधायी राज्य मंत्री गौरव गौतम मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे तथा वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ करेंगे।जिला स्तरीय महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिसमें विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं कविताएं, भजन, भाषण एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। साथ ही महर्षि वाल्मीकि के जीवन, आदर्शों एवं उनके द्वारा समाज को दिए गए अमूल्य संदेशों पर भी प्रकाश डाला जाएगा। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह को सफल बनाएं और उनके जीवन मूल्यों को आत्मसात करें।

# स्वदेशी को अपनाकर हमें आत्मनिर्भर बनना होगा : नरेश चौधरी



**उत्तम भारत संवाददाता, हथीन, सुरेंद्र तेवतिया।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा हथीन क्षेत्र में शताब्दी वर्ष के निमित्त रविवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम में शस्त्र पूजन और पथ संचलन की शुरूआत की गई है। पूर्ण गणवेश में कार्यकताओं ने घोष और वाद्य यंत्रों के साथ पथ संचलन निकाला, जिसमें बच्चों से लेकर युवा, मातृशक्ति और बुजुर्ग शामिल रहे। गहलब मंडल में आयोजित शताब्दी वर्ष का कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लेक्चरर हरेंद्र सहरावत और मुख्य वक्ता सह जिला कार्यवाह नवीन रहे। मुख्य अतिथि हरेंद्र सहरावत ने ने संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने की सभी को शुभकामनाएं दी। संघ की 100 वर्षों की यात्रा अखंड रही है। परिस्थितियां बदलती रही लेकिन कार्य अनवरत चलता रहा। उन्होंने कहा कि विदेशी शक्तियां भारत को झुकाना चाहती हैं इसके लिए हमें स्वदेशी को अपनाना होगा और आत्मनिर्भर बनना होगा। राष्ट्र को परम वैभव पर ले जाने के लिए हम सब मिलजुल कर कार्य करें। संघ ने जितना कार्य समाज, राष्ट्र और उसके निर्माण में किया है, उसके लिए इसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे हमारी आयु बढ़ती है हमें और अच्छे के लिए प्रयास करने चाहिए। समाज में कोई ऊंचा नीचा या छोटा बड़ा नहीं है। इस भावना को जब हम लेकर चलेंगे तो देश और समाज भी आगे बढ़ेगा।हथीन मंडल में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचीन सिद्धपीठ शिव मंदिर कुंडा धाम हथीन के पीठाधीश्वर अमरदास महाराज, मुख्य अतिथि नरेश चौधरी, मुख्य वक्ता सह प्रांत बौद्धिक शिक्षण प्रमुख ऋषिपाल रहे। मुख्य अतिथि नरेश चौधरी ने कहा कि हम सभी संघ की राष्ट्रवादी विचार धारा को आगे बढाकर भारत को विश्व गुरु बनाने की दिशा में कदम बढ़ाते रहेंगे। अमरदास महाराज ने कहा कि जब तक आपके जीवन में सेवा रूप सद्गुण स्थापित नहीं होगा, तब तक आप स्वयं सेवक कहलाने के अधिकारी नहीं होंगे। जीवन में सेवा का भाव ही लेकर चलें तब ही सच्चे और स्वयं सेवक कहला सकेंगे। मुख्य वक्ता ऋषिपाल ने सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण जागरण, स्वदेशी व स्वाभलंभन तथा नागरिक कर्तव्य के बारे में बताया।मंढनाका मंडल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जिला बौद्धिक प्रमुख गणेश कुमार रहे। उन्होंने कहा कि संघ ने अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने तक देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने में योगदान दिया।

# हर घर रक्तदाता अभियान , गांव सौंध में लगाया स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

**उत्तम भारत संवाददाता, पलवल, सुखदेव तेवतिया।** रक्तदान पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज एवं जिला रेडक्रॉश सोसायटी पलवल के तत्वाधान में गांव सौंध में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया जिसमें कुल 55 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष चौधरी चरण सिंह तेवतिया, यशवीर सौरोत एवं मनोज पहलवान सौंध ने रक्तदाताओं एवं आयोजकों का हौंसला बढ़ाया।इस अवसर पर



चौधरी चरण सिंह तेवतिया ने बताया कि एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है। यह एक ऐसा महान कार्य है जो न केवल मानवीय पीड़ा को कम करता है बल्कि समाज में करुणा और नागरिक जिम्मेदारियों को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि यह रक्तदान न केवल जरूरतमंद लोगों के जीवन को बचाने में सहायक होगा बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को सशक्त करेगा। ऐसे प्रयास भविष्य में भी किए जाने चाहिए। इससे लोगों को सामाजिक कार्य की प्रेरणा मिलती है। इस मौके पर पार्षद लखन बघेल, नेपाल सिंह सौरोत, मास्टर रवींद्र एवं हरकेश सौरोत सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने इस कार्यक्रम में सहयोग देने वाले सभी रक्तदाताओं और सामाजिक लोगों का आभार व्यक्त किया।

# हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ ने मनाया स्थापना दिवस



**उत्तम भारत संवाददाता, हथीन।** रविवार को हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ यूनियन ने अपना 58वा स्थापना दिवस मनाया।स्थापना दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रधान राहिल खान ने जबकि संचालन सचिव मनीराम तेवतिया ने किया।इस दौरान दिवंगत कर्मचारी साथियों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर कर्मचारियों को संबोधित करते हुए राज्य उप प्रधान रमेश डागर एवं राहिल खान ने बताया कि हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ की स्थापना 5 अक्टूबर 1967 को हुई थी। संगठन ने अपनी ईमानदारी एवं कर्तव्य निष्ठा से कर्मचारियों के हित में हमेशा काम किया है। संगठन लगातार कच्चे कर्मचारियों के नियमितिकरण, जॉब सिक्योरिटी, जल कर्मियों को कौशल रोजगार निगम में शामिल करने, पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने, सातवें वेतन आयोग के अनुसार भत्तों में वृद्धि करने आदि मांगों को लेकर लगातार संघर्ष कर रहा है। लेकिन कर्मचारियों की मांगों के प्रति वर्तमान सरकार का रवैया गैर ज़िम्मेदाराना रहा है। जिस कारण कर्मचारियों में गहरा रोष है। उन्होंने आगे बताया कि सरकार के गैर ज़िम्मेदाराना रवैया को देखते हुए यूनियन ने 8 अक्टूबर को राज्य प्रधान ईश्वर सिंह की अध्यक्षता में राज्य कार्यकारणी की बैठक बुलाई है जिसमें कर्मचारियों की मांगों और मुद्दों को लेकर आगामी रणनीति बनाई जाएगी। सभी पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने यूनियन की स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। स्थापना दिवस कार्यक्रम में राज्य उप प्रधान रमेश डागर,वरिष्ठ उप प्रधान टेकचंद गहलौत, अभय सिंह, मुरारी लाल, बालकिशन शर्मा, राजेश शर्मा, हरकेश सौरोत, रूपचंद डागर, बुधराम, ज्ञान सिंह , सुरेश शर्मा एवं सुखबीर सिंह सहरावत सहित काफी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

# जेजेपी हल्का अध्यक्ष सुखराम डागर ने की हल्का स्तरीय बैठक



**उत्तम भारत संवाददाता, हथीन।** जेजेपी हल्का अध्यक्ष सुखराम डागर ने हथीन विश्राम गृह में रविवार को हल्का स्तरीय बैठक का आयोजन किया, डागर ने हल्का संगठन के गठन को लेकर सक्रिय पार्टी कार्यकर्ता साथियों से मिलकर संगठन के विस्तार पर चर्चा कर कहा कि संगठन में मेहनती कार्यकताओं को उचित स्थान दिया जाएगा व अतिशीघ्र हल्का कार्यकारिणी गठित कर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को अवगत कराया जाएगा ।सुखराम डागर कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश में हर मोर्चे पर विफल हो रही है ।आज प्रदेश में हर वर्ग सरकार से नाराज है ।किसानों को समय पर बिजाई के लिए खाद-बीज उपलब्ध कराने में सरकार विफल रही है वहीं मंडियों में किसानों को बाजरा,कपास व धान का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है ।

पूर्व उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने पलवल से नूहं जाने वाली सड़क को चार लेन मंजूर किया था लेकिन अब बीजेपी सरकार ने सड़क को दो लेन का कर दिया है ।इसे लेकर क्षेत्र के लोगों में सरकार के प्रति गहरी नाराजगी है ।डागर ने कहा कि जेजेपी पार्टी की सरकार बनने पर इस सड़क को चार लेन बनाया जाएगा । इस अवसर पर पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय के अधिवक्ता नाज़िम खान एडवोकेट, लेखराज दहिया,बीसी सेल के अध्यक्ष प्रवीण भारद्वाज, प्रताप भडाना पूठली,रतन सिंह कुंडू,रतीपाल प्रजापत,मुकाबिर खान,तस्लीम खान नम्बरदार,महेंद्र सहरावत, अतामोहमद,हनीफ,बिजेन्दर सौरोत आदि मौजूद रहे ।

# 7 साल से फरार आरोपी को पकड़कर बहीन थाना पुलिस ने भेजा जेल

**उत्तम भारत संवाददाता, हथीन।** बहीन थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी मामले में 7 साल से फरार व ढड चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में विशेष सफलता हासिल की है। बहीन थाना प्रभारी यशवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना में तैनात हेड कांस्टेबल तहजीम की टीम ने 4 अक्टूबर को मोटरसाइकिल चोरी मामले में 7 साल से फरार एवं ढड चल रहे आरोपी को नियम अनुसार गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान उटावड गांव निवासी आमिर उर्फ तामोरी पुत्र सतार उर्फ लूला के रूप में हुई है। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ वर्ष 2018 का बहीन थाना में अभियोग नंबर 180 दर्ज है। आरोपी को उक्त मामले में फरार चलते 18 मार्च 2025 को अदालत द्वारा ढड घोषित किया गया। आरोपी को पेश अदालत कर जेल भेज दिया।

P-05:28 paga09_jhn.qxd 10/5/2025 8:15 PM Page 1



# आभा फाउंडेशन का चतुर्थ निःशुल्क चश्मा वितरण शिविर



**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** आभा फाउंडेशन द्वारा 5 अक्टूबर 2025 को फादरसन पब्लिक स्कूल, में आयोजित चतुर्थ निःशुल्क नेत्र शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

शिविर में लगभग 2000 लोगों ने भाग लिया और स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। शिविर में 1450 लोगों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से चयनित लाभार्थियों को 12 अक्टूबर 2025 (रविवार) को निःशुल्क चश्मे प्रदान किए जाएंगे। इसी दौरान 155 लोगों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चिन्हित किया गया तथा 550 जरूरतमंदों को दवाइयां वितरित की गईं।

आभा फाउंडेशन द्वारा लगाया गया चौथा नेत्र शिविर था। अब तक संस्था के माध्यम से लगभग 10,000 लोग लाभान्वित हो चुके हैं। फाउंडेशन की संस्थापिका श्रीमती आभा सिंह हर वर्ष जरूरतमंदों के लिए विभिन्न सामाजिक कार्य करती है। इनमें गरीब कन्याओं के विवाह का आयोजन, सर्दी में रजाई वितरण, बाढ़ पीड़ित परिवारों को राशन उपलब्ध कराना और कंप्यूटर सेंटर का संचालन शामिल है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य समाज के कमजोर वर्ग तक मदद पहुँचाना है। साथ ही उन्होंने अपने पति पुष्पराज को अपनी प्रेरणा का स्रोत बताया।

कार्यक्रम के समापन पर घोषणा की गई कि आभा फाउंडेशन का अगला निःशुल्क नेत्र शिविर 26 अक्टूबर 2025 को ब्लॉक जलीलपुर में आयोजित किया जाएगा।

# बाबरपुर में मिशन शक्ति द्वारा किया गया जागरूक



**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** तहसील के ग्राम बाबरपुर में मिशन शक्ति फेज 5 अभियान के अंतर्गत महिला आरक्षी 87 प्रीति तोमर द्वारा ग्राम बाबरपुर थाना चांदपुर जनपद बिजनौर में महिलाओं व बालिकाओ को जागरूक किया गया तथा

*1. महिला हेल्प लाइन नंबर 181*
*2. वूमेन पावर लाइन नंबर 1090*
*3. आपातकालीन नंबर 112*
*4. स्वास्थ्य सेवा नंबर 102*
*5. एंबुलेंस नंबर 108*
*6. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098*।
7. *साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 व योजना* के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। महिला सुरक्षा घरेलू हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाएं व उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी दी तथा मोबाइल से लड़कियों को परेशान करने, सोशल मीडिया के द्वारा परेशान करने, अश्लील मैसेज भेजने की शिकायत संबंधी जागरूक किया गया। महिलाओं के साथ मारपीट लड़कियों के साथ छेड़छाड़ से बचाव संबंधी जागरूक किया एवं साइबर अपराध के बारे में अवगत कराया गया एवं साइबर अपराध होने के बाद की कार्यवाही से भी अवगत कराया गया एवं महिलाओं को जागरूक किया गया।

# श्री राम जी को राज्याभिषेक कर किया मंचन का समापन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**नांगल सोती।** क्षेत्र के गांव सोफतपुर में श्री आदर्श रामलीला कमेटी के तत्वाधान में 21 सितंबर से चल रहे रंगमंच के कार्यक्रम में बीती रात्रि श्री राम जी को अयोध्या लौटने पर राज्याभिषेक कर इस वर्ष के रामलीला मंचन का समापन किया गया।

मंचन के आखिरी दिन कलाकारों ने अपने मंचन में रावण वध कर श्री राम जी को राज्याभिषेक की लीलाओं का सुंदर मंचन कियाद्य सभी कलाकारों ने श्री राम जी की आरती कर भगवान राम का आशीर्वाद प्राप्त किया।

श्री आदर्श रामलीला कमेटी अध्यक्ष कपिल राणा द्वारा मंच से जुड़े सभी कलाकारों को, सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार बंधुओ एवं कमेटी के सभी पदाधिकारी को माल्यार्पण कर स्मृति चिन्हित देकर मंच पर सम्मानित किया गया। कमेटी पदाधिकारी एवम सदस्यो को सहयोग करने के लिए उनका आभार किया गया। डायरेक्टर अर्जुन सिंह के निर्देशन में कलाकारों में रावण का अभिनय अनुज, मेघनाथ का अभिनय मिथुन, राम का अभिनय मोहित, लक्ष्मण का अभिनय मिथुन, सीता का अभिनय मांगे सिंह,, विभीषण का अभिनय विकुल, अंगद का अभिनय रवि शर्मा, हनुमान जी का अभिनय दिनेश कुमार, सलोचना का अभिनय ईश्वर ने कियाद्य सभी कलाकारों ने चल रहे रामलीला मंचन को श्री राम जी के चरणों में समर्पण कर इस वर्ष के रामलीला मंचन का समापन किया। सहयोग में मुख्य रूप से कमेटी उपाध्यक्ष मांगे सिंह, कोषाध्यक्ष अरुण कुमार, सचिव हनी जट राणा, अवधेश, नीरज, खूब सिंह, विनीत, लेखपाल, अंकित, छोटे शर्मा, महिपाल, चंद्रप्रकाश आदि कार्यकर्ताओं का योगदान रहा।

# कोटकादर में निकला आरएसएस का पथ संचलन, ग्रामीणों ने बरसाए फूल



*** जय श्री राम से गुंजा कोटकादर**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिजनौर।** थाना नगीना देहात क्षेत्र के ग्राम कोटकादर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने पर पथ संचलन निकाला गया।सभी समाज के लोगों ने स्वयंसेवकों पर फूल बरसाकर स्वागत किया।रविवार को चौधरी बलवीर सिंह मैमोरियल स्कूल से पथ संचलनशुरू होकर मेन मार्केट बस स्टॉप, शिव मंदिर से होकर वापस चौधरी बलवीर सिंह मैमोरियल स्कूल पर समाप्त हुआ।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रवीण सिंह पाल ने की और संचालन मुख्य वक्ता प्रखर जिला प्रचार प्रमुख ने किया।संचलन से पहले बौद्धिक कार्यक्रम हुआ। इसमें संघ के इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। पथ संचलन में स्वयंसेवक उदघोष करते चल रहे थे। इस बीच सुरक्षा के लिए थाना नगीना देहात के थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह चौहान ने पुलिसकर्मियों को जगह जगह तैनात किया।

पथ संचलन बहुत शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ।इसके बाद जलपान की व्यवस्था की गई ।इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता प्रखर जिला प्रचार प्रमुख, कार्यक्रम अध्यक्ष प्रवीण सिंह पाल, अमित सह जिला सेवा प्रमुख, कामेंद्र खंड कार्यवाह, रूपक, अजय, राजीव शर्मा, विकास ठाकुर, नरेंद्र, राहुल ठाकुर, तरुण, थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह चौहान, सुशील शर्मा, दीपक चौधरी, रविन्द्र कुमार, आदित्य चौधरी, सागर चौधरी, योगेश गोयल, सुरेंद्र चौधरी आदि शामिल रहे

# नेशनल हाईवे पर टैंकर पलटा, चालक व हेल्पर की मौत...कार्बन डाइआक्साइड गैस लेकर हरिद्वार जा रहा था टैंकर



**उत्तम भारत संवाददाता**

**अफजलगढ़।** अफजलगढ़ में एक दिल दहलाने वाली घटना घटी है, जिसने आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया। बता दें कि अफजलगढ़ क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है जिसमें लिक्विड कार्बन डाइऑक्साइड से भरा एक भारी टैंकर अनियंत्रित होकर पुलिया तोड़ते हुए नचना नदी में जा गिरा।बता दें कि दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि टैंकर के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार दोनों व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई।यह हादसा थाना अफजलगढ़ क्षेत्र के मेघपुर मोड़ के पास देर रात करीब 2¬30 बजे हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टैंकर काफी तेज रफ्तार में था और मोड़ पर नियंत्रण खो बैठा। पुलिया कमजोर होने के कारण टैंकर उसे तोड़ता हुआ सीधे नदी में जा समाया।हादसे में टैंकर चालक सतपाल (35 वर्ष) पुत्र रामपाल और परिचालक रोबिन (32 वर्ष) पुत्र इंद्रपाल की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों मृतक उत्तर प्रदेश के रामपुर जनपद के टांडा क्षेत्र स्थित पीपली नायक गांव के निवासी थे।हादसे की सूचना मिलते ही थाना अफजलगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया गया। दुर्घटना स्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई थी। पुलिस ने जेसीबी और क्रेन की मदद से टैंकर को बाहर निकालने की कोशिश शुरू की। रात में ही दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिजनौर जिला अस्पताल भेज दिया गया।थाना प्रभारी ने बताया, ÷दुर्घटना में दो लोगों की दुखद मौत हुई है। वाहन को नचना नदी से निकालने के लिए क्रेन मंगाई गई है। शुरुआती जांच से लगता है कि वाहन अनियंत्रित होकर पुलिया को तोड़ते हुए नदी में गिरा। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन हुआ



**उत्तम भारत संवाददाता**

**नगीना।** लोनिवि के मीटिंग हाल में इंडियन यूथ आर्मी (अराजनैतिक संगठन)के विस्तार एवं कार्य की प्रगति को लेकर संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन हुआ।

मीटिंग में रोहित कुमार रवि पुत्र पूर्व विधायक सतीश गौतम निवासी नगीना को सर्वसम्मति से राष्ट्रीय महासचिव चुना गया, आलोक कुमार प्रधान धर्मपुरा निवासी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, डेविड कुमार प्रधान पुत्र त्रिलोकवाला को राष्ट्रीय सचिव, गजेंद्र कुमार निवासी ग्राम लकड़ा को राष्ट्रीय सचिव, सुमित पाल भगवानपुर निवासी को राष्ट्रीय सचिव, मीनाक्षी चौधरी निवासी नगीना को प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा उत्तर प्रदेश, रोहित कुमार निवासी चमरावाला को राष्ट्रीय सचिव, कुशलपाल निवासी नगीना को राष्ट्रीय सचिव, अमन कुमार निवासी नगीना को मीडिया प्रभारी, सतीश कुमार निवासी जुलाहापुरा आदि सम्मानित व्यक्तियों का स्वागत हुआद्यमीटिंग की अध्यक्षता एडवोकेट विसवास राव ने की और संचालन रोहित कुमार रवि ने किया मीटिंग में समाज के उत्थान के लिए, जाति पंथ एवं धर्म के भेदभाव को समाप्त करने, युवाओं, महिलाओं, असहायों को रोजगार एवं सशक्त बनाने को लेकर विचार किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि मालवा एवं संस्थापक विशवास राव एडवोकेट ने सभी पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत कर सम्मानित किया।

# 100 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पद संचलन



**किरतपुर।** प्रातः नगर में निकल रहे शताब्दी वर्ष के रूप मे नगर में पथ संचलन निकाला गया जिसका अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। गत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन नगर के मुख्य मार्गो द्वारा निकला हमे भी राष्ट्र हित मे अपने पथ संचालकों के मनोबल बढ़ाने का सुअवसर प्राप्त हुआ हम सभी बहनों ने मिलकर अपने देश के राष्ट्रीय स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत करा कार्यक्रम अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की जिला मीडिया प्रभारी बबिता अग्रवाल जी के प्रतिष्ठान निकट जैन चौराहा पर किया गया।इस अवसर पर काफी संख्या में महिलाएं, पुरुष एकत्रित हुए।

बबिता अग्रवाल, देवांश अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, कृति अग्रवाल, नैंसी जैन, भारतीय जनता पार्टी की समाज सेविकाएं रजनी कालरा जी, बीना राणा जी, कविता चौहान, नितिका कालरा उपस्थित रहे।

# ननिहाल में आये बालक की दो मंजिला मकान की छत से गिरकर मौत



**उत्तम भारत संवाददाता**

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के गांव मानियावाला निवासी वकील अहमद का छह वर्षीय बेटा अरहान सर सैयद अहमद एकेडमी मानियावाला में यूकेजी का छात्र था ।

शुक्रवार शाम गांव मानियावाला में ही अपनी ही ननिहाल के मकान की दूसरी मंजिल की छत पर गुब्बारा उड़ा कर खेल रहा था, कि अचानक पैर फिसलने से नीचे गिर कर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्वजन ने उसे धामपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृत्यु की खबर से परिजनों मे कोहराम मच गया । स्वजन ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के शव को सिपुर्द-ए-खाक कर दिया। वह दो बहनों का अकेला भाई था। शनिवार को सर सैयद अहमद एकेडमी मे भी उसकी मृत्यु गहरा शोक रहा और अवकाश घोषित कर दिया गया ।

# स्पेशल चाय का लुफ्त स्थानीय लोग उठा सकेंगे



**उत्तम भारत संवाददाता**

**नगीना।** नगीना में अब गुजरात की स्पेशल चाय का लुफ्त स्थानीय लोग उठा सकेंगे। अकबराबाद चौराहे पर गुजरात स्पेशल टी स्टॉल के नाम से एक दुकान प्रारंभ हो गई है। चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील ने फीता काटकर विधिवत टी स्टॉल का उद्घाटन किया। इस मौके पर टी स्टाल के स्वामी मोहम्मद इरफान अंसारी ने बताया कि उनके यहां गुजरात की स्पेशल चाय का पूरा स्वाद ग्राहकों को मिलेगा। इस मौके पर शहजाद आलम एडवोकेट, निशांत अहमद एडवोकेट, मोहम्मद शरफ एडवोकेट, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद फैज, अफजाल कुरैशी, मोहम्मद शारिक, महमूद अंसारी, वाजिद अंसारी, एजाज अंसारी आदि मौजूद रहे।

# यज्ञ संस्कारों की निरंतरता एक ज्योति है : सूर्य प्रकाश द्विवेदी



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मुरादाबाद।** आर्य समाज स्टेशन रोड पर साप्ताहिक यज्ञ व सत्संग का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पंडित वीरेंद्र आर्य ने निर्मल आर्य की यज्ञमानी में वैदिक रीति से यज्ञ संपन्न कराया तत्पश्चात राजेश नारंग एवं निहाल सिंह आर्य ने ईश्वरीय भक्ति भजन प्रस्तुत किये, मंत्री रमेश सिंह आर्य एडवोकेट ने महर्षि दयानंद सरस्वती के अमर ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश का पाठ किया।

आर्य विद्वान सूर्य प्रकाश द्विवेदी ने वेद मंत्र की व्याख्या करते हुए बताया कि हर श्रेष्ठ कार्य के प्रारंभ मे यज्ञ किया जाता है । यज्ञकर्ता यज्ञ करके अपने कार्य की सफलता ईश्वर को समर्पित करता है और अपने कार्य की सफलता ईश्वर से कामना करता है। यज्ञ की श्रेष्ठता मानव को संस्कारों से धर्म की ओर, नैतिकता की ओर तथा अनुशासन ओर ले जाती है। यज्ञ की ज्योति चित्त से अंधकार के आवरण को हटाकर ज्योति प्रदान करती है, यज्ञ की ज्योति निरंतरता, उन्नति और सतत् गतिमान रहने की प्रेरणा देती है। यज्ञ ज्योति हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। यज्ञ संस्कारों की निरंतरता की एक ज्योति है। इस अवसर पर आर्य विद्वान कपिल आर्य ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

सत्संग में प्रधान डा अभय श्रोत्रिय, रमेश सिंह आर्य एडवोकेट डा आलोक कुमार डा राममुनि मयंक आर्य विजय कौशिक सुमित आर्य रविंद्र आर्य रमाशंकर आर्य दिनेश दीक्षित सतीश मदान राकेश कुमार आर्य अमित आर्य आदि उपस्थित रहे।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारम्भ करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह द्वारा जागरूकता रैली को नेहरू स्टेडियम से हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिजनौर।** नगर पालिका अध्यक्ष बिजनौर श्रीमती इंदिरा सिंह द्वारा आज पूर्वाहन संचारी रोग नियंत्रण अभियान के शुभारम्भ के अवसर पर जागरूकता रैली को स्थानीय नेहरू स्टेडियम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा रैली के साथ पैदल मार्च भी किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान के गुणवत्तापूर्वक संचालन से संचारी रोगों पर नियंत्रण स्थापित करने में सफलता प्राप्त हुई है और रोगों के फैलाव पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो सका है। उन्होंने निर्देश दिए कि विगत अभियान की भांति आज 05 अक्टूबर 2025 से शुरू होने वाले इस अभियान को पूर्ण गुणवत्ता और मानक के अनुसार सम्पन्न कराएं ताकि जनसामान्य में संचारी रोगों के प्रति जागरूकता और सतर्कता पैदा की जा सके। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक बहुत ही महत्वपूर्ण अभियान है, जिसकी समीक्षा मा0 मुख्यमंत्री जी के स्तर से भी होती है। अतः उपरोक्त अभियान में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के ब्लॉक स्तर अधिकारियों को निर्देशित किया कि संचारी रोग एवं वैक्टर जनित रोग के बचाव व सावधानी के बारे में निरंतर प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित करें तथा अभियान को पूर्णतः सफल बनाने में किसी भी स्तर से लापरवाही न बरतें।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कौशलेंद्र सिंह, परियोजना निदेशक दिनेश विद्यार्थी, जिला मलेरिया अधिकारी मंजुषा गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकरी, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्वकर्मा, डॉ.राहुल, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी कोतवाली, पंचायत अधिकारी, कृषि विभाग, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी और अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# मंडलायुक्त ने किया विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का शुभारंभ



*** वैक्टर जनित रोग की रोकथाम हेतु हाई रिस्क क्षेत्रों में रोस्टर बनाकर किया जाये कार्य - मंडलायुक्त**

*** मंडलायुक्त ने आमजनों से भी संचारी रोग नियंत्रण अभियान सहयोग करने की अपील**

*** पांच से 31 अक्टूबर तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलेगा दस्तक अभियान**

**शपथ दिलाई तथा जनजागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** मंडलायुक्त अटल कुमार राय द्वारा पांच अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान का शुभारम्भ, शपथ ग्रहण व जनजागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया गया।

मंडलायुक्त द्वारा सभी विभागों को निर्देशित किया गया कि लक्ष्य के सापेक्ष कार्य करे तथा वैक्टर जनित रोग की रोकथाम हेतु पूर्व में चयनित हाई रिस्क क्षेत्रों में रोस्टर बनाकर कार्य किया जाये तथा जनपद स्तर एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा संचारी एवं दस्तक अभियान का सुपरविजन किया जाए। उन्होंने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री जी उ0प्र0 सरकार द्वारा शुरू किये गये इस संचारी अभियान के कारण जनपदों में जे0ई0/ए0ई0एस0 रोगियों की काफी कमी की जा चुकी है और इसी तरह जनपद में मलेरिया समाप्त हो चुका है तथा विगत वर्षो की अपेक्षा डेंगू, चिकुनगुनिया रोगियों की संख्या में काफी कमी आयी है।

श्री राय ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का निरीक्षण किया व उनके कार्यक्रमों के विषय में जानकारी ली। सभी जनमानस को बताया गया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान में अपना सहयोग प्रदान करें। जिससे संचारी रोग जैसे, डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, टी0बी0, डायरिया इत्यादि रोगों से बचा जा सकें।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 प्रवीण कुमार द्वारा बताया गया कि अभियान में संचारी रोगों व दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण के साथ ही दस्तक अभियान के तहत फ्रंटलाइन वर्कर्स (आशा) द्वारा बुखार के रोगियों की सूची, आई0एल0आई0 रोगियों की सूची, क्षय रोग के लक्षण युक्त व्यक्तियों की सूची, कुपोषित बच्चों की सूची, क्षेत्रवार ऐसे मकानों की सूची जहां घरों के भीतर मच्छरों का प्रजनन पाया गया हो आदि की सूची ई-कवच पोर्टल के माध्यम से ब्लॉक एवं राज्य मुख्यालय पर उपलब्ध कराई जायेगी। इन सभी में निरोधात्मक / उपचारात्मक कार्यवाही कराई जायेगी। सभी ब्लॉकों एवं ग्राम स्तरों पर अभियान का शुभारम्भ सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा किया गया। अभियान के शुभारम्भ के मौके पर वेक्टर जनित रोग नियंत्रण एवं बचाव हेतु स्टाल लगाया गया, जिसमें डेंगू, मलेरिया व अन्य संचारी रोगों से बचाव हेतु क्या करें, क्या न करें के बारे में जनमानस को जानकारी दी। नगर निगम, सहारनपुर द्वारा नालियों की सफाई गड्ढ़ों को बन्द करना, एण्टी लार्वा का छिड़काव एवं फागिंग समय-समय पर कराई जायेगी।

जिला मलेरिया अधिकारी श्रीमती शिवांका गौड़ द्वारा बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार दस्तक अभियान में संचारी रोगों रोकथाम एवं नियंत्रण गतिविधियों अभियान के अन्तर्गत आशाओं द्वारा घर-घर जाकर जागरूक करेगी। ग्राम पंचायत द्वारा नाले/नालियों की साफ-सफाई, झाडियों की कटाई व जल भराव के निस्तारण, शौचालय की सफाई तथा घर से जलनिकासी का कार्य कराया जायेगा । डब्लू0एच0ओ0 / डी0एम0सी0 द्वारा अभियान का सर्वेलेन्स किया जायेगा, जिसकी रिपोर्ट राज्य मुख्यालय को डब्लू0एच0ओ0 द्वारा प्रेषित की जायेगी।

इस अवसर पर सी0एम0एस0 एस0बी0डी0 जिला चिकित्सालय डा0 सुधा सुमन, डी0टी0ओ0 डा0 सर्वेश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी श्री प्रदीप कुमार द्विवेदी, डिप्टी सी0एम0ओ0 डा0 अर्जेन्द्र मलिक, जिला मलेरिया अधिकारी श्रीमती शिवॉका गौड सहित संबंधित सभी उपस्थित रहे।

चिकित्सा विभाग द्वारा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों, जल जनित रोगों तथा एक्यूट डायरियल डिजीजेज (दस्त रोग) से सम्बन्धित रोकथाम एवं नियंत्रण गतिविधियों हेतु जनपद, ब्लाक तथा पंचायत / ग्राम स्तरों पर विभिन्न विभागों के बीच समन्वय हेतु नोडल विभाग नामित का कार्य करेगा।

नगर विकास विभाग द्वारा नगरीय निकायों के चुने हुए जनप्रतिनिधियों का दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों, जल जनित रोगों तथा एक्यूट डायरियल डिजीजेज (दस्त रोग) की रोकथाम तथा साफ-सफाई के सम्बन्ध में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से संवेदीकरण। पंचायतीराज विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम निगरानी समितियों के माध्यम से दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों, जल जनित रोगों तथा एक्यूट डायरियल डिजीजेज (दस्त रोग) के विषय में निरंतर जागरूता स्थापित रखना तथा पेयजल स्रोतों / संसाधनों से शौचालयों की दूरी के उपाय, शौचालयों/ सीवर से पेयजल प्रदूषित न होने देने के लिये आवश्यक उपाय। पशुपालनत विभाग द्वारा विगत वर्ष प्रदेश के अनेक जनपदों में पशुओं के मूत्र के द्वारा फैलने वाला लेप्टोस्पायिरोसिस रोग भी अनेक जनपदों से सूचित हुआ है, जिसको देखते हुए अभियान में पशु पालन विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है।बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा आंगनवाडी कार्यकत्रियों के द्वारा अपने क्षेत्र के समस्त कुपोषित तथा अति कुपोषित बच्चों की सूची बनाकर उनकों उचित पोषाहार उपलब्ध कराना तथा आवश्यक होने पर पोषण पुनर्वास केन्द्रों पर उपचार तथा पोषण पुनर्वास हेतु भेजना। शिक्षा विभाग द्वारा दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर जनित रोगो, जल जनित रोगों तथा एक्यूट डायरियल डिजीजेज (दस्त रोग) से बचाव संबंधी प्रचार प्रसार सामग्री को स्कूल में प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित करना। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा-ए0ई0एस0 / जे0ई0 रोग के उपरान्त दिव्यांग हुए बच्चों का सर्वे जिल दिव्यांग कल्याण अधिकारी द्वारा करवाया जाना।

कृषि विभाग द्वारा विगत वर्षो तथा पुनः इस वर्ष प्रदेश के अनेक जनपदों में लेप्टोस्पायिररोसिस तथा स्क्रब टाईफस के रोगी संसूचित हुए है, जिसकों देखते हुए अभियान में कृतक नियंत्रण (कृषि विभाग) की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है व नहरों तथा तालाबों के किनारे उगी वनास्पतियों को प्रत्येक पखवाडे हटाना है।

# मां दुर्गा की निकाली शोभायात्रा, दरबारों का हुआ विधिवत उद्घाटन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** बड़ी चौदस के अवसर पर मोहल्ला कायस्थान स्थित श्री दुर्गा मंदिर ट्रस्ट की ओर से दुर्गा मां की पारंपरिक शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम की शुरुआत विभिन्न दरबारों के उद्घाटन से हुई। भाजपा महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष बबली देवी ने मुख्य दुर्गा दरबार का शुभारंभ किया। श्री राम दरबार का उद्घाटन चेयरमैन प्रतिनिधि कुलदीप बालियान के भाई प्रदीप बालियान ने किया, जबकि शंकर-पार्वती दरबार का उद्घाटन अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष विकास सैनी ने किया। शेष दो दरबारों की शुरुआत डॉ. रामनिवास और सौरव सैनी द्वारा की गई।

उद्घाटन के बाद शोभायात्रा नगर भ्रमण को रवाना हुई, जहां श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ देवी मां का स्वागत किया।

कार्यक्रम में साहब सिंह कोरी, उमेश गोयल, प्रधान अमित सैनी, प्रबंधक अनुज चौधरी, राजेंद्र, जसबीर सैनी, नरेंद्र पांचाल आदि मौजूद रहे।

# धार्मिक स्थलों को आपत्तिजनक रुप में सोशल मीडिया पर पोस्ट किए जाने के विरोध में समुदाय विशेष ने कोतवाल को सौंपा ज्ञापन



**रामपुर मनिहारान।** कोतवाली क्षेत्र के एक गाँव निवासी एक व्यक्ति द्वारा समुदाय विशेष के सबसे पवित्र धार्मिक स्थल के फोटो को आपत्तिजनक रुप में सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया जिसे देखने के बाद इससे नाराज़ लोगों ने कोतवाली में नामज़द तहरीर देकर आरोपी के ख़िलाफ़ कड़ी कार्यवाही की माँग की है।रविवार को जमीयत उलेमा ए हिन्द के ज़िला उपाध्यक्ष हज़रत मौलाना शमशीर क़ासमी के नेतृत्व में कोतवाली पहुँचे।


## सूचना

पहले मेरे नाम की स्पैलिग ViQURUDDiN थी अब मैं अपने नाम की स्पैलिग बदलकर VAKARUDDIN रख ली है । भविष्य मे मुझे नए नाम की स्पैलिग से ही जाना व पहचाना जाए ।

प्रार्थी

VAKARUDDIN S/O
LATE SHAMIMUDDiN
MOHAIIA PATIYAPARA
CHANDPUR BIJNOR

# सम्पादकीय

## जीएसटी सुधार से आर्थिक नुकसान

जीएसटी सुधार को लेकर आर्थिक मोर्चे पर चिंता भी जताई जा रही है कि एक साथ इतनी सारी चीजों पर टैक्स घटाने से सरकार की कमाई (राजस्व) में भारी गिरावट आ सकती है। आईसीआईसीआई डायरेक्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक इससे देश की अर्थव्योवस्थाम को झटका लग सकता है और सरकार को बजट बनाने में दिक्क्त आ सकती है। ऐसे में उसे या तो कहीं और टैक्स बढ़ाना पड़ेगा या फिर अपने खर्चे घटाने पड़ेंगे। इसे उदाहरण के जरिये कुछ इस तरह समझा जा सकता है कि जीएसटी घटने से मोबाइल फोन या टीवी जैसी तमाम चीजें सस्ती हो जाएंगी। इसका मतलब यह है कि सरकार को इनपर लगने वाले टैक्स से जो पैसा मिलता था, वह अब कम हो जाएगा। सरकार के पास कम पैसा होगा तो उसे सड़क, स्कूल या अस्पताल जैसे विकास कार्यों और जनकल्यीाण की योजनाओं पर खर्च घटाना पड़ सकता है। इसकी भरपाई के लिए कहीं और टैक्स बढ़ाना पड़ता है। इस घाटे को पूरा करने के लिए सरकार महंगी और विलासिता वाली वस्तुओं पर ज्यादा टैक्स लगाती है, जैसे बड़ी कारें या महंगे गहने। सरकार ने इसी तरकीब को अपनाते हुए महंगी और लक्जरी चीजों पर 40% तक जीएसटी लगाया है, पर इससे नुकसान की भरपाई करने में दिक्कुत हो सकती है, क्योंाकि हमारे देश में लग्जगरी आइटम्सस का इस्तेनमाल करने वाले ग्राहकों का वर्ग काफी सीमित होने के कारण इन चीजों के बाजार का आकार काफी छोटा है। ग्राहकों को लाभ मिलने में हो सकती है दिक्ककत समाचार एजेंसी रायटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक जीएसटी दरों में कमी के बावजूद कई मामलों में लोगों को इसका फायदा न मिलने की आशंका है। रिपोर्ट में विशेषज्ञों के हवाले से बताया गया है कि कई सौर और पवन ऊर्जा परियोजनाओं के अनुबंध पुराने समय में हुए थे, जब जीएसटी की दरें ज्यादा थीं। अब सरकार ने टैक्स घटा दिया है, तो ऐसे मामलों में दिक्कत यह आएगी कि पुराने कॉन्ट्रै क्टी पुरानी अधिक दर के हिसाब से बने हैं। ऐसे में, ग्राहकों को नई दरों का लाभ मिलने में दिक्कडत हो सकती है। आसान शब्दों में कहें, तो टैक्स घटने से लागत तो कम होगी, लेकिन सभी प्रोजेक्ट इसका फायदा उपभोक्ताओं तक पहुंचा पाएं, यह जरूरी नहीं है। कुछ पुराने अनुबंधों के मामलों में यह लाभ केवल कंपनियों तक ही सीमित रह सकता है। इसके अलावा, कई परियोजनाओं में यह व्यवस्था नहीं होती कि टैक्स दर घटने से मिलने वाला फायदा (यानी लागत कम होना) उपभोक्ता या बिजली खरीदने वाली कंपनी (डिस्कॉटम) को ह्लपास-थ्रूह्व करके दे दिया जाए। इसका मतलब यह हुआ कि कुछ प्रोजेक्ट्स टैक्स घटने के बावजूद वह लाभ सीधे जनता तक नहीं पहुंचा पाएंगे, क्योंकि उनके कॉन्ट्रैक्ट में ऐसी कोई शर्त शामिल ही नहीं है। अनुपालन और व्यावस्थाजगत चुनौतियां सरकार की ओर से टैक्स घटाए जाने का फायदा सबको मिलना चाहिए, लेकिन कई बार कंपनियां या दुकानदार उस बचत को ग्राहकों तक नहीं पहुंचाते। रोजाना के सामान, फ्रिज, टीवी, मोबाइल, बाइक, कार जैसी चीजों की खरीद में तो लोगों को अकसर टैक्सै में कमी की जानकारी के कारण कर कटौती का फायदा मिल जाता है। लेकिन, जिन सेवाओं या उत्पादों का दाम और टैक्स स्ट्रक्चर लोगों को पता ही नहीं होता, वहां कई बार दुकानदारों या कंपनियों को लाभ रोकने का मौका मिल जाता है। मिसाल के तौर पर अपशिष्ट प्रबंधन (वेस्ट मैनेजमेंट) सेवाएं, जैसे सीवेज ट्रीटमेंट, बायो-वेस्ट कलेक्शन या अपशिष्ट निपटान प्लांट के मामले में।

# विशेष

## शांतिप्रिय लेह-लद्धाख में मचे बवाल से स्थिति तनावपूर्ण

-कांतिलाल मांडोत-

केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर अचानक भड़की आग से प्रदेश का वतावरण अशान्तिपूर्ण हो गया। पुलिस पर पथराव और सीआरपीएफ की गाड़ियां जलाने औड्ट भाजपा के कार्यालय को आग से फूंकने की इस घटना में नेपाल कनेक्शन की गंध आ रही है। नेपाल, बांग्लादेश और श्रीलंका के तख्तापलट में छात्रों और युवाओ का ही हिंसक प्रदर्शन सामने आया था। जम्मू -कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने के बाद केंद्र शासित प्रदेश लद्धाख को केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया था। केंद्र के अधीन हो गया। लेह लद्धाख में बिजली से जुड़े हुए कई प्रोजेक्ट का उद्धघाटन किया गया या शिलान्यास किया है। लद्धाख में मोदी ने तीन हजार करोड़ का उदघाटन किया है। 2019 के बाद केंद्र शासित प्रदेश में विकास के कार्य हुए है। 2 हजार करोड़ की परियोजना से लद्धाख में बिजली की समस्या से जूझ रहे लोगो के लिए बड़ी राहत रही है। धार्मिक विविधता के बावजूद लद्धाख में लदाखी समुदाय में सामुदायिक एकता की मिसाल देखने को मिलती है। लद्धाख की संस्कृति और पर्यावरण का दबाव साफ नजर आता है। 2022 के बाद करीब साढ़े चार लाख पर्यटको ने लेह लद्धाख की वादियों का लुफ्त उठाया। अनुच्छेद 370 और 35 ए हटने के बाद लेह के स्थानीय लोगों ने स्वागत किया, क्योकि वे जम्मू कश्मीर की छाया से बाहर निकलना चाहते थे। वही कारगिल के लोगो ने इसका विरोध किया। उनका कहना है कि केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा स्वाययत्ता के लिए खतरा बन गया है। छठी अनुसूची भारत के अन्य क्षेत्रो जैसे मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में लागू है। जहा आदिवासी समुदाय की जमीन पर नियंत्रण देती है। स्कुलो और सड़को का प्रबंधन, जबकि भूमि और बड़े फैसले जम्मू कश्मीर के पास रहे है। केन्द्र सरकार ने घोषणा पत्र में वादा किया गया था। लेकिन अब बहुत समय व्यतीत हो जाने के बाद लोगो का आक्रामक मुड़ उग्र प्रदर्शन में परिवर्तित हो गया। लद्धाख हिंसा में मौत भी हुई है। जबकि लोग घायल भी हुए है। लद्धाख की सड़कों पर जेन जी क्रांति का सूत्रपात हुआ है। अचानक इतने लोगो द्वारा तोड़फोड़ करना बड़ी साजिश के तहत घटना को अंजाम दिया गया है। नेपाल में जिस तरह से छात्रों ने नेपाल की राजनीति को उखाड़ फेंका और नेपाल के नेताओ को पद छोड़कर भागना पड़ा, उसी थीम पर लदाख में हुआ है। सोनम वांगचुक शांन्तिपूर्ण ढंग से विरोध कर रहें थे। दरअसल, इतनी बडी भीड़ कहा से आई? क्योकि यह पूर्वयोजित साजिश के तहत तोड़फोड़ औड्ट आगजनी फैलाई गई। चार मांगो को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा था। बहरहाल, सोनम ने अपना बचाव करते हुए कहा कि युवाओ का आक्रोश था, जिसे उन्हें सड़को पर ला दिया। यह जेन जी क्रांति है। जिसके पीछे राजनैतिक षड्यंत्र की बू आ रही है। लद्धाख में अनुसूचित जनजाति की आबादी ज्यादा है। हिंसा छोड़ शांति के साथ सरकार से मांग करनी चाहिए। तोड़फोड़ से कोई समाधान नही होता है। मणिपुर की घटना हमारे सामने है। दो वर्षों तक चली हिंसा के बाद आज भी मणिपुर पूर्व स्थिति में ही है। दोनो समुदाय के बीच समाधान का कोई मार्ग दिखाई नही दे रहा है। हिंसा से विश्व की कोई भी समस्या का समाधान नही निलकता है।

**लद्धाख की सड़कों पर जेन जी क्रांति का सूत्रपात हुआ है। अचानक इतने लोगो द्वारा तोड़फोड़ करना बड़ी साजिश के तहत घटना को अंजाम दिया गया है। नेपाल में जिस तरह से छात्रों ने नेपाल की राजनीति को उखाड़ फेंका और नेपाल के नेताओ को पद छोड़कर भागना पड़ा, उसी थीम पर लदाख में हुआ है।**

# गांधीवादी सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी की अनसुलझी गांठ



निशिकांत ठाकुर

जब ज्वालामुखी फट जाता है और आग का दरिया तांडव मचाने बहने लगती है, तो उसके बाद हाय हाय करते हुए हम लकीर पीटने लगते हैं। जब बादल फटता है, भयंकर नुकसान कर देता है, तो अपनी गलतियों को छिपाने के लिए पर्यावरण पर दोष मढ़ने लगते हैं। लेकिन, ऐसा क्यों? बड़ा ही गंभीर विषय है, जो हमारे देश के समक्ष अभी मुंह फाड़कर खड़ा हो गया है। जब सीमा पार से आतंकी घात लगाकर हमारे अपनों को मार जाते हैं, उसके बाद हम क्या करते हैं, यह बताने का कोई औचित्य नहीं है। हमारी खुफिया एजेंसी हर मामले में असफल क्यों साबित हो जाती है? अब यदि इसकी कोई बात करे, तो उसे आरोपित ही नहीं, द्रेशद्रोही साबित करने की होड़ मच जाती है और उस पर कई तरह के गंभीर आरोप लगने लगते हैं। यह भी हो सकता है कि उसे विदेशी षड्यंत्रकारी के नाम पर जासूस बना दिया जाता है, कभी देशद्रोही साबित कर दिया जाता है। सच्चाई यह होती है कि हम दूसरों की ओर जब एक अंगुली उठाते हैं, तो यह नहीं देखते कि तीन अंगुलियां हमारी ही ओर घूमी होती हैं। पाकिस्तानी आतंकियों ने पहलगाम घूमने गए 26 पर्यटकों को मार दिया। हम उन आतंकियों को रोक नहीं सके। फिर बाद में लकीर पीटते सिंदूर आपरेशन नाम से युद्ध भी लड़ा गया, अब फिर वही हुआ है कि लद्दाख के डीजीपी एसडी जम्बाल ने विश्वस्तरीय पर्यावरणविद् और रमन मैग्सेसे पुरस्कार विजेता तथा सैद्धांतिक रूप से गांधीवादी सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी के बाद खुलासा किया है वह पाकिस्तानी जासूस के संपर्क में थे।

बता दें कि पिछले बुधवार को लेह में चार लोगों की मौत और आगजनी की घटनाओं के बाद पुलिस फायरिंग में 90 से अधिक लोग जख्मी हो गए थे। सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी और उन्हें जोधपुर जेल भेजने के बाद पुलिस ने यह भी आरोप लगाया है कि सोनम वांगचुक के साथ संपर्क में रहने वाले एक पाकिस्तानी जासूस को भी गिरफ्तार किया है जिसने वांगचुक के विरोध प्रदर्शनों के वीडियो सीमापर भेजे हैं। डीजीपी ने कहो है कि उनकी पाकिस्तान-बांग्लादेश की यात्राओं कौ भी जांच की गई। डीजीपी ने यह भी कहा कि लद्दाख में खास एजेंडे के तहत आंदोलन का प्रयोग किया गया। यह बात समझ से परे है कि आखिर पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक का मने अचानक भारत के प्रति इतना विद्रोही क्यों हो गया? क्या उनपर जो आरोप लगाया जा रहा है, वह सही है या मनगढ़ंत। यदि गलत है, तो न्यायालय से तो वह बाहर निकल ही जाएंगे; क्योंकि भारतीय न्यायालय ऐसे विवादों का सही निर्णय देता रहा है, लेकिन तब तक सोनम वांगचुक की जो छवि अब तक बनी थी, वह जरूर नष्ट हो जाएगी। लेकिन, तब भी यह प्रश्न अनुत्तरित रह जाएगा कि इतना कुछ होने के बावजूद क्या हमारी खुफिया एजेंसियों और पुलिस के पास इस तथाकथित षड्यंत्र की कोई जानकारी नहीं थी।

**आंदोलन का उद्देश्य यह बताया जा रहा है कि जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम के तहत 31 अक्टूबर, 2019 को अस्तित्व में आए केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में लेह स्पीक बॉडी द्वारा पूर्ण राज का दर्जा और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल किए जाने की मांग की गई है।**

एक सामान्य नागरिक के गले के नीचे यह बात नहीं उतर रही है कि हमारी इतनी बड़ी बड़ी संस्थाओं को क्यों इस बात की भनक तक नहीं लग सकी कि देश के विरुद्ध देश में ही बैठकर इतना बड़ा षड्यंत्र रचा जा रहा है? चाहे पुलवामा हो चाहे, पहलगाम हो अथवा लेह लद्दाख हम बाद में लकीर क्यों पीटने लगते हैं! जो आपके समक्ष नहीं है, आपके मुखातिफ नहीं है, उनपर आप कोई भी आरोप लगा दें, जवाब तो उस पक्ष से मिलेगा नहीं, लेकिन सत्य तो एक न एक दिन सामने आएगा ही। आज देश में जगह जगह गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन हो रहे हैं, लोग लामबंद हो रहे हैं, लेकिन सरकार ने तो उन्हें हजार किलोमीटर दूर जोधपुर जेल में बंद करे दिया। अब आप प्रदर्शन करते रहिए, लामबंद होते रहिए, जब तक सरकार की आंखे नहीं खुलेंगी, सोनम वांगचुक जेल से बाहर नहीं आ सकते। उनकी जो मांग थी, वह तो संविधान सम्मत ही तो थी। वह कोई देश विरोधी बयान भी जारी नहीं कर रहे थे। फिर उन्हें गिरफ्तार इसलिए किया गया, क्योंकि उन पर आरोप लगाया गया कि लेह में प्रदर्शन और आगजनी की घटनाओं के बाद पुलिस की गोली से 90 लोगों के घायल होने की घटनाओं के सूत्रधार सोनम वांगचुक ही हैं और यह सारा कृत्य उन्हीं के निर्देशन में किया गया। यह भी अजीब तर्क है कि हमारी पुलिस पुलवामा और पहलगाम के षड्यंत्रकारियों को सजा दिलवाने में लगभग असफल रही है, लेकिन सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी के तुरंत बाद उसे इतनी सारी जानकारियां कैसे और किस तरह मिल गईं, जिन्हें तत्काले उजागर कर दियो गया।

आंदोलन का उद्देश्य यह बताया जा रहा है कि जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम के तहत 31 अक्टूबर, 2019 को अस्तित्व में आए केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में लेह स्पीक बॉडी द्वारा पूर्ण राज का दर्जा और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल किए जाने की मांग की गई है। लद्दाख के लिए अलग से लोकसेवो आयोग स्थापित करने और लद्दाख के लिए दो लोकसभो सीटें सुनिश्चित करने की भी मांग की जा रही हैं। वहां वर्तमान में केवल एक संसद सदस्य चुना जाता हैं, साथ ही विधानसभा की मांग भी की जा रही है। इन्हीं मांगों के लिए सोनम वांगचुक अनशन पर थे और उनका अनशन गांधी जयंती 2 अक्टूबर को समाप्त होने वाला था, जिन्हें उनकी गिरफ्तारी के बाद समाप्त कर दिया गया। अभी वह जोधपुर सेंट्रल जेल में बंद हैं। लेख लिखे जाने तक लेह में कर्फ्यू जारी था। लोकसभा में विपक्षी दलों के नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी को घेरते हुए लद्दाख के निवासियों कौ संविधान की छठी अनुसूची की मांग का समर्थन किया है तथा उन्होंने इससे पहले सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी का विरोध करते हुए इसे सरकार कौ भयंकर भूल बताई है। जेल में बंद सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंगमों ने पति के खिलाफ पाकिस्तान के साथ संबंध होने और वित्तीय अनियमितताओं का खंडन किया है। उनका कहना है कि वांगचुक गांधीवादी तरीकों से विरोध प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन 24 सितंबर को सीआरपीएफ की कार्यवाही के कारण स्थिति बिगड़ गई।

कहते हैं कि सफलता कोई एक दिन में नहीं मिलती। सभी सफल इतिहास में पुरुषों ने संघर्ष किया, तभी वे इतिहास पुरुष हैं। ऐसा इसलिए भी कि महात्मा गांधी अंग्रेजी शासन को उखाड़ फेंकने के लिए वर्षों संघर्ष किया, 12 बार जेल गए, जहां उन्होंने 2338 दिन गुजारे। इसी तरह दक्षिण अफ्रीका के अश्वेत नेता नेल्सन मंडेला को नेता के रूप में स्वीकार कर लिया गया। उन्होंने रंगभेद आंदोलन के जोर पकड़ने के साथ ही प्रतिरोध के सशक्त प्रतीक बन गए। उन्होंने अपनी आजादी के लिए राजनीतिक स्थिति से समझौता करने से सदैव इनकार किया। अपनी 27 वर्षीय जेल यात्रा के बाद फरवरी 1990 में रिहा किए गए। कई ऐसे इतिहास पुरुष रहे हैं, जिनका जेल से अटूट संबंध रहा है और वे तब तक जनहित में चट्टान की तरह खड़े रहे, जब तक अपने उद्देश्यों में सफल नहीं हुए। वैसे, उन महान इतिहास पुरुषों से हम सोनम वांगचुक की तुलना नहीं कर रहे हैं, लेकिन इतना तो है ही कि यदि वह देश के साथ आंतरिक से रूप से भितरघात कर रहे थे, तो इसकी खोज की जाए। यदि देश के प्रति जरा भी उन्होंने अमर्यादित कार्य किया हो, तो उनको कड़ी से कड़ी सजा मिलनी ही चाहिए। कोई कितना ही बड़ा क्यों न हो, वह यदि राष्ट्र का अहित करता है, तो भारत में प्रचलित नियमों के आधार पर कानून सम्मत कार्यवाही होनी चाहिए, लेकिन जांच किसी निष्पक्ष संस्था द्वारा हो तभी जनभावना को सरकारी जांचे पर विश्वास होगा, अन्यथा यह एक राजनीतिक प्रपंच ही माना जाएगा।

# संसार में मृत्य अटल सत्य है-मानवीय मृत्यु का अनसुल्झा रहस्य बरकार

-किशन सनमुखदास भावनानीं-

कुदरत द्वारा बनाई इस अनमोल खूबसूरत सृष्टि में कुदरत की अनमोल कलाकृति मानवीय जीव के रूप में सृजित हुई और जिस मानवीय कुनबे में शिशु का जन्म होता है वहां खुशियों की बहार छा जाती है ऐसा सदियों से हजारों वर्षों से होता आया है और वर्तमान काल में भी हो रहा है। इस संसार में मृत्य अटल सत्य है जिसने भी जन्म लिया है उसकी मृत्यु निश्चित है। लेकिन लोगों के मन हमेशा एक सवाल उठता है कि आखिर मौत के बाद क्या होता है। अगर आत्म होती है, तो कहां जाती है। मौत के बाद मनुष्य का शरीर शिथिल हो जाता है। इस पर पहले कई शोध हुए हैं जो अभी भी जारी है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि प्रकृति के कई अनसुलझे रहस्य हैं जिसे सुलझाना अभी भी बाकी है। उन्हीं में से एक है आत्मा और मौत। जब किसी मानवीय जीव की मृत्यु हो जाती है तो आदि अनादि काल से यह भी सच है कि उसी कुनबे में अति संवेदनशील दुखों का पल छा जाते हैं और उनका कुनबा यह सोचने पर मजबूर हो जाता है कि आखिर ऐसा क्या इस शरीर में से निकल गया जो यह शरीर निर्जीव हो गया जो आज के वर्तमान परिपेक्ष में भी एक अनसुलझा रहस्य बना हुआ है! जिसके विज्ञान, विशेषज्ञों, जानकारों के अलग अलग तर्क दिए गए हैं परंतु हमारे बड़े बुजुर्गो और आध्यात्मिकता में यह ईश्वर अल्लाह की देन है और कहा गया है कि हम मानवीय जीव उसके हाथ के बने खिलौने हैं जिनका वह जीवन फिक्स कर देता है और समय आने पर उसे तोड़ देता है याने मृत्यु !आदि अनादि कहां से बुजुर्गो आध्यात्मिकता व कहावतों द्वारा यह कहा जाता है कि मनुष्य जब जन्म लेता है तो उसके मस्तक पर उसके पूरे जीवन की भविष्य रेखा लिखी रहती है और वह रेखा समाप्त होते ही उसकी मृत्यु हो जाती है, परंतु आधुनिक प्रौद्योगिकी युग में मनुष्य या कोई भी जीव मृत देह में कैसे बदल जाता है विज्ञान इस सवाल से निरंतर जूझ रहा है।

साथियों बात अगर हम मृत्यु की करें तो यह नाम सुनते ही दिल दहल जाता है, कांप जाता है। जिस तरह हमने कोरोना महामारी कॉल की पीक स्थिति में मृत्यु का तांडव देखे, तो दिल पसीज गया था। हमनें फिल्म उद्योग की पुरानी फिल्म पुष्पांजलि का दर्द भरा गीत, दुनिया से जाने वाले, जाने चले जाते हैं कहां, कैसे ढूंढे कोई उनको नहीं होते नामोनिशान और चिट्ठी न कोई संदेश, ना जाने कौन सा देश, जहां तुम चले गए सुनें होंगे जो दुखों के पलों में अक्सर याद आते हैं। हालांकि इन गीतों से भी वही प्रश्न गूंज रहा है कि आखिर मानवीय शरीर में से ऐसा क्या निकल जाता है और कहां चला जाता है जो शरीर निर्जीव हो जाता है! उसका रहस्य आज भी अनसुलझा है! और मेरा मानना है कि शायद कभी सुल्झेगा भी नहीं चाहे कितना भी प्रौद्योगिकी विज्ञान का उपयोग किया जाए?

**साथियों बात अगर हम बड़े बुजुर्गों और आध्यात्मिकता के दृष्टिकोण की करें तो उनके अनुसार यह जन्म मृत्यु ईश्वर अल्लाह की देन है उनके अनुसार, आध्यात्मिक दृष्टिकोण से आत्मा शरीर में वास करती हैं।**

साथियों बात अगर हम मृत्यु की करें तो, मृत्यु शब्द नही बल्कि, मीडिया में जानकारी के अनुसार, मृत्यु एक परम पवित्र मंगलकारी देवी है। सामान्य भाषा मे किसी भी जीवात्मा अर्थात प्राणी के जीवन के अन्त को मृत्यु कहते हैं। मृत्यु सामान्यतः वृद्धावस्था, लालच, मोह, रोग कुपोषण के परिणामस्वरूप होती है। मुख्यतया मृत्युके 101 स्वरूप होते है, लेकिन मुख्य 8 प्रकार की होती है। जिसमे बुढ़ापा, रोग, दुर्घटना, अकस्मती आघात, शोक, चिंता, और लालच मृत्यु के मुख्य रूप है।

साथियों बात अगर हम विज्ञान विशेषज्ञों, जानकारों की करें तो उनका अलग-अलग तर्क है, हालांकि विज्ञान के अनुसार, मृत्यु का अर्थ है जीवित प्राणी के शरीर की सभी जैविक प्रक्रियाओं का समाप्त हो जाना। जैविक प्रक्रिया को दिल के धड़कने, मस्तिष्क के निर्णय लेने की क्षमता, किडनी और लीवर जैसे अंगों के सुचारु ढंग से काम करने में समझा जा सकता है। ये प्रक्रियाएं समाप्त होते ही हमारी मृत्यु हो जाती है। विशेषज्ञों की जानकारी के अनुसार, शरीर की जैविक प्रकियाएं कई कारणों से रुक सकती हैं। उम्र का ढल जाना यानी बूढ़ा हो जाना, किसी दूसरे व्यक्ति का प्राणघातक हमला, कुपोषण, बीमारी, आत्महत्या, भूख, प्यास, दुर्घटना या आघात आदि से ये प्र किया रुक सकती है। मृत्यु के बाद शरीर तेजी से विघटित होता है, और कई तत्वों में टूट जाता है। भारतीय दर्शन में ये संकल्पना है ही कि शरीर का निर्माण पंचतत्वों से हुआ है और अंततः उन्हीं तत्वों में विलीन हो जाता है।

साथियों लेकिन जीवन और मृत्यु के बीच सटीक सीमा रेखा क्या है? किस क्षण में जीवन मृत्यु में बदल जाता है? शरीर का वह कौन अंतिम अंग या कण है, जिसके रुकते ही जीवन रुक जाता है और मनुष्य या कोई भी जीव मृत देह में बदल जाता है, विज्ञान इस सवाल से निरंतर जूझ रहा है ?बहरहाल मनुष्य का शरीर एक अद्भुत मशीन है। जिसका हर पुर्जा एक दूसरे से जुड़ा हुआ है। लेकिन यह सवाल अभी अनुत्तरित है कि वह कौन सा तत्व है जिसे जीवन का जनक माना जाए या जीवन के न होने की वजह माना जाए!

साथियों बात अगर हम बड़े बुजुर्गों और आध्यात्मिकता के दृष्टिकोण की करें तो उनके अनुसार यह जन्म मृत्यु ईश्वर अल्लाह की देन है उनके अनुसार, आध्यात्मिक दृष्टिकोण से आत्मा शरीर में वास करती हैं। मगर मृत्यु के बाद ये शरीर को त्याग देती है और दूसरे शरीर को धारण कर लेती है। आत्मा ईश्वर का ही एक स्वरूप है। मगर इसे कोई देख नहीं सकता है। आत्मा को नश्वर माना जाता है। आध्यात्मिक दृष्टि से इसका न कोई आकारा होता है और न ही स्वरूप, मृत्यु एक जीव को बनाए रखने वाले सभी जैविक कार्यों की अपरिवर्तनीय समाप्ति है।

साथियों बात अगर हम मृत्यु के बाद दोबारा जीवन की करें तो मीडिया के अनुसार, मृत्यु के बाद क्या होता है, क्या दोबारा जीवन मिलता है, या फिर नहीं। इस बात पर चर्चा फिर से शुरू हो गई है।

मीडिया के अनुसार एक प्रदेश में हाल ही में तीन ऐसी घटनाएं हुईं, जिनमें मृत्यु के बाद जीवन मिला। विज्ञान की भाषा में कहें तो सब कुछ व्यर्थ की बातें हैं, लेकिन आज भी कुछ अनसुलझे रहस्य हैं, जिनके आगे विज्ञान भी नतमस्तक है। यह कहना गलत इस लोक के बाहर दुनिया नहीं है या जिस तरह पृथ्वी पर जिस तरह जीवन है, उस तरह अन्य गृहों पर जीवन नहीं है। विज्ञान भी ऐलियन जैसी बातों को मान रहा है। इसलिए यह भी सत्य है, कि हमारे शास्त्रों के अनुसार पूरे ब्रह्मांड को चलाने वाले शक्ति भी है और हमारी मृत्यु के बाद कर्मों का लेखा जोखा होता है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि संसार में मृत्य अटल सत्य है-मानवीय मृत्यु का अनसुल्झा रहस्य बरकार

आधुनिक प्रौद्योगिकी युग में भी मनुष्य या कोई भी जीव मृत देह में कैसे बदल जाता है !विज्ञान इस सवाल से निरंतर जूझ रहा है? मानवीय मृत्यु एक अनसुलझी पहेली बनी हुई है कि शरीर से आखिर ऐसा क्या निकल जाता है कि शरीर निर्जीव हो जाता है।

# आक्रामक कूटनीति ही शांति का आधार

-कांतिलाल मांडोत-

सुपरपावर अमेरिका को टक्कर देने वाला चीन आज भी एक विकासशील देश है। स्वतंत्र भारत मे विदेश नीति की शुरूआत कल्पनाओं से हुई। जिसका भारी खामियाजा हमें आज तक भुगतना पड़ रहा है। पहले पाकिस्तान और उसके बाद चीनी आक्रमण के बाद भारत की मोदी सरकार ने सबसे पहले सैन्य को मजबूत करने पर ध्यान दिया गया। किन्तु कूटनीति और विदेश नीति कैसे चलानी चाहिए, यह हमने अभी तक नही सीखा है। तिब्बत में अपने अधिकार और व्यवसाय अपनी और से खत्म कर दी। पिछले तीन दशक से चीन सामरिक और आर्थिक रूप से भारत से बहुत आगे निकल गया है। चीन एक कम्युनिस्ट देश है और उसका पूरा तंत्र सत्ता द्वारा नियंत्रित है। चीन के शासन का अपने यहां लोगो और साधनों पर पूरा नियंत्रण है। उसके शासकों के लिए नीतियां बनाना और उन्हें बलपूर्वक लागू करना आसान है इसलिए उसने तीन दशक से सामरिक और आर्थिक शक्ति में जो अभूतपूर्व प्रगति की है उसे समझा जा सकता है। चीन एक विशाल देश और अत्यंत प्राचीन सभ्यता है। उसके पास न प्रतिभा की कमी है, न साधनों की। लेकिन चीन जैसी केंद्रीय व्यवस्थाओ को सर्वतोमुखी विकास सम्भव नही होता। चीन का घोषित लक्ष्य आम चीनी नागरिकों को 2049 तक शशक्त और भौतिक जीवन स्तर उपलब्ध करवाना है। यूरोप और अमेरिका के बीच चीन की बड़ी हुई बढ़ती हुई शक्तियों को इसी रूप में देखा जा सकता है। विशेष तौर से अमेरिका एक चुनौती की तरह देखने लगा है। इस समय अमेरिका विश्व की प्रमुख तरह की शक्ति है। और अमेरिका को लग रहा है कि चीन उसके लिए धीरे धीरे सामरिक और आर्थिक चुनौती बनता जा रहा है। इस आधार पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प चीन को घेर रहे है, उसके साथ भारत पर हावी होने और कुटिनीतिक दृष्टिकोण से भारत पर कड़क आर्थिक मार देकर भारत को दबा रहे है। अमेरिका चीन से सामरिक और आर्थिक दोनो ही दृष्टि से बहुत आगे है। अमेरिका और चीन का भौगोलिक सामीप्य नही है। लेकिन अमेरिका को लगता है कि चीन सीधे उसके लिए खतरा न भी हो, वह उसके दुनियाभर में फैले हुए प्रभाव के सामने चुनौती खड़ी कर सकता है। अमेरिका दुनिया मे सबसे बड़ी सामरिक शक्ति था। अमेरिका व्यापार उन्नत तकनीक पर आधारित साज सामान पर केंद्रित है और उसका व्यापारिक मुनाफा चीन से अधिक है।

**चीन से सावधान रहने की बार बार चेतावनी मिलती रही है। भारत के प्रति सम्मानपूर्ण व्यवहार किन कारणों से करेगा ?कोई ठोस आधार ही वह कारण हो सकता है जो भारत के पास हो। हम शांतिप्रेमी है, यह कोई कारण नही जिससे कोई देश हमे महत्व दे।**

चीन से सावधान रहने की बार बार चेतावनी मिलती रही है। भारत के प्रति सम्मानपूर्ण व्यवहार किन कारणों से करेगा ?कोई ठोस आधार ही वह कारण हो सकता है जो भारत के पास हो। हम शांतिप्रेमी है, यह कोई कारण नही जिससे कोई देश हमे महत्व दे। भारत की इसी आधार पर हमारी उपेक्षा भी कर सकता है कि ऐसे देश से कोई समस्या नही होने वाली। वह इतना स्पष्ट है कि भारतीय नेताओ द्वारा इसे न समझा जाना आश्चर्यजनक है। पड़ोसी देश भी भारत के लिए कुतर्क की बात कर डराना चाहते है। पाकिस्तान कंगाल देश होने के बावजूद और भारत की ताकतवर सेना होने के बाद भी पाकिस्तान धमकियां देता है। चीन में अब तक कोई भी आतंकवादी हमला क्यों नही हुआ? क्योकि मुसलमानो को चीन के संविधान का पालन करना पड़ता है। चीन में मुसलमानों के साथ कैसा व्यवहार होता है, उसके लिए पाकिस्तान और कट्टरवादी समाज उनका विरोध क्यों नही करते है। इसलिए भारत को आक्रामक होना होगा। भारत को धमकियों से डरने की प्रवृति छोड़नी चाहिए। यह प्रवृत्ति दुश्मनों को आकर्षित करती है। चीन के साथ हमारी पराजय ग्रथि दूर कर एक मंच पर मोदी शी जिनपिंग ने द्विपक्षीय व्यापार समझौता किया।

चीन ने कई वर्षो तक भारत से किनारा किया। अमेरिका के बढ़ते दबाव के कारण भारत से चीन से दोस्ती का हाथ बढ़ाया। चीन ने अमेरिका और भारत के बीच तनाव को देखते हुए चीन ने भारत के साथ मैत्रीपूर्ण सम्बंध स्थापित कर दिए। चीन ने एक तीर से दो निशाना साधा है। भारत के साथ आयात निर्यात की सभी सीमाएं खत्म होने के बाद चीन को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। इस बीच भारत और अमेरिका के टैरिफ को लेकर बिगड़ते रिश्तों को देखकर चीन ने पासा फैंककर भारत के साथ राजनयिक रिश्ते मजबूत कर दिये। लेकिन पाकिस्तान को मदद करना चीन ने आज भी नही छोड़ा है। चीन ने पाकिस्तान के साथ हजारो करोड़ का सौदा किया है। चीन अभी भी विकासशील देश का टैग पहने हुए है। यह नकाब कब उतरेगा, क्योकि विकासशील देश का टैग पहने रहने से टैरिफ और एसडीटी जैसी सब्सिडी का लाभ मिलता है। अमेरिका से धोखा मिलने के बाद चीन ने भारत को बहुत बड़ा मार्केट दिया। चीन ने भारत की उन सभी समस्याओं के निराकरण के लिए साथ देने का वादा किया है, जो चीन और भारत का सीमा विवाद शामिल है। भारत को शक्तिशाली प्रतिद्वंद्वी का मुकाबला करना है, जो एक तरफ व्यापार समझौते में भागीदार है और दूसरी तरफ पाकिस्तान का हमदर्द है। चीन को भारत से निर्यात होने वाली झींगे से बहुत बड़ी आय मिलती है। प्राचीन चीन भारत के सम्बंध खराब नही करना चाहता है क्योंकि अमेरिका को नीचे दिखाने के लिए दुनिया की दो बड़ी शक्तियां चीन और भारत कील ठोककर बैठे है। क्योंकि दोनों देश अमेरिका का नाक दबाने के लिए काफी है।

1962 के बाद भारत ने डटकर तिब्बत की स्वायत्तता का मुद्दा उठाया होता तो निश्चित मानिए चीन को हमारे साथ सद्भावनापूर्ण सम्बंध बनाने की चिंता होती। चीन के प्रति अब तक हमारा जो अज्ञान बना हुआ था, उसके कारण हम न उसकी वास्तविक शक्ति को समझते है, न कमजोरियों को। चीन ने भी इतने वर्षों तक हमारे बारे में अज्ञानता वश उतने ही भ्रम पाले हुए थे। लेकिन दोनों देशों के बीच सुधरे रिश्तों ने नई मिसाल पेश की है।

चीन ने हमारे साथ शत्रु भाव पाल रखा था। उसकी जड़े पाकिस्तान था। क्योंकि भारत मे पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकवादियो के कहर को पाकिस्तान भारत की चाल करार देता था। चीन ने पाकिस्तान को हमेशा गुलाम बनाकर रखा है। चीन ने हजारों हैक्टेयर जमीन पाकिस्तान से अमुदान के एवज में कब्जा किये हुए है। फिर भी चीन से भारत को सतर्क रहना होगा।

स्वामीः गायत्री मीडिया, मुद्रकः रजनी कुमारी, प्रकाशक व संपादकः शैलेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रैस, डी-85, नोएडा, सेक्टर-6, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश से मुद्रित
कराकर कार्यालय, बी-102, पांडव नगर, नियर एमसीडी स्कूल, नई दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी विवादों के न्याय क्षेत्र दिल्ली न्यायालय में होगा। RNI No-DELHIN/2017/75336 (M) 9818087861

# बी0पैक्स गजरौला में प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का शुभारम्भ

*** सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाइयों की सुविधा से जुड़ेंगे आमजन व किसान**



**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** बी0पैक्स गजरौला में नव संचालित प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का शुभारम्भ रविवार को मुख्य अतिथि अमरोहा सांसद श्री कंवर सिंह तंवर ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में धनौरा विधायक श्री राजीव तरारा, मुरादाबाद मंडल के आयुक्त श्री आंजनेय कुमार सिंह, जिलाधिकारी अमरोहा श्रीमती निधि गुप्ता वत्स, मुख्य विकास अधिकारी श्री अश्वनी कुमार मिश्र, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन सहित सहकारिता विभाग के अधिकारी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर सांसद तंवर ने कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि योजना के तहत आमजन को कम दाम में गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाइयां और न्यूट्रिस्यूटिकल उत्पाद उपलब्ध कराना इस केन्द्र का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सस्ती दवाइयां प्राप्त कर स्वास्थ्य व आर्थिक रूप से लाभान्वित हों। विधायक राजीव तरारा ने कहा कि सहकारिता विभाग की कमान केन्द्रीय मंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में आने के बाद इस क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और आज लोगों का भरोसा सहकारी समितियों पर और मजबूत हुआ है।

आयुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि सहकारिता विभाग सामूहिक भागीदारी का प्रतीक है, जो कृषकों को कम ब्याज दर पर ऋण सुविधा प्रदान कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाता है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे सहकारी बैंकों से ऋण लेकर लाभान्वित हों। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, जो सामूहिक प्रयासों के माध्यम से विकास को गति देता है। कार्यक्रम का संचालन रेखा अग्रवाल ने किया तथा आभार प्रदर्शन सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता अमरोहा वरुण अग्रवाल ने किया।

# 6 अक्टूबर से प्रारम्भ हो रहा है सम्भल कल्कि महोत्सव विकासोत्सव 2025



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में 6 अक्टूबर से 13 अक्टूबर 2025 तक चलने वाले सम्भल कल्कि महोत्सव/ विकासोत्सव की तैयारियों एवं इसके अंतर्गत होने वाले विभागीय कार्यक्रमों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के अन्तर्गत कार्यक्रम में लगने वाली विभागीय स्टालों एवं अन्य स्टालों आवंटन के विषय में चर्चा की गयी एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वागत, स्वागत गीत, कार्यक्रम का मिनट टू मिनट, वीवीआईपी एवं दर्शक दीर्घा, पार्किंग व्यवस्था, सफाई व्यवस्था,पेयजल व्यवस्था आदि पर चर्चा की गयी। विभागीय कार्यक्रमों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की समय सारणी पर भी चर्चा की गयी। दिनांक 06 अक्टूबर 2025 को प्रातः 9.30 बजे से 11:30 बजे तक माध्यमिक शिक्षा में बदलता उत्तर प्रदेशरू प्रोजेक्ट अलंकार, मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी रहेंगीं। अपराह्न 2 बजे से 3रू30 बजे तक मत्स्य सम्मेलनरू मत्स्य में रोजगार आत्मनिर्भरता की ओर उत्तर प्रदेश कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें मुख्य अतिथि मत्स्य मंत्री संजय कुमार निषाद जी रहेंगे। सम्भल कल्कि महोत्सव/ विकासोत्सव 2025 कार्यक्रम का शुभारंभ 6 अक्टूबर को ही सायंकाल 6 बजे सांस्कृतिक संध्या के साथ होगा। जिसमें मुख्य अतिथि मंत्री माध्यमिक शिक्षा गुलाब देवी एवं प्रभारी मंत्री होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा धर्मवीर प्रजापति तथा मण्डलायुक्त मुरादाबाद आंजनेय कुमार सिंह रहेंगे। अन्य दिनों में होने वाले कार्यक्रमों की समय सारणी पर भी चर्चा की गयी तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बड़ा मैदान स्थित कार्यक्रम स्थल का भी स्थलीय निरीक्षण किया, व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, जिला विकास अधिकारी राम आशीष,परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह,उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार, उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी, डिप्टी कलक्टर/प्रभारी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बहजोई नीतू रानी,डिप्टी कलक्टर निधि पटेल, डिप्टी कलक्टर सौरभ कुमार पाण्डेय एवं डिप्टी कलक्टर रामानुज, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वाहन चोर अंतरजनपदीय गैंग का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार, 9 मोटरसाइकिलें बरामद



**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना नौगावां सादात पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले एक अंतरजनपदीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है, जबकि उनका एक साथी फरार हो गया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की गई कुल 9 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं, जो अमरोहा और बिजनौर जनपदों के विभिन्न इलाकों से चोरी की गई थीं।पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री अखिलेश भदौरिया और क्षेत्राधिकारी नौगावां सादात श्री अवधभान सिंह भदौरिया के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। शनिवार देर रात बीलना पुल चौराहे के पास चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो संदिग्धों को पकड़ा, जिनकी पहचान नजाकत पुत्र अमीर हसन तथा मोहम्मद युसुफ पुत्र याकूब अली, दोनों निवासी अमरोहा नगर, के रूप में हुई। पूछताछ में दोनों ने बाइक चोरी की कई घटनाओं का खुलासा किया। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने ग्राम फरीदपुर इम्मा के पास झाड़ियों में छिपाई गई सात और चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद कीं। उनका तीसरा साथी नईम अहमद निवासी बिजनौर मौके से फरार हो गया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि वे आर्थिक लाभ के लिए अमरोहा और बिजनौर जनपदों से दोपहिया वाहन चोरी कर सस्ते दामों में बेचते थे। बरामद गाड़ियों में हीरो पैशन, स्प्लेंडर, सुपर स्प्लेंडर, सीडी डीलक्स और एचएफ डीलक्स जैसी विभिन्न मॉडल की मोटरसाइकिलें शामिल हैं।पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ थाना नौगावां सादात में मु.अ.सं. 326/2025 धारा 303(2), 317(2), 317(5) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक सुभाष बालियान, बृजमोहन सिंह सहित 10 से अधिक पुलिसकर्मी शामिल रहे। एसपी अमित कुमार आनंद ने पुलिस टीम को सराहना दी है और कहा कि अपराधियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# खेतों मे पराली जलाने वालों पर एक्शन 2500 का लगाया जुर्माना

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** तहसील सम्भल में विकास सम्भल के अन्तर्गत मिर्जापुर ककरौआ में फसल अवशेष की घटना प्रकाश में आने पर कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर फसल अवशेष जलने की घटना का स्थलीय निरीक्षण किया गया। स्थलीय निरीक्षण के समय कृषक अफ्यान उर्फ असियान पुत्र मौ. कदीर निवासी ग्राम मिर्जापुर ककरौआ, तहसील सम्भल द्वारा गाटा सं.- 547 मि. के लगभग एक एकड. क्षेत्रफल में धान की पराली जलाये जाने की घटना की पुष्टि हुई। जिस हेतु शासनादेश में दिये गये प्राविधानानुसार 02 एकड़ से कम क्षेत्र में धान की पराली जलाने के लिए उक्त कृषक पर 2500 धनराशि जुर्माने के रूप में अधिरोपित करते हुए वसूल की गई।

साथ ही उल्लंघन की पुनरावृत्ति होने पर धारा-26 के अन्तर्गत अर्थदण्ड इत्यादि की कार्यवाही की जाएगी, से भी अवगत कराया गया। जुर्माने के रूप में वसूली गई धनराशि को शासनदेश में दी गई व्यवस्था के अनुसार राजस्व विभाग द्वारा सम्बन्धित लेखाशीर्षक में जमा किया जाएगा। उक्त के दृष्टिगत जनपद सम्भल के समस्त कृषकों को सूचित किया जाता है कि मा. राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा फसल अवशेष आदि को जलाना निषिद्ध किया गया है। अरूण कुमार त्रिपाठी उप कृषि निदेशक ने कहा कि अपने खेतों में फसलों के अवशेष नहीं जलायें। फसल अवशेष जलाने पर सेटेलाइट द्वारा सम्बन्धित खेत का विवरण रिकार्ड कर लिया जायेगा और आपको अनावश्यक कार्यवाही का सामना करना पड़ेगा।

# टीईटी की अनिवर्याता के आदेश को शिक्षको ने सौंपा सांसद को पीएम के नाम ज्ञापन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** टीईटी की अनिवर्याता सम्बंध आदेश को लेकर पीएम के नाम शिक्षकों को सांसद को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों को रखा और समय रहते हल करने की मांग की गई।

त्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से प्रधानमंत्री भारत सरकार के नाम क्षेत्रिय सांसद ज़ियाउरर्हमान बर्क को सौंपे गए ज्ञापन मे मांग करते हुए कहा कि उच्चतम न्यायालय ने सिविल अपील संख्या- 1385/2025 में 01 सितम्बर, 2025 को पारित निर्णय द्वारा शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के लागू होने के पूर्व में नियुक्त शिक्षकों को भी सेवा में बने रहने एवं पदोन्नति हेतु शिक्षक पात्रता परीक्षा (टी0ई0टी0) उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया है। जिससे उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत लाखों शिक्षकों की सेवा-सुरक्षा, कार्य स्थायित्व एवं गरिमा पर संकट उत्पन्न हो गया है। भारत का राजपत्र संख्या- 39 27 अगस्त, 2009 के द्वारा निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 प्रभावी किया गया है। इस अधिनियम की धारा 23 के अन्तर्गत अधिनियम के प्रभाव में आने की तिथि एवं उसके पश्चात नियुक्त शिक्षकों की भर्ती / नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हताएं निर्धारित की गयी हैं। जिसमे शर्तो मे कोई व्यक्ति, जिसके पास केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचना द्वारा प्राधिकृत किसी शिक्षा प्राधिकारी द्वारा यथा अधिकथित न्यूनतम अर्हताएं हैं, शिक्षक के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र होगा। जहां किसी राज्य में अध्यापक शिक्षा के पाठ्यक्रम या उसमें प्रशिक्षण प्रदान करने वाली पर्याप्त संस्थाएं नहीं हैं या उपधारा (1) के अधीन यथा अधिकथित न्यूनतम अर्हताएं रखने वाले शिक्षक पर्याप्त संख्या में नहीं हैं, वहां केन्द्रीय सरकार, यदि वह आवश्यक समझे, अधिसूचना द्वारा, शिक्षक के रूप में नियुक्ति के लिए अपेक्षित है। न्यूनतम अर्हताओं को पाँच वर्ष से अनधिक की ऐसी अवधि के लिए शिथिल कर सकेगी, जो उस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट की जाए।

परन्तु ऐसा कोई शिक्षक, जिसके पास इस अधिनियम के प्रारंभ पर उपधारा (1) के अधीन यथा अधिकथित न्यूनतम अर्हताएं नहीं हैं, पाँच वर्ष की अवधि के भीतर ऐसी न्यूनतम अर्हताएं अर्जित करेगा। स्कूलों में कक्षा 1 से 8 में अध्यापक के रूप में नियुक्ति की पात्रता हेतु न्यूनतम योग्यता निर्धारित की गयी है। टीईटी की अनिवार्यता का यह आदेश उन शिक्षकों के हितों को प्रभावित करेगा जिन्होने अपनी शैक्षिक योग्यतायें पूरी कर वैध रूप से नियुक्ति प्राप्त की थी।

# सरायतरीन दरबार में निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** रविवार को नुसरत मैमोरियल जूनियर स्कूल सरायतरीन मुहल्ला दरबार मे रविवार को निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र भर से आए करीब 200 मरीजों को उपचार और दवाएं प्रदान की गई।

शिविर में डॉ.रज़ीना नज़ीर ने अधिकतर मरीज त्वचा रोग, एलर्जी और पेट नज़ला, खांसी संबंधी परेशानियों से पीड़ित पाए गए मरीजों को देखा। डाक्टर ने विशेष रूप से त्वचा रोगों से बचने के लिए साफ-सफाई और खानपान में सावधानी बरतने की सलाह दी। चिकित्सकों की इस निस्वार्थ सेवा की स्थानीय लोगों ने सराहना की और जनहित में ऐसे शिविरों को लगातार आयोजित किए जाने पर बल दिया। निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर लगाया गया। 200 से ज्यादा मरीजों ने इसका फायदा उठाया। डॉ.रज़ीना नज़ीर ने बताया कि चिकित्सा शिविर मे मरीजों को होम्योपैथिक इलाज देने के साथ दवा भी दी गई। चिकित्सा शिविर में बच्चों के लिए अलग से और स्त्री रोग के लिए अलग व बुजुर्गो की जांच के लिए अलग से ओपीडी बनाई थी। मरीजों को जांच के साथ दवा दी गई। शिविर में छोटे बच्चों व महिलाओं की संख्या भी अच्छी खासी रही। डॉ. रज़ीना ने कहा कि मरीजों को ऐसे कई इलाज भी बताए गए हैं, जिनको दवा खाने के बजाय हर रोज खान-पान का ध्यान रखने से भी बीमारी ठीक हो जाती है। इस मौके पर काशिफ खां, हाजी अराफात, एडवोकेट मिक्की खान, आज़म खान, मुहम्मद आमिर, शारिक खान आदि मौजूद रहे।

# एसएम कॉलेज चन्दौसी की प्रबंधक समिति का चुनाव शांति पूर्ण सम्पन्न

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** निर्धारित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार महाविद्यालय परिसर स्थित प्रबन्ध समिति कक्ष एस0एम0 कॉलेज, चन्दौसी मे प्रबन्ध समिति का निर्वाचन सम्पन्न हुआ, जिसमें निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट विभोर कुमार बंसल द्वारा समस्त चुनाव प्रक्रिया को विधिपूर्वक सम्पन्न कराया गया, जिसमें लव कुमार अध्यक्ष, पदेन सदस्य व श्री शान्तनु कुमार सचिव पदेन सदस्य के रूप में सोसायटी के नियमानुसार मनोनीत हुये तथा डॉ0 जाकिर हुसैन उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता संयुक्त सचिव व कार्यकारिणी सदस्य के रूप में पाँच सदस्य रेनू अग्रवाल, प्रिया गुप्ता, रवि अग्रवाल, वी0एस0 गोयल एवं श्री प्रभात कुमार निर्विरोध निर्वाचित हुये। समस्त चुनाव प्रक्रिया शान्तिपूर्ण व विधि विधान अनुसार सम्पादित करायी गयी तथा कार्यकारिणी के पदेन सदस्य के रूप में कार्यवाहक प्राचार्य डॉ0 हेमन्त कुमार नियुक्त किये गये। शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में प्रो0 (डॉ0) पवन कुमार यादव, पदेन सदस्य एवं प्रो0 (डॉ0) दीप कुमार श्रीवास्तव, पदेन सदस्य चक्रानुसार नियुक्त किये गये एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी के रूप में मनोज कुमार लखोटिया चक्रानुसार पदेन सदस्य के रूप में नियुक्त हुये। इस प्रकार एस0एम0 कॉलेज की प्रबन्ध समिति का निर्वाचन का चुनाव सत्र 2025-30 तक के लिये सम्पन्न हुआ। महाविद्यालय नवगठित प्रबन्ध समिति की कार्यकरणी ने शिक्षणहित में महाविद्यालय का परिसंचालन करने का संकल्प भी पारित किया। चुनाव में मुख्य रूप से निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट श्री विभोर कुमार बंसल एवं शान्तनु कुमार सचिव, संयुक्त सचिव संजय कुमार व अन्य सदस्यगण एवं महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य, प्रो0 पवन कुमार यादव, प्रो0 दीप कुमार श्रीवास्तव, डा0 अजय प्रकाश, अजीत सिंह, अंजू चौहान एवं समस्त स्टाफसदस्य उपस्थित रहे।

# बरेली जा रहे सांसद पिता मौलाना ममलुकुरर्हमान किए गए हाउस अरेस्ट



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** सांसद पिता ने भी बरेली जाने का प्रयास किया तो पुलिस ने भनक लगते ही रोक दिया। सांसद पिता को हाउस अरेस्ट करते हुए पुलिस कर्मी लगाये गये। मीडिया से मुखातिब होते हुए सांसद पिता ने कई सवाल खड़े किए।

दरअसल रविवार को क्षेत्रिय सपा सांसद ज़ियाउरर्हमान बर्क के पिता मिशन ऑल दवात इस्लाम एण्ड पीस के कन्विनर मौलाना ममलुकुरर्हमान बर्क ने बरेली जाने का प्रयास किया जहां बीते दिनो आई लव मौहम्मद को लेकर हिंसा हुई थी। एक दिन पहले सांसद को भी बरेली जाने से रोका गया था। आज सांसद पिता को बरेली जाना था कि भनक लगते ही पुलिस पहुंची और हाउस अरेस्ट किया गया। सांसद पिता मौलाना ममलुकुरर्हमान बर्क ने कहा कि कोई आई लव मौहम्मद कहता है तो इसमे एतराज़ किया है। कोई जय श्री राम कहता है तो कोई कुछ और जो जिससे प्यार करता है उसका इज़हार करता है हमे उनके कहने पर कोई आपत्ति नही तो हमारे कहने पर क्यो हैं। बरेली मे शांति का माहौल था और पुलिस द्वारा गलत कार्यवाही की गई है। मौलाना तौकीर रज़ा के प्रति मुख्यमंत्री की भाषा कि मौलाना को पता नहीं है कि शासन किसका है। यह ब्यान एक मुख्यमंत्री के मुंह से शोभा नहीं देता, ऐसी भाषा नहीं होनी चाहिए। धारा 163 लगा होना बताया है और बरेली जाने से रोका है। हम बाद मे फिर जायेंगे जब धारा हटेगी।

# ग्र्राम धामपुर मे ग्राम विकास एवं गौसंवर्धन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** क्षेत्र के ग्राम धामपुर में आज ग्राम पंचायत विद्यालय से प्रारंभ होकर एक भव्य ग्राम विकास एवं गौसंवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने किया। जिसमें ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा गौआराधन एवं गोसेवा सत्र, जिसमें स्वामी कृष्णानंद झा ने गोमाता के आध्यात्मिक, आर्थिक एवं पर्यावरणीय महत्व पर प्रेरणादायी उद्बोधन दिया। स्वामी ने गौशाला के प्रांगण में गोमाताओं को निहारते हुए भक्तों को संबोधित करते हुए कहा गोमाता केवल पशु नहीं, बल्कि देवत्व की मूर्ति हैं। जहाँ गोमाता का वास होता है, वहाँ श्रीकृष्ण स्वयं विराजते हैं। गोसेवा से मन शुद्ध होता है, हृदय में करुणा और संतोष का उदय होता है। गोबर और गोमूत्र न केवल औषधीय वरदान हैं, बल्कि भूमि और पर्यावरण को जीवन देने वाले अमृत हैं। उन्होंने ग्रामवासियों को प्रेरित करते हुए कहा कि गोसंवर्धन ही ग्राम समृद्धि का मूल आधार है। ग्राम पंचायत द्वारा गौशाला में चारे, पानी एवं स्वच्छता की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई थी। ग्रामवासियों ने स्वयं श्रमदान कर गोसेवा, सफाई एवं गौशाला विकास कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में निखिल कुमार (ग्राम प्रधान), लोकेश सिंह, एवं अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने इस आयोजन को और अधिक प्रेरक बनाया। अंत में, ग्रामवासियों ने संकल्प लिया कि वे नियमित रूप से गौशाला की देखभाल, गोसेवा तथा जैविक खेती को बढ़ावा देने में अपना योगदान देंगे। यह कार्यक्रम ग्राम में समर्पित सेवा भावना, संस्कार और पर्यावरण चेतना का सशक्त उदाहरण बना।

# दो वाशिंग प्लांटो पर नगर मजिस्ट्रेट की छापामारी किया गया बन्द

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** नगर मजिस्टेªट सुधीर कुमार ने क्षेत्र के ग्राम नाहरठेर, थाना-रायसत्ती तहसील व जिला सम्भल में अवस्थित डी.आर.एस. एन्टरप्राईसेज जींस वाशिंग प्लांट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जींस वाशिंग प्लांट संचालित पाया गया। मौके पर जींस प्लांट में 14-15 मजदूर कार्य कर रहे थे। जींस कारखाना दानिश पुत्र रजा अली निवासी ग्राम सलारपुर कलां थाना-नखासा तहसील व जिला सम्भल एवं फरमान पुत्र रजा अली निवासी ग्राम सलारपुर कलां थाना-नखासा द्वोत्र द्वारा संचालित किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान जींस वाशिंग प्लांट के संचालन मे अनियमित्ताऐं पायी गयी। जिनमे भूमिगत जल का दोहन, प्रदूषण विभाग से कोई भी स्थापनार्थ/संचालानार्थ सहमति प्राप्त न होना। केमिकल का प्रयोग कर वायु एवं जल प्रदूषण किया जाना। ऋषिपाल सिंह, सी.टी.ओ.(राज्य कर), खण्ड-1, सम्भल द्वारा अवगत कराया गया कि उपर्युक्त जींस वाशिंग प्लांट द्वारा पंजीकरण के सम्बन्ध में कोई भी वैध अभिलेख प्रस्तुत नहीं किये गये हैं परन्तु परिसर के बाहर लगी पोस्टर पर डी.आर.एस. एन्टरप्राईसेज एवं जी.एस.टी.आई.एन. संख्या अंकित पाया गया। प्लांट में अत्याधिक गन्दगी पाई गयी। जींस वाशिंग प्लांट में उपर्युक्त अनियमितताऐं पाये जाने पर प्रथम दृष्ट्या स्पष्ट है कि उपर्युक्त जींस वाशिंग प्लांट दानिश पुत्र रजा अली निवासी ग्राम सलारपुर कलां थाना-नखासा तहसील व जिला सम्भल एवं फरमान पुत्र रजा अली निवासी ग्राम सलारपुर कलां थाना-नखासा तहसील व जिला सम्भल द्वारा अवैध रूप से संचालित किया जा रहा है। मौके पर जींस वाशिंग प्लांट अवैध रूप से संचालित पाये जाने के कारण जींस वाशिंग प्लांट का संचालन तत्काल बन्द कराया गया तथा अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड, सम्भल को निर्देशित किया गया कि वह इस जींस वाशिंग प्लांट के विद्युत कनेक्शन संचालक द्वारा समिति के समक्ष वैध अभिलेख प्रस्तुत करने तक कटवा दी गयी, ताकि जींस प्लांट संचालित न कर सके। मौके पर जींस वाशिंग प्लांट में पाये गये सभी उपकरणों (मशीनों, जनरेटर, लगभग 5 हजार जींस एवं अन्य समान) को वीडियोग्राफी कराकर हिलाल पुत्र गुलाम हुसैन निवासी ग्राम नाहरठेर, थाना-रायसत्ती तहसील व जिला सम्भल एवं फरमान पुत्र रजा अली निवासी ग्राम सलारपुर कलां थाना-नखासा को इस निर्देश के साथ सुपुर्दगी में दिया गया कि वह उपर्युक्त सामान को अपनी सुपुर्दगी में रखेंगे तथा खुर्द-बुर्द नहीं करेंगे तथा सक्षम स्तर से आदेश प्राप्त होने तक इस वाशिंग प्लांट का संचालन किसी भी दशा में नहीं करेंगे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने स्थापना दिवस एवं शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में निकाला पथ संचलन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने स्थापना दिवस एवं शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में अपनी संभल नगर में विभिन्न 5 बस्तियों में पद संचलन निकला जिसमें एक बस्ती दुर्गा कॉलोनी में नगर खण्ड प्रचारक गगन कुमार ने कहा की मैं एक ऐसे संगठन का कार्यकर्ता हूं जिसने अपने सौ वर्ष पूरे किए हैं यह हर्ष का विषय नहीं हैं यह आत्म चिंतन का विषय हैं जो हमारा लक्ष्य हैं उससे हम अभी कितनी दूर हैं सौ साल का समय काटना हमारा लक्ष्य नहीं हैं हमारा लक्ष्य हैं डॉ केवश राव बलिराम हेगडेवार जी ने जो काम हमें दिया था कि शहर के अन्दर 3ः प्रतिशत और गांव के अन्दर 1ः प्रतिशत जिस दिन हमारे संघ विचार के कार्यकर्ता खड़े हो जायेंगे उस दिन हम अपने राष्ट्र को परम् वैभव तक पहुंचा पाएंगे, हमारे संघ के कार्यकर्ता निरन्तर दिन और रात मेहनत कर रहे हैं पर हम अभी अपने लक्ष्य से वंचित हैं जिस प्रकार का परिणाम कार्यकर्ता को चाहिए वो परिणाम अभी कार्यकर्ताओं को नहीं मिल पा रहा उसके पीछे कहीं न कहीं हमारी शाखाओं को और मज़बूत देनी चाहिए जगह - जगह बस्ती - बस्ती हमारी शाखाएँ पहुंचनी चाहिए जिससे संपूर्ण हिन्दू समाज तक हमारा विचार पहुंचे और हम मिलकर राष्ट्र को परम् वैभवशाली बना सके। इस दौरान नगर प्रचार प्रमुख राजुल गुप्ता, सह नगर व्यवस्था प्रमुख अक्षत गर्ग, बस्ती प्रमुख विवेक रस्तौगी, संजीव सैनी, प्रेम चंद्र, वीरेन्द्र सैनी, सौरभ गुप्ता, सुनील पाल, धीरेन्द्र ठाकुर, प्रखर रस्तौगी, रोहित रस्तौगी, राकेश कुमार, साजन श्री माली, अभिषेक बिंदल आदि कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

# कार्ययोगी भारत निर्माण एवं शिक्षक चेतना विकास कार्यक्रम का सफल आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** अंतरराष्ट्रीय शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर जनपद सम्भल में कार्ययोगी भारत निर्माण एवं शिक्षक चेतना विकास विषय पर एक प्रेरणादायी एवं सार्थक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।यह आयोजन राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशन में तथा भारतीय चरित्र निर्माण संस्था, दिल्ली के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ हर्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सम्भल में हुआ। इस अवसर पर जनपद के बहजोई एवं बनियाखेड़ा विकास खंडों से लगभग 400 द्द500 शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन स्वामी कृष्णानंद झा द्वारा किया गया। अध्यक्षता पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक श्यामा कुमार ने की। मुख्य वक्ता रामकृष्ण गोस्वामी ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में शिक्षकों में राष्ट्र निर्माण की चेतना, शैक्षिक मूल्यों के संवर्धन तथा समर्पण भावना के सशक्तिकरण पर विशेष बल दिया। राजेश गुप्ता, प्रधानाचार्य, एस.एम. इंटर कॉलेज, प्रधानाचार्य प्रहलाद सिंह गुज्जर, तथा शिक्षिका बबीता यादव ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम है और शिक्षक इस परिवर्तन के मूल प्रेरक हैं। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राम कृष्ण गोस्वामी संस्थापक अध्यक्ष भारतीय चरित्र निर्माण संस्थान ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान के संवाहक नहीं, बल्कि चरित्र और संस्कार के निर्माता हैं।

## जंगल में लकड़ी बीनने गया व्यक्ति लापता

*** परिजनों ने नदी में डूबने की आशंका जताई**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** घर से जंगल में लकड़ी बीनने के लिए निकला एक मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति अचानक कहीं लापता हो गया।गांव के अंदर से गुजर रही भाखड़ा नदी के बाहर उसकी चप्पल मिलने पर परिजन उसके नदी में डूबने की आशंका जता रहे हैं।मामले को लेकर परिजन प्रशासन से गोताखोरों की मदद से उसकी खोजबीन की मांग कर रहे हैं।मामला कोतवाली क्षेत्र के रतनपुरा गांव का बताया जा रहा है।गांव की रहने वाली रीना देवी ने शनिवार को बताया कि उसका 35 वर्षीय पति प्रेमकिशोर मानसिक रूप से कमजोर है।शुक्रवार की शाम चार बजे वह घर से लकड़ी बीनने के लिए निकले थें लेकिन रात तक उनके घर नही पहुंचने पर परिजनों ने खोजबीन की मगर कोई सफलता नही मिली।इसके बाद गांव में घर से करीब कुछ दूरी पर गुजर रही भाखड़ा नदी के पास उसकी चप्पलें पड़ी मिलने से परिवार नदी में डूबने की आशंका जताने लगे।वही परिजनों ने पुलिस को तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग की है।

## मिलकखानम का किया गया आकस्मिक निरीक्षण



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मिलकखानम।** अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा थाना मिलक खानम का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय पर बने त्यौहार रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, फ्लाई शीट आदि एवं उनके रख रखाव, साफ-सफाई, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टयों को चैक किया गया, साथ ही थाना परिसर में बने मिशन शक्ति केन्द्र की कार्यप्रणाली का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## कोर्ट के आदेश पर ट्रक चोरी मे मुकदमा दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता**

**पटवाई।** सिविल लाइंस के रहने वाले जफर का कहना है की प्राथी एक ट्रक ड्राइवर है 12 सितम्बर को जफर अपने ट्रक को लेकर रामपुर से शाहबाद की और जा रहा था कि अचानक रहेटगंज गांव के पास जमीदार ढाबे से पहले ट्रक के इंजन में खराबी हो गई जिस वजह से प्रार्थी ट्रक को साइड में खड़ा करके मैकेनिक लेने के लिए पटवाई गया हुआ था रात ज्यादा होने की वजह से मकेनिक नहीं मिल पाया प्रार्थी जब वापस आया तो वहां से ट्रक गायब था काफी तलाश करने के बावजूद वाहन नहीं मिला तो जफर ने 13 सितम्बर को थाना पटवाई में वाहन चोरी की तहरीर दी लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं करी तो उसके बाद 15 सितंबर को युवक ने पुलिस अधीक्षक के यहां प्रार्थना पत्र दिया लेकिन वहां से भी कोई कार्रवाई नहीं हुई प्रार्थी ने मजबूरन होकर न्यायालय की शरण ली उसके बाद कोर्ट के आदेश पर मुकदमा पंजीकृत हुआ।

## बाबा जाहरवीर के मंदिर पर किया जलाभिषेक



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मसवासी।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महिलाओं ने खुशहालपुर में कलश यात्रा निकालकर बाबा जाहरवीर के मंदिर पर जलाभिषेक किया और पूजा अर्चना की। रविवार को खुशहालपुर के जाहरवीर मंदिर पर पहले महिलाओं ने पूजा अर्चना की और उसके बाद पीले वस्त्र धारण कर सिरों पर कलश रखकर मंगल गीत गाते हुए पट्टी कला कोसी नदी पहुंची और कोसी नदी से जल भरकर पैदल ही खुशहालपुर के लिए चल पड़ी। रहमतगंज समेत आसपास के गांव में जिधर से कलश यात्रा गुजरी कलश यात्रा में शामिल महिलाओं का पुष्प बरसा कर और जलपान कराकर स्वागत किया गया महिलाएं मंगल गीत गाते हुए चल रही थी जैसे ही कलश यात्रा गांव के मुख्य द्वार पर पहुंची ग्रामीणों ने कलश यात्रा का जमकर स्वागत किया और बाबा जाहरवीर के नारे लगाए महिलाओं ने पूजा अर्चना करने के बाद मंदिर में जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की और मन्नते मांगी। इस मौके पर कलश यात्रा के साथ टीकाराम, राजेंद्र कृष्ण गोपाल विक्की पवन संजीव कुमार सुशील कुमार पुष्पा गंगा देवी मीणा रीना सुशीला चंचल सुनीता सरोज कमल राखी सनम राधा आदि महिलाएं शामिल रही।

## वामा वेलनेस कैम्प का आयोजन किया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य एवं कल्याण को ध्यान में रखते हुए वामा सारथी, उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा वामा वेलनेस कैम्प का आयोजन डॉ0 लाल पैथ लैब की सहभागिता से किया गया। इस कैम्प में पुलिस कार्मिकों एवं उनके आश्रितों के लिये विशेष दरों पर स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई गयी । जनपद में वामा वेलनेस कैम्प में कुल 429 कर्मियो/आश्रितों द्वारा कैम्प का लाभ प्राप्त किया गया।

## तुरैहा समाज के लोग राजनीति में हो सक्रीय



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अन्तर्गत सराय गेट स्थित बाबा तुरैहा रामस्वरूप जी की समाधि, माता सन्तोषी के मन्दिर पर तुरैहा मछुआ समाज की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए समाज के जिला अध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने कहां कि पंचायत चुनाव की तैयारी पूरे जोर शोर से चल रही है । ग्राम पंचायत के बी0एल0ओ0 घर घर जाकर शैट नये वोट बना रहे है इसलिए समाज के सभी साथी 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके अपने बच्चों के अधिक से अधिक वोट बनवाये, जिससे हर ग्राम में आबादी के अनुसार समाज और मजबूत होकर खड़ा हो सके।

समाज के जनप्रतिनिधि जो किसी भी पार्टी से सम्बंधित हो अपनी-अपनी ग्राम पंचायत में अपने आप को मजबूती के साथ चुनाव लड़े आज समाज का हर संगठन सरकार के साथ निरन्तर साथ खड़ा है, इसलिए सरकार में संगठन में बैठे वरिष्ठ साथी हमारे समाज के लोगो को उचित प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्रदान करें।

## रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** शहर विधायक श्री आकाश सक्सेना ने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह की उपस्थिति में मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के परिसर से प्रातः 11ः30 बजे विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा दस्तक अभियान का शुभारंभ करते हुए जागरुकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

रैली मुख्य मार्ग से होते हुए कार्यालय जिला मलेरिया अधिकारी में सम्पन्न हुई। इस दौरान मा. शहर विधायक ने अभियान के सफल कियान्वयन हेतु सभी को संचारी रोगों पर नियंत्रण हेतु शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान (5 से 31 अक्टूबर 2025) एवं दस्तक अभियान (11 से 31 अक्टूबर 2025) का सफल क्रियान्वयन किया जाना है। संचारी रोगों पर नियंत्रण हेतु सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जानकारी दी गई।

## बालिकाओं में कराई प्रतियोगिता



**उत्तम भारत संवाददाता**

**पटवाई।** शनिवार को मिशन शक्ति पांच के तहत महिला सुरक्षा दल की टीम ने क्षेत्र के मुड़िया खेड़ा गांव के कंपोजिट विद्यालय में खो-खो कबड्डी व दौड़ की प्रतियोगिता का आयोजन कराया। साथ ही विद्यालय में छात्राओं को सुरक्षा महिला अपराधों के प्रति जागरूक किया। महिला उपनिरीक्षक सरोज के नेतृत्व में महिला सुरक्षा दल की कंपोजिट विद्यालय पहुंची।

## कुमल लगाकर सोने चांदी के आभूषण चोरी



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मिलक।** रामपुर कुमल लगाकर बक्से में रखें सोने चांदी के आभूषण चोरी। चोरों के हौसले बुलंद है एक ही रात में दो घरों को बनाया निशाना दोनों घरों के परिवार घर से बाहर रहकर मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करते हैं। शुक्रवार 3 अक्टूबर 2025 की रात को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम देवरी बुजुर्ग के मझरा प्यारे पुर में चोरों ने दो घरों को बनाया अपना निशाना जिसमें दोनों घरों में दीवार में कुमल लगाकर सोने चांदी के आभूषण चोरी। रविवार 5 अक्टूबर 2025 को देवरी बुजुर्ग का मझरा प्यारे पुर निवासी धर्मपाल पुत्र कृपाल सिंह ने थाना मिलक जिला रामपुर में प्रार्थना पत्र दिया जिसमें चोरी किए गए सामान की पुलिस को सूचना दी है जिसमें लिखा है कि पीड़ित अपने परिवार के साथ घर से बाहर मेहनत मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करता हैं। शुक्रवार 3 अक्टूबर 2025 को सूचना मिली कि मेरे घर में कुमल लगाकर रात में कुछ लोगों ने चोरी कर ली तब शनिवार 04 अक्टूबर 2025 को अपने घर आया और देखा कि घर मे रखा समान जिसमें एक सोने की अंगूठी, पैर की पायल, सोने की कुंडल, गले की तीन चांदी की चेन थी जो चोरों ने घर के पीछे खाली पड़ा खेत से दीवार में कुमल लगाकर उक्त सामान को चोर चोरी करके अपने साथ ले गए।

## पुलिस द्वारा आमजन को किया गया जागरूक



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** साइबर जागरूकता अभियान के तहत थाना साइबर क्राइम, रामपुर पुलिस द्वारा अम्बेडकर पार्क एवं शाहबाद गेट पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक थाना साइबर क्राइम, मुख्य आरक्षी नितिन कुमार, मुख्य आरक्षी राहुल सिंह एवं आरक्षी शील रतन गौतम द्वारा उपस्थित नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के संबंध में विस्तारपूर्वक निम्न जानकारी दी गई 1.किसी भी अनजान लिंक, कॉल या संदेश पर विश्वास न करें । 2.ओटीपी, पासवर्ड या बैंक विवरण किसी के साथ साझा न करें । 3.सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी सार्वजनिक न करें । किसी भी प्रकार की साइबर ठगी या ऑनलाइन अपराध होने पर तत्काल 1930 (साइबर हेल्पलाइन) या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें ।

## थाना कैमरी का किया गया आकस्मिक निरीक्षण



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा थाना कैमरी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय पर बने त्यौहार रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, फ्लाई शीट आदि एवं उनके रख रखाव, साफ-सफाई, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टियों को चैक किया गया, साथ ही थाना परिसर में बने मिशन शक्ति केन्द्र की कार्यप्रणाली का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## अभियान प्रारंभ किया गया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** सभी सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि विद्युत विभाग द्वारा अक्टूबर माह से सक्सेस स्टोरी अभियान के अंतर्गत लाइन हानियां एवं AT &C हानियां को कम करने के लिए अभियान प्रारंभ किया गया है

1-इसमें उपभोक्ताओं के परिसर पर स्मार्ट मीटर एवं आर्म्ड केबल लगाने का कार्य 2-उपभोक्ता के परिसर से मीटर बाहर लगाने का कार्य गलत 3-गलत विधा में चल रहे संयोजन को सही करने का कार्य 4-भार वृद्धि 5-उपभोक्ता को उसकी सही रीडिंग के आधार पर बिल निर्गत करने का कार्य 6-गलत विद्युत बिल को सही करने का कार्य 7- विजिलेंस टीम द्वारा विद्युत चोरी रोकने पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। सभी सम्मानित उपभोक्ताओं से निवेदन है कि यदि उनके विद्युत संयोजन में उपरोक्त कोई कमियां है तो उसे खंडित कार्यालय या उपखंड कार्यालय में जाकर सही करवा लें। तथा नियमित विद्युत का भुगतान करें। विभाग उपभोक्ता की सेवा के लिए सदैव तत्पर है।

## भाजपा कार्यालय पर आयोजित सेमिनार



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि जीएसटी में कटौती कर केंद्र सरकार ने देश की जनता को राहत देने का कार्य किया है। यह निर्णय न सिर्फ दीवाली का उपहार है, बल्कि यह निर्णय देश और भारतीयों की आर्थिक समृद्धि का भी कारण बनेगा। राम विहार स्थित भाजपा कार्यालय पर नगर विधानसभा क्षेत्र के जीएसटी और आत्मनिर्भर भारत सेमिनार का आयोजन किया गया। भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल, शहर विधायक आकाश सक्सेना व जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने मां भारती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि देशभर में त्योहारों की रौनक के बीच केंद्र सरकार ने आम जनता और व्यापारियों को बड़ा तोहफा दिया है। इसके तहत 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की स्लैब को सरल बनाते हुए ज्यादातर वस्तुओं को 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की श्रेणियों में शामिल किया गया है।

## समस्या को सुनकर मौके पर किया निस्तारण



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** थाना गंज क्षेत्रां के ग्राम काशीपुर में एक नई पहल के क्रम में मुझे प्रभारी निरीक्षक द्वारा चौकी प्रभारी मंडी सुश्री राजवेन्द्र कौर को साथ लेकर ग्राम के लोगों की जन समस्याओं को लेकर जनसुनवायी बैठक का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम काशीपुर के लगभग 30-40 लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनकर मौके पर ही निस्तारण किया गया

इस जनसुनवायी बैठक का आयोजन मुख्य रूप से थाना चौकी आने वाले पीड़ितो/शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को मौके पर ही सुनकर निस्तारित किया जा सके ताकि शिकायतकर्ताओं को थाने/चौकी के चक्कर न लगाने पडे और न ही अनावश्यक रूप से आईजीआरएस डालने की जररूत पडे व थाना पुलिस व जनता के मध्य समन्वय स्थापित रहे साथ ही उक्त बैठक में लोगों को सायबर अपराध के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया

## पीट-पीटकर हत्या के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार



**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** रास्ते से निकलने के विवाद को लेकर एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने नामजद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त लाठी-डंडों को बरामद कर किया।ज्ञात हो कि शुक्रवार की रात रुद्रपुर उत्तराखंड के मुहल्ला रेशम बाड़ी निवासी जहांगीर अपने दोस्त हरीश के साथ उत्तराखंड बार्डर से सटे क्षेत्र के गांव खानपुर नई बस्ती में अपने दोस्त सूबा सिंह से मिलकर गांव में टहल रहे थे। सूबा सिंह के पड़ोसी उसके ममेरे भाइयों द्वारा टोकने पर विवाद हो गया।धीरे-धीरे विवाद बढ़ने पर दोनों को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया था। जिसके चलते जहांगीर की उपचार के दौरान मौत हो गई थी।

## महिला शाखा ने अलंकृत किया शारदीय नवरात्रों को



**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** अखिल भारतीय सर्व वैश्य एकता महासभा की महिला शाखा द्वारा शारदीय नवरात्रों के उपलक्ष्य में नवरात्रि डांडिया संध्या का भव्य आयोजन हाईवे स्थित एक रेस्टोरेंट में किया गया। पूरे परिसर को आकर्षक साज-सज्जा से सजाया गया था, जहां ÷जय मां अम्बे÷ और ÷जय श्री राम÷ के उद्गारों के साथ माँ दुर्गा के पूजन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष चित्रक मित्तल एवं उनकी धर्मपत्नी, महिला समन्वय शाखा की संयोजिका निवेदिता मित्तल द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।अपने उद्बोधन में श्री चित्रक मित्तल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में संस्कार, सौहार्द और सांस्कृतिक एकता को सुदृढ़ करते हैं।

## जिला ईकाई रामपुर का त्रौवार्षिक अधिवेशन



**जिला सचिव बनें राजू नरेश वाल्मीकि**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** नगर के मुहल्ला भट्टी टोला स्थित एक होटल में रविवार को पंजाब एंड सिंध बैंक स्टाफ एसोसिएशन जिला ईकाई रामपुर का त्रौवार्षिक अधिवेशन जिला कन्वेनर राजू नरेश वाल्मीकि के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ सर्व प्रथम बरेली से चलकर आए मुख्य अतिथि सतीश चन्द्र शर्मा उपाध्यक्ष आल इंडिया पंजाब एंड सिंध बैंक आफिसर फ़ेडरेशन कोड 91वशिष्ठ अतिथि प्रेम नरेश वाल्मीकि का फूल माला पहनाकर स्वागत किया।मुख्य अतिथि ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी को संगठित होकर यूनियन को बेहतर तरीके से चलाना है,अगर किसी प्रकार कि कोई भी दिक्कत हो वह यूनियन को अवगत कराए उसकी समस्या का उच्च अधिकारियों से वार्ता करके जल्द समाधान कराया जाएगा,वही विशिष्ट अतिथि प्रेम नरेश वाल्मीकि कि द्वारा जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया।

## दो दिन बाद भाखड़ा नदी में मिला शव



**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** घर से लापता हुए मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति का शव भाखड़ा नदी से दो दिन बाद बरामद होने पर परिजनों में हड़कंप मच गया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया है।कोतवाली क्षेत्र के रतनपुरा गांव का रहने वाला (42)प्रेमकिशोर मानसिक रूप से कमजोर था।मृतक की पत्नी रीता देवी ने बताया कि उसका पति शुक्रवार की शाम चार बजे जंगल से लकड़ी बीनने की बात बोलकर घर से निकला था,और रात तक नही लौटा जब उसकी खोजबीन की गई तो,घर से करीब दो-सौ मीटर की दूरी पर गुजर रही भाखड़ा नदी के पास चप्पले मिलने पर उसके नदी में डूबने की आंशका जताई थी।शनिवार को पूरा दिन गांव के कुछ लोगों द्वारा नदी में उसके पति के तलाश की पर कोई सफलता हाथ नहीं लगी।वही उसने पुलिस को तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग की गई थी।रविवार की सवेरे करीब छह बजे प्रेमकिशोर का शव नदी में झाड़ियों में फंसा मिलने की सूचना पर रोते-बिलखते पहुंचें परिजनों की चीख-पुकार मच गई।उधर सूचना के आधार पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को नदी से बरामद करने के बाद अपने कब्जे में ले लिया।प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया है,विधिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## पंजाब बाढ़ इलाकों में भेजी राहत समाग्री



**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** मुस्लिम समाज ने राहत समाग्री एकत्र करने के बाद पंजाब राज्य में बाढ़ पीड़ितों के लिए दो गाड़ियों के माध्यम से रवाना किया।इस दौरान उन्होंने गंगा-जमुनी तहजीब और एकता की मिसाल सदा ऐसे ही कायम रखने का आह्वान किया।मदरसा जमाले मुस्तुफा व मदरसा गुलशने हनीफ दारूल उलूम जमाले मुस्तुफा के बैनर तले रविवार की पूर्वाह ग्यारह बजे तमाम मुस्लिम समाज के लोग एकत्र होकर ईदगाह पहुंचें इसके पश्चात पंजाब बाढ़ प्रभावित इलाकों में दो गाड़ियों के माध्यम से भेजी जा रही राहत समाग्री को मुख्य चौराहे पर पीरे तरीकत सय्यद सलीम मियां व मौलाना कय्यूम नईमी और जामा मस्जिद के इमाम कारी अफ़रोज़ आलम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस दौरान आयोजकों ने बताया कि पिछले दिनों पंजाब राज्य में आई बाढ़ से वहां के लोगों का बहुत नुकसान हुआ।लेकिन पंजाब को नुकसान से उभारने के लिए प्रत्येक समाज बढ़-चढ़कर हिस्सा लें रहा है,और वहां के लोगों के लिए मदद भेज रहा।

## युवक ने उपचार के दौरान तोड़ा दम



**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** सामान खरीदकर वापिस घर लौट रहे एक युवक को हाईवे पर तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।वही पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला डाम कॉलोनी के रहने वाले पप्पू का 27 वर्षीय पुत्र गौरव दिहाड़ी मजदूरी करने के बाद अपने परिवार का भरण-पोषण करता था।परिजनों के मुताबिक वह शनिवार की देरशाम मुख्य चौराहे के निकट वह कुछ सामान लेने आया था।इसके बाद वह हाईवे से होता हुआ पैदल वापिस घर लौट रहा था तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार पिकअप ने उसे जबरदस्त टक्कर मार दी। दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे पहले सीएचसी और इसके बाद चिकित्सकों ने उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया मृतक के शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया है, तहरीर प्राप्त होने पर अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## ई रिक्शा पलटने से एक महिला एक पुरुष घायल



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** शाहबाद रोड़ पर अजीतपुर परिवहन विभाग कार्यालय निकट शुक्रवार की बाजार मोड़ पर किसी अज्ञात दोपहिया वाहन ने ई0 रिक्शा के आगे कट मारने पर रिक्शा बेकाबू होकर पलट गाई जिसमें बैठी दो महिलाओं में से एक महिला सवार घायल हो गाई जिसकी सूचना महिला के परिजनों को दी गाई ओर मौके पर एंबुलेंस को फोन किया है मौके पहुंची एंबुलेंस की सहायता से ई0 रिक्शा चालक और घायल महिला को जिला अस्पताल में उपचार के लिया भेज दिया रोड़ सेफ्टी कमेटी सदस्य एनजीओ के अध्यक्ष ने बताया कि पटवाई जोलपुर रोड़ गांव सोहना मोड़ वजरफूट रेता सीमेंट दुकान के सामने दोपहिया वाहन के तेज से कट मारने पर सवारी भरी विना पंजीकरण ई0 रिक्शा पटल गई पटवाई जोलपुर गांव शहदपुर तक रिक्शा संचालित होती ई0 रिक्शा चालक के घायल परिवार वाले कोई कार्यवाही नहीं चाहते थे इसलिए घायलों का केवल उपचार कराया गया है वही एनजीओ के अध्यक्ष ने बताया कि रामपुर से शाहबाद रोड पर गड्ढे और सड़क के किनारे चल रहे निर्माण कार्य की वजह से बाजार फूट पड़ा है ऐसे में ई-रिक्शा क्या आने जाने पर रोक लगा देनी चाहिए क्योंकि रिक्शा चालक ओवर सवारियां भरकर सड़कों पर हाई स्पीड से दौड़ते हैं जिससे बड़ी दुर्घटना होने की संभावना अधिक बनी रहती है

# संक्षिप्त समाचार

## बच्चियों के साथ दोपहर का भोजन किया



**रामपुर।** मिशन शक्ति अभियान के तहत राज्य महिला आयोग की सदस्य मा. सुनीता सैनी के द्वारा ग्राम पंचायत मैडेयान उदयराज में लंच विथ लाडली के तहत ग्राम पंचायत की बच्चियों के साथ दोपहर का भोजन किया गया। तत्पश्चात ग्राम पंचायत की अन्य महिलाओं, किशोरियों के साथ मिशन शक्ति पर विस्तार से चर्चा की गयी। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी चमरौवा, ग्राम प्रधान, एवं अन्य मौजूद रहे।

## आरोपी को किया गिरफ्तार



**सैफनी।** सैफनी पुलिस ने विवेक पुत्र शेर सिंह नि0ग्राम ताजपुर बहेटा थाना सैफनी जिला रामपुर को छूरे के साथ पकड कर किया गिरफ्तार शनिवार को विवेक पुत्र शेर सिंह को देखकर गाली गलौच करना, लात घूसों से मारपीट करना तथा आरोपी द्वारा अपने घर में घुसकर छुरा निकाल लाना तथा जान से मारने की धमकी देने के संबंध में तहरीर उपलब्ध करायी गयी जिसके आधार पर थाना सैफनी पर मु0अ0सं0- 188/2025 धारा 115(2)/352/351(2) व 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया तथा आरोपी को हिरासत पुलिस में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

## वाँछित अभियुक्त गिरफ्तार



**भोट।** वादी द्वारा द्वारा थाना भोट पर तहरीर किया कि 1. अरविन्द्र पुत्र प्रेमपाल नि0 ग्राम हरलालपुर थाना बाजपुर जिला उधमसिंह नगर उत्तराखण्ड 2. संजय पुत्र नन्हे 3. सोनम पत्नी संजय नि0गण मुढापाण्डे थाना मुढापाण्डे जिला मुरादाबाद के द्वारा वादी की पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गये है, जिसके सम्बन्ध में मु0अ0स0 107/25 धारा 137(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया ।

## वाँछित अभियुक्त गिरफ्तार



**बिलासपुर।** वादी द्वारा तहरीरी सूचना दी गयी कि अभि0गण 1. गुरजीत सिंह पुत्र दलवीर सिंह, 2. गुरमीत सिंह पुत्र दलवीर सिंह, 3. सुरेन्द्र सिंह पुत्र भजन सिंह निवासी गण खानपुर नई बस्ती थाना बिलासपुर जनपद रामपुर, 4. पडोसी नाम पता अज्ञात द्वारा वादी के भाई जहागीर पुत्र आश मौहम्मद निवासी रेशम बाडी थाना रुद्रपुर जिला ऊधमसिंहनगर व उसका दोस्त हरीश पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी रेशम बाडी थाना रुद्रपुर जिला उधमसिंहनगर को रास्ते में निकलने को लेकर गाली गलौज करना व लाठी डंडो से मारपीट करना, जिससे वादी के भाई की उपचार के दौरान मृत्यु हो जाना व वादी के दोस्त हरीश को गम्भीर चोट आने व मौके पर ही गिर जाने के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना बिलासपुर पर मु0अ0सं0-306/25 धारा- 105/110/352 बीएनएस पंजीकृत किया गया था ।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**बिलासपुर ।** वादिनी द्वारा थाना बिलासपुर पर सूचना दी कि नफीश अहमद पुत्र रफीक अहमद नि0 मौ0 सिघाडियान कस्बा व थाना कैमरी जनपद रामपुर हाल नि0 टाण्डा हुरमतनगर कस्बा व थाना बिलासपुर जनपद रामपुर द्वारा बाथरुम में नहाते समय वादिनी की फोटो व वीडियो बनायी गयी तथा दिनाँक 27.08.2024 को वादिनी के घर मे घुसकर वादिनी के साथ जबरन दुष्कर्म किया गया । दिनाँक 22.09.2025 को वादिनी को जान से मारने की नियत से चूहे मार दवाई खिलाई गयी । वादिनी द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना बिलासपुर पर मु0अ0सं0- 300/25 धारा- 333,64(2)(ड) ,77, 351(3) बीएनएस पंजीकृत किया गया था ।

## वाँछित हिस्ट्रीशिटर गिरफ्तार



**स्वार।** थाना स्वार, रामपुर पुलिस द्वारा गश्त / चैकिंग के दौरान महमूद पुत्र मो0 अहमद निवासी ग्राम मीरापुर थाना स्वार जनपद रामपुर को 01 अदद नाजायज तंमचा 12 बोर मय 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ बूढी दडियाल वाली मोड पर बनी पुलिया से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना स्वार पर मु0अ0सं0-420/2025 धारा- 3/25 पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।

## मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**सैफनी।** वादी द्वारा अन्य व्यक्तियों की सहायता से आरोपी विवेक पुत्र शेर सिंह नि0ग्राम ताजपुर बहेटा थाना सैफनी जिला रामपुर को छूरे के साथ पकड कर थाने लाया गया तथा दिनांक 04/10/2025 को विवेक पुत्र शेर सिंह उपरोक्त द्वारा वादी को देखकर गाली गलौच करना, लात घूसों से मारपीट करना तथा आरोपी द्वारा अपने घर में घुसकर छुरा निकाल लाना तथा जान से मारने की धमकी देने के संबंध में तहरीर उपलब्ध करायी गयी जिसके आधार पर थाना सैफनी पर मु0अ0सं0- 188/2025 धारा 115(2)/352/351(2) आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया तथा आरोपी को हिरासत पुलिस में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।

## 01 नफर वारंटी गिऱफ्तार

**सिविल लाइन।** 01 वारन्टी नदीम खां पुत्र सादिक अली नि0 घेर मौ0 मुनव्वर खां जेल रोड थाना कोतवाली रामपुर सम्बन्धित परिवाद संख्या 97/25 को उसके घर से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।

## चालक और परिचालक की मौत



**दढ़ियाल।** काशीपुर आईजीएल से गैस भर कर हरिद्वार को जा रहे कैप्सूल अफजलगढ़ की पुलिस चौकी के पास वाहन को बचाने के प्रयास में खंती में पलट गया। हादसा शनिवार की रात 2 .30 का बताया जा रहा है। जिससे वाहन चालक सत्यपाल सिंह 30 वर्ष पुत्र रामपाल सिंह क्लीनर रोविन उर्फ भोला 20 वर्ष पुत्र इंद्रपाल सिंह निवासी पीपली नायक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला बिजनौर भेज दिया। वहीं मौत की खबर मिलते ही परिजनों में मातम छा गया। सत्यपाल अपने पीछे एक बेटा आठ वर्ष और पत्नी छोड़ गया है ,जबकि रोबिन चार बहनों में अकेला भाई था। एक वहन की शादी हो चुकी है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## वेलफेयर एसोसिएशन में तीनों नए सदस्य शामिल



**शाहबाद।** हर माह की तरह इस बार भी रविवार 5 अक्टूबर को शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन रजिस्टर्ड की मासिक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता संरक्षक वीपी विद्यार्थी ने की। बैठक में तीनों कार्यकारी अध्यक्षों आकाश शंकर, राजीव भटनागर और अभिषेक शर्मा का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। इससे पहले तीन नए सदस्यों फैज़ अलीम मियां, मो. जुबैर और तालिब खां ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। बैठक में बोलते हुए अध्यक्ष आफताब ने कहा कि सभी साथी पत्रकारों पर होने वाले अन्याय के खिलाफ एकजुट होकर आवाज़ बुलंद करें। महासचिव सिफत मियां ने सभी लोगों से एकजुट रहने का आव्हान किया।

# कलाग्राम सोसाइटी के अभयम संगीतमय कार्यक्रम से भाव-विभोर हुए श्रोता

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** जिला प्रशासन, नगर निगम के संयुक्त तत्वावधान में चाय चौपाल के सहयोग कलाग्राम सोसाइटी द्वारा संगीत संध्या आयोजित की गई। चिन्मय ऑडिटोरियम में अभयम शीर्षक पर आधारित यह कार्यक्रम गुरुग्राम के लिए यादगार बन गया। शनिवार की देर शाम तक चला यह कार्यक्रम मानवीय मूल्यों पर आधारित कलात्मक प्रस्तुतियों से गहरी छाप छोड़ गया।

कार्यक्रम की शुरूआत में मंच पर जब विदुषी रमा सुंदर रंगानाथन ने अपने सधे हुए स्वर में निर्भयता की अनुभूति को स्वरबद्ध किया तो वातावरण भक्ति और साहस की अनोखी ऊर्जा से भर उठा। उनके



साथ संगति कर रहे कलाकारों पं. भारत भूषण गोस्वामी (सारंगी), उस्ताद अख्तर हसन (तबला), पं. हरीश चंद्र पति (पखावज) और प्रशांत कुमार (चरखा) ने अपनी वादन कला से भाव-विभोर कर दिया। अभयम कार्यक्रम ने न केवल गुरुग्राम के सांस्कृतिक परिदृश्य में एक नई ऊंचाई जोड़ी, बल्कि यह सिद्ध किया कि जब कला और आत्मा का संगम होता है तो संगीत केवल सुना नहीं, बल्कि अनुभव किया जाता है।

कार्यक्रम का निर्देशन कलाग्राम सोसाइटी की निदेशक शिखा गुप्ता ने किया। उन्होंने कहा कि अभयम सिर्फ एक प्रस्तुति नहीं, बल्कि मनुष्य के भीतर बसे उस साहस को जगाने का प्रयास है, जो कठिन समय में भी उसे स्थिर रखता है। कार्यक्रम का संचालन मीनाक्षी पांडे और प्रीति मिश्रा ने किया।

# स्वदेशी उत्पादों पर खर्च किया गया हर रुपया हमारी अर्थव्यवस्था को करेगा मजबूत: राव नरबीर सिंह

- उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री ने फर्रुखनगर में प्रजापति कुम्भकार संघ के मिशन माटी दीप महोत्सव में की शिरकत
- कैबिनेट मंत्री ने किया नगर पालिका कार्यालय और लाइब्रेरी भवन का शिलान्यास

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम, प्रवेश शर्मा।** उद्योग एवं वाणिज्य तथा पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर इस बार हर देशवासी को वोकल फॉर लोकल के संकल्प के साथ स्वदेशी दीपों से दिवाली मनानी चाहिए। भारतीय उत्पादों पर खर्च किया गया हर रुपया न केवल देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त करेगा, बल्कि रोजगार सृजन में भी योगदान देगा और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करेगा।

राव नरबीर सिंह शनिवार की देर शाम फर्रुखनगर में प्रजापति कुम्भकार संघ द्वारा आयोजित 9वें मिशन माटी दीप महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम से पूर्व सामुदायिक केंद्र परिसर में सामूहिक रूप से 5151 दीपों का प्रज्वलन किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने नगर पालिका फर्रुखनगर कार्यालय और लाइब्रेरी भवन का भी शिलान्यास किया। राव नरबीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल-लोकल फॉर ग्लोबल दृष्टिकोण को आज देशभर में अद्भुत समर्थन मिल रहा है। हर नागरिक का यह नैतिक दायित्व है कि वह राष्ट्रहित में स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दे और विदेशी



वस्तुओं की निर्भरता को कम करे। उन्होंने प्रजापति समुदाय की सराहना करते हुए कहा कि प्रजापति समाज हमारी परंपराओं, संस्कृति और स्वदेशी पहचान का जीवंत प्रतीक है। उनके द्वारा बनाए गए मिट्टी के दीए न केवल घरों में उजाला करते हैं, बल्कि भारतीय कला और कौशल का संदेश भी देते हैं।

राव ने कहा कि दिवाली केवल रोशनी और उल्लास का पर्व नहीं, बल्कि यह आर्थिक आत्मनिर्भरता का उत्सव भी है। जब हम मिट्टी के दीए जलाते हैं, तो केवल घर नहीं, बल्कि देश के प्रजापति समाज के जीवन में भी प्रकाश फैलाते हैं। उन्होंने कहा कि आज भी हमारे देश में लाखों कुम्हार, बढ़ई, हस्तशिल्पी और छोटे व्यापारी अपनी मेहनत से भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं।

राव नरबीर सिंह ने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे इस बार प्लास्टिक मुक्त दीपावली मनाएं। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक के उपयोग को त्यागें और मिट्टी के दीयों, कपड़े के थैलों, और प्राकृतिक सजावट का प्रयोग कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सरकार स्वदेशी उद्योगों के विकास के लिए लगातार कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार का लक्ष्य है कि हरियाणा का हर क्षेत्र आत्मनिर्भर और औद्योगिक रूप से मजबूत बने। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय मूर्तिकार नरेश कुमावत, नगर पालिका फर्रुखनगर के अध्यक्ष बीरबल सैनी, उप चेयरमैन प्रदीप, संस्था के प्रधान सूरत सिंह, उपप्रधान देवकरण, सचिव दिनेश, सरपंच एसोसिएशन के प्रधान तथा हाजीपुर के सरपंच धर्मपाल सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# जेल से पैरोल पर फरार हुआ उम्रकैद का अपराधी गिरफ्तार

- हत्या के केस में आजीवन कारावास की सजा काट रहा

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** हत्या के केस में आजीवन कारावास की सजा काट रहा एक अपराधी पैरोल पर जाकर फरार हो गया। वह 24 जनवरी 2025 को पैरोल पर जेल से बाहर आया था। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। गुरुग्राम पुलिस ने अब उसे तमिलनाडू से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने रविवार को बताया कि आरोपी उत्तर प्रदेश के हाथरस का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार पांच अप्रैल 2025 को गुरुग्राम जिला जेल भौंडसी के अधीक्षक की ओर से पुलिस थाना भौंडसी में शिकायत दी गई।



जिसमें कहा गया था कि सेक्टर-50 पुलिस थाना में दर्ज केस संख्या 67 में हत्या का आरोपी सुभाष निवासी सदा बाग गेट गद्देवाला मोहल्ला जिला हाथरथ उत्तर प्रदेश 23 फरवरी 2021 से भौंडसी जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। वह 24 जनवरी 2025 को भौंडसी जेल से पैरोल पर गया था। पांच अप्रैल 2025 को उसे पैरोल अवधि समाप्त होने पर वापस जेल लौटना था। इस अवधि के पूरा होने के बाद भी वह जेल में हाजिर नहीं हुआ।

इस बारे में भौंडसी पुलिस थाना में केस दर्ज करके अपराधी की तलाश शुरू की गई। अपराध शाखा सेक्टर-40 व पुलिस थाना भौंडसी गुरुग्राम की पुलिस टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए पैरोल जंपर अपराधी सुभाष को को तमिलनाडु से गिरफ्तार किया।

आरोपी सुभाष फरार होने के बाद तमिलनाडु में ही रह रहा था। आरोपी के अपराधिक रिकॉर्ड से पता चला है कि उस पर हत्या करने का एक केस गुरुग्राम में दर्ज है। उसी केस में उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। आरोपी पुलिस से बचने के लिए दिल्ली व तमिलनाडु में फरारी काट रहा था। पुलिस टीम द्वारा आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# नेत्रों के मामले में नहीं होनी चाहिए कोई लापरवाही: डा. त्रिलोकनाथ आहूजा

- आश्रम हरि मंदिर पटौदी में नेत्र जांच शिविर में कही यह बात

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** नेत्र हमारे शरीर का अनमोल अंग हैं। ये हमें दुनिया का हर रंग दिखाते हैं। इनके मामले में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। हमें अपने मरणोपरांत नेत्रों का दान भी करना चाहिए, ताकि हमारे बाद भी हमारे नेत्र जिंदा रहें और किसी की राह को रोशन कर सकें। यह बात निरामया चेरिटेबल ट्रस्ट के प्रमुख डा. त्रिलोकनाथ आहुजा ने आश्रम हरि मंदिर पटौदी में नेत्र जांच शिविर में कही। रविवार को इस शिविर में 217 लोगों की नेत्र जांच की गई। आश्रम हरि मदिर पटौदी के प्रांगण में स्थित साध केयर हॉस्पिटल में एम्पथि फाउंडेशन के सौजन्य से



निरामया चेरीटेबल ट्रस्ट द्वारा यह शिविर लगाया गया। महीने के पहले रविवार को नेत्र जांच शिविर इसी स्थान पर आयोजित किया जाता है। रविवार को इसमें 217 लोगों ने नेत्र जांच कराई। इनमें से 57 मरीज आंखों की कमजोरी से पीड़ित पाए गए। 33 मरीज मोतियाबिन्द से ग्रसित पाए गए। उन्हें आहूजा हॉस्पिटल ले जाया जाएगा और मुफ्त में ऑपरेशन कराए जाएंगे। 52 मरीजों की पिछले महीने आंखों की नजरें कमजोर पायी गयी थी, उन सभी मरीजों को इस महीने मुफ्त में चश्मे दिए गए। रविवार को 67 मरीजों की नजरें कमजोर पायी गयी। उनको अगले महीने के पहले सोमवार तीन नवंबर को चश्में दिए जाएंगे। शिविर में हरि मंदिर आश्रम की तरफ से सुरेंद्र धवन के कार्यकताओं ने व अन्य अधिकारियों ने अपनी सेवाएं दी। निरामया चेरीटेबल ट्रस्ट की तरफ से स्वयं डॉ. त्रिलोकनाथ आहूजा, लक्ष्य, आमिर, बिट्ठ, खुशबू, लक्षिता, नितिन, चंचल, सुखदेव, राकेश, चिराग ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिव कुमार, कृष्ण कुमार के नेत्रदान का फॉर्म सुखदेव ने भरवाए।

## समाचार

# पर्यावरण संतुलन के लिए बिजली बचाएं, प्रदूषण मुक्त दीवाली मनायें: संजय चुघ

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** ऊर्जा समिति ने पर्यावरण में संतुलन बनाते हुए प्रदूषण रहित व स्वच्छ दीवाली मनाने एवं बिजली बचाने की अपील की है। वर्तमान वातावरण में प्रदूषण को देखते हुए सभी पर्यावरण संतुलन के लिए धुआं व धमाका मुक्त, बमों व पटाखों से मुक्त दीवाली मनाने का संदेश दिया है। अपील की है कि बिजली की बचत के लिए अपने घरों पर लगने वाली लाईटों का कम से कम प्रयोग करें।ऊर्जा समिति के महासचिव संजय कुमार चुघ ने आगामी 20 अक्टूबर दीवाली के पावन त्यौहार की सभी को बधाई देते हुए कहा कि इस समय एयर क्वालिटी प्रदूषित हो जाती है और हवा जहरीली बन जाती है। अपनी खुशी का इजहार तो मिठाई, उपहारों, रंगोली व मिट्टी के दीयों के साथ, दूसरों में खुशियां व प्यार बांटकर कर सकते हैं। त्यौहार का सही आनंद तो परम्परा और पर्यावरण में संतुलन रखते हुए स्वच्छ व प्रदूषण रहित वातावरण में ही आएगा। पर्यावरण संतुलन के मध्यनजर हमें मिलजुलकर ही हर प्राणी के स्वास्थ्य हित में कार्य करना है। बमों व पटाखों से त्यौहार मनाना कोई आवश्यक नहीं हैं। उन्होंने बताया कि लोग अपने घरों को दीयों से सजाएं और 3, 6, 8, 9, 12 व 18 वाट की एलईडी व स्लिम लाइटों का इस्तेमाल करें। सोते समय वे भी बंद कर सकते हैं। इससे बिजली की खपत कम होगी और पर्यावरण संतुलित होगा। ऊर्जा की बचत ही ऊर्जा का उत्पादन है इसीलिए बचत को साधन बना कर ऊर्जा की मांग व आपूर्ति में समन्वय स्थापित किया जा सकता है। 100, 200 व 500 वाट के बड़े बल्बों व फोकस लाइटों को लगाना जरूरी नहीं है। ऊर्जा समिति के महासचिव ने सतर्क किया कि वायु प्रदूषण से स्किन और दिल से जुड़ी बीमारियों के होने का खतरा रहता है। इसके अलावा डायबिटीज, अल्जाइमर और लगातार सिर दर्द हो सकता है। छोटे बच्चों के दिमागी विकास पर बुरा असर पड़ता है, उनकी मानसिक शक्ति कम होने लगती है। धुएं से दमा, ब्रोंकाईटिस जैसी अन्य अनेक बीमारियां पैदा होती है। पटाखे छोडट्टे से प्रदूषण का स्तर बहुत अधिक बढ़ जाता है, जोकि बहुत हानिकारक है। इससे आप और हम सब मिलकर ही छुटकारा पा सकते हैं।

# माधव नगर शाखा के पदसंचलन में शामिल होना गर्व का क्षण : सुशीला कटारिया

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में माधव नगर शाखा द्वारा भव्य पदसंचलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की जिला प्रवक्ता सुशीला कटारिया ने कहा कि संघ के 100 वर्ष सेवा, संस्कार और समर्पण की गौरवशाली यात्रा हैं। माधव नगर शाखा के पदसंचलन में सम्मिलित होना मेरे लिए गर्व और भावनात्मक जुड़ाव का क्षण रहा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने देश की एकता, अखंडता और भारतीय संस्कृति की रक्षा में पिछले 100 वर्षों से निरंतर योगदान दिया है। संघ केवल एक संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र प्रथम की विचारधारा का जीवंत प्रतीक है। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर आज तक संघ के स्वयंसेवक



समाज सेवा, आपदा राहत, शिक्षा, स्वच्छता और राष्ट्र निर्माण के हर कार्य में अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी, संघ की वैचारिक प्रेरणा से ही राष्ट्रहित में कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज भारत आत्मनिर्भरता, स्वच्छता और महिला सशक्तिकरण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर दयानंद मंडल की महामंत्री रेणु सहित अनेक स्वयंसेवक और पदाधिकारी उपस्थित रहे। रेणु जी ने कहा कि संघ के 100 वर्ष, सेवा, संस्कार और अनुशासन की गौरवशाली यात्रा का प्रतीक हैं। संघ ने हर पीढ़ी में राष्ट्रभक्ति और संगठन की भावना को जीवित रखा है। अनुशासन और देशभक्ति से परिपूर्ण इस पदसंचलन में भारत माता की जय और वंदे मातरम के उद्घोषों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम का समापन संघ गीत और ध्वज वंदन के साथ हुआ।

# गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज है 10 अक्टूबर 2004 को डेरा सच्चा सौदा में लगा रक्तदान शिविर

- 17921 यूनिट रक्तदान के साथ 10 अक्टूबर 2004 को बना था रिकॉर्ड
- परमार्थी दिवस पर रविवार को डेरा सच्चा सौदा में लगाया गया रक्तदान शिविर

**उत्तम भारत संवाददाता, सिरसा।** डेरा सच्चा सौदा के पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां के पूज्य पिता बापू नंबरदार मग्घर सिंह जी की पावन स्मृति में रविवार को खूनदान कैंप लगाया गया। इस शिविर का आयोजन शाह सतनाम जी स्पेशलिटी अस्पताल स्थित पूज्य बापू मग्घर सिंह जी इंटरनेशनल ब्लड सेंटर में किया गया।



सर्वप्रथम 10 अक्टूबर 2004 को पूज्य बापू जी की याद में श्रद्धांजलि स्वरूप रक्तदान कैंप लगाया गया। जिसमें 17921 यूनिट रक्तदान हुआ था। वह रक्तदान शिविर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्र्स में दर्ज है। रविवार को लगाए गए रक्तदान शिविर का डेरा सच्चा सौदा की मैनेजमेंट कमेटी, अस्पताल व ब्लड सेंटर के चिकित्सकों व सेवादारों द्वारा अरदास का भजन बोलकर शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात डेरा अनुयायियों ने रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया। रक्तदान शिविर को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर डेरा सच्चा सौदा की साध-संगत ने कहा कि यह सेवा कार्य बापू मग्घर सिंह जी की पुण्य स्मृति को समर्पित है, जिन्होंने सदैव दूसरों की भलाई को प्राथमिकता दी। बता दें कि पांच अक्टूबर 2004 को पूज्य बापू नंबरदार मग्घर सिंह जी कुल मालिक के चरणों में सचखंड जा विराजे थे। इसलिए इस दिन को डेरा सच्चा सौदा की साध-संगत हर साल परमार्थी दिवस के रूप में मनाती है और रक्तदान शिविर सहित अन्य मानवता भलाई के कार्य करती है।

# दो खिलाड़ियों का डीडीसीए अंडर-19 " क्रिकेट लीग में हुआ चयन

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** स्थानीय स्टार क्रिकेट क्लब के लिए गौरव का क्षण है, जब क्लब के प्रतिभाशाली खिलाड़ी मो. काशिफ (जामिया के छात्र) और अचल मोदीका चयन प्रतिष्ठित डीडीसीए अंडर-19 " क्रिकेट लीग में हुआ है।





दोनों खिलाड़ियों ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के दम पर यह उपलब्धि हासिल की है। क्लब के कोच नवेद अली ने इस सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि यह केवल खिलाड़ियों के लिए ही नहीं बल्कि पूरे क्लब के लिए गर्व की बात है। उन्होंने उम्मीद जताई कि मो. काशिफ और अचल मोदी अपने बेहतरीन प्रदर्शन से न केवल क्लब का नाम रोशन करेंगे, बल्कि भविष्य में देश का भी गौरव बढ़ाएँगे।

# विशाल भंडारे का किया आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** न्यू कॉलोनी स्थित सिल्वर क्रेस्ट अस्पताल के 3 वर्ष पूरे होने पर रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। रवि कुमार ने बताया कि इस आयोजन में डॉ. हनीश बजाज, डॉ. अनुराग सिंह ठाकुर, सुनील अग्रवाल आदि का सहयोग रहा। उनका कहना है कि अन्न का दान सबसे बड़ा दान होता है। हम सभी को इस प्रकार के आयोजन करते रहना चाहिए, ताकि जरूरतमंद लोगों लोगो को भोजन मिल सके।

# संतान की रक्षा व दीघार्यु के लिए महिलाएं 13 को रखेंगी अहोई अष्टमी का व्रत

- बाजारों में पूजा सामग्री खरीदने के लिए महिलाओं की लगी है भीड़

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** संतान की रक्षा और दीघार्यु के लिए महिलाएं आगामी 13 अक्टूबर को अहोई अष्टमी पर्व पर व्रत रखकर माता पार्वती की पूजा अर्चना कर संतान की दीघार्यु की कामना करेंगी। पूरे दिन व्रत रखने के बाद महिलाएं सायं के समय आसमान में तारा को अर्ध्य देकर अपने व्रत का समापन करेंगी। व्रती महिलाएं बड़ी बुजुर्गों महिलाओं से अहोई माता की कथा का श्रवण कर अहोई माता की आकृति दीवार पर गेरु या लाल रंग से बनाकर चांदी के मोतियों की माला व जल से भरा हुआ कलश भी अहोई माता की आकृति के समक्ष रख कर अपने बच्चों की दीघार्यु की कामना करेंगी। यह पर्व प्राचीन काल से ही मनाया जाता आ रहा है।

**बाजारों में लगी है भीड़**

शहर के मुख्य सदर बाजार व आस-पास के क्षेत्रों में भी कलश के रुप में मिट्टी के करवे आदि की बिक्री की जा रही है। बड़ी संख्या में



महिलाएं करवे व अन्य पूजा सामग्री खरीदती दिखाई दे रही हैं।

**क्या है अहोई की किवदंती**

किवदंती है कि एक नगर में एक साहूकार था। उसके 7 बेटे और 7 बहुएं थीं। साहूकार की एक बेटी भी थी। दिवाली में वह बेटी अपने मायके आई थी। दीपावली पर घर को लीपने के लिए सातों बहुएं मिट्टी लाने जंगल में गईं तो ननद भी उनके साथ चली गई। साहूकार की बेटी जहां मिट्टी काट रही थी, उस स्थान पर स्याहु (साही) अपने 7 बेटों के साथ रहती थी। मिट्टी काटते हुए गलती से साहूकार की बेटी की खुरपी की चोट से स्याहू का एक बच्चा मर गया। स्याहू इस पर क्रोधित होकर बोली कि मैं तुम्हारी कोख बांधूंगी। कहा जाता है कि बेटी व उसकी भाभियों ने स्याहु से बड़ी विनती की कि वह अपना श्राप वापिस ले ले। सबसे छोटी भाभी ननद के बदले अपनी कोख बंधवाने के लिए तैयार हो गई बताया जाता है। इसके बाद छोटी भाभी के जो भी बच्चे हुए, वह 7 दिन बाद मर जाते थे और 7 पुत्रों की इस प्रकार मृत्यु होने के बाद उसने पंडित को बुलवाकर इसका कारण पूछा। पंडित ने सुरही गाय की सेवा करने की सलाह दी। इससे प्रसन्न होकर साहु ने अपना श्राप वापिस ले लिया। तभी से संतान की रक्षा व दीघार्यु के लिए यह पर्व मनाया जाता आ रहा है।

# संघ के उद्देश्य समाज में एकता, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्र भक्ति की भावना को और प्रबल बनाना है: सुनील जिंदल

- राष्ट्र आज संघ के सौ वर्ष को शताब्दी समारोह के रूप में मन रहा है: कंवर संजय सिंह

**उत्तम भारत संवाददाता, सोहना।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को सोहना के देवीलाल स्टेडियम में मनाया गया। जहां इस अवसर पर पथ संचलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत ध्वजारोहण और शस्त्र पूजन से हुई। जिसमे मुख्य वक्ता सुनील जिंदल जिला गुरुग्राम संघ संचालक तथा मुख्य अतिथि रतन पाल खटाना मेवात चेम्बर्स ऑफ इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष,योगेश कुमार आर्य संघ कार्यवाह सोहना मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री कंवर संजय सिंह भी पथ संचलन और शस्त्र पूजन में मौजूद रहे। जहां इस अवसर पर मुख्य वक्ता सुनील जिंदल ने उपस्थित संघ के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा आरएसएस अपने स्थापना



के 100वें वर्ष में देशभर में कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है जिसका उद्देश्य समाज में एकता, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्र भक्ति की भावना को और प्रबल बनाना है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री कंवर संजय सिंह ने कहा आज पूरा राष्ट्र स्वयं सेवक संघ का शताब्दी समारोह मना रहा है । जिसमें विजय दशमी के उपलक्ष पर शस्त्र पूजन के साथ आरंभ किया गया। संघ एक व्यक्ति की सोच है जो उसके व्यक्तित्व को निखारता है। आज सोहना में भी पथ संचलन का आयोजन किया गया है जिसमें सैकड़ो कार्यकताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर स्वयं सेवक संघ के कार्यकताओं पर समाज सेविका मीना ठाकुर और उनके साथ सेविकाओं ने भी मिलकर पुष्प वर्षा की और भारत माता की जय के नारे लगाए। वहीं पथ संचलन सोहना के देवीलाल स्टेडियम से आरंभ होकर नागरिक अस्पताल रोड से होते हुए शहीद भगत सिंह चौक मेन बाजार से वापिस देवीलाल स्टेडियम में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सोहना के सैकड़ो संघ के कार्यकर्ता मौजूद थे

# आरोहण फाउंडेशन ने गुरुग्राम की कोमल तेवथिया सहित 22 शिक्षकों को किया सम्मानित

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** अंतरराष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर आरोहण फाउंडेशन द्वारा आर्य गर्ल्ज पब्लिक स्कूल पानीपत में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर डॉक्टर रामपाल सैनी, कुलपति चौधरी रणबीर सिंह विश्व विद्यालय जींद और मेयर पानीपत कोमल सैनी ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद नगर निगम अशोक कटारिया, डीईओ करनाल सुदेश ठकराल और डीईईओ पानीपत सुभाष चंद्र भारद्वाज, मौजूद रहे। मुख्य अतिथि प्रो डाक्टर रामपाल सैनी ने कहा कि शिक्षक की गोद में ही प्रलय और विकास दोनों पनपते हैं। आज शिक्षक को बहुत जिम्मेदारी के साथ शिक्षा और संस्कार देने की आवश्यकता है ताकि भविष्य में एक सभ्य और समृद्ध समाज का निर्माण किया जा सके।



आरोहण के कार्यक्रम संयोजक प्रदीप मलिक ने सभी का स्वागत किया। मलिक ने बताया कि प्रत्येक जिले के एक होनहार और उत्कृष्ट सेवा करने वाले शिक्षक को सर्वश्रेष्ठ शिक्षक सम्मान 2025 से नवाजा गया है। समारोह में फाउंडेशन के मेंटर सेवानिवृत शिक्षक चन्द्रहास मलिक ने सभी अतिथियों और शिक्षकों का धन्यवाद किया। प्रत्येक डिस्ट्रिक्ट से एक अध्यापक का चुनाव किया गया। गुरुग्राम से कोमल तेवथिया, कला शिक्षिका, राजकीय विद्यालय गाडौली खुर्द को भी स्टेट लेवल बेस्ट टीचर अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया।

P-10:28 paga09_jhn.qxd 10/5/2025 8:12 PM Page 1



# शहीद सैनिकों के परिवार को सम्मानित करेगी शहीद भगत सिंह युवा ब्रिगेड

**उत्तम भारत संवाददाता, बल्लभगढ़, सुमित गोयल।** शहीद भगत सिंह युवा ब्रिगेड द्वारा बल्लभगढ़ राजा नाहर सिंह महल में मीटिंग का आयोजन किया। जिसमें में निर्णय लिया गया की 20 नम्बर को 230 वा जाट रेजीमेंट स्थापना दिवस समारोह मनाया जाएगा। जिसमें देश के ऊपर अपने प्राण न्यौछावर करने वाले सैनिकों को सम्मानित किया जाएगा व शहीदों के परिवारों को भी शहीद भगत सिंह युवा ब्रिगेड की तरफ से व सामाजिक व्यक्तियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

इस मीटिंग की अध्यक्षता भारतीय जाट समाज के अध्यक्ष सुभाष चन्द्र ने की उन्होंने कहा की बल्लभगढ़ राजा नाहर सिंह की भुमि पर समय-समय पर वीरों को याद किया जाता है।



शहीद भगत सिंह युवा ब्रिगेड के संयोजक करतार पहलवान ने कहा कि शहीद भगत सिंह युवा ब्रिगेड जो कला शिक्षा संस्कृति व महिलाओं का समान युवाओं को आगे बढ़ाने के प्रोत्साहित करती है। वीरों के सम्मान में यह संगठन समय-समय पर और हरियाणा प्रदेश के हर जिले में कार्य करते रहते हैं समाज की एकता के लिए यह कार्यक्रम किया जाता है और आगे भी इसी प्रकार किया जाता रहेगा।

इस मौके पर नरवीर तेवतिया समुन्द्र भाखर आंनद पाल राठी, राजेन्द्र खुटेला, कुलदीप सरदार, जगदीश, उदयवीर गिल, आनन्द रावत, वीरु जैनपुर, भुपेंदर डागर, अमर सिंह मलिक, बबलु हुड्डा, धनंजय वेनीवाल, जसवंत गहलौत, नेपाल सिंह, गुलाव सिंह एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

# भारतीय सेना के वीरों के लिए 225 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

**उत्तम भारत संवाददाता, बल्लभगढ़।** भारतीय सेना के लिए विशाल रक्तदान शिविर रविवार दिनांक 5 अक्टूबर 2025 को बल्लभगढ़ समाज युवा संगठन द्वारा मां भारती रक्त वाहिनी के सहयोग से रक्तकोष टीम आर्मी ब्लड बैंक दिल्ली के तत्वाधान में भारतीय सेना के लिए विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन सिंगला धर्मशाला, सीही गेट रोड, बल्लभगढ़ में प्रातः 9:00 बजे से आयोजित किया गया। जिसमें करीब 225 रक्तदाताओं ने देश के नौजवानों की जरूरत के लिए रक्तदान किया।




संगठन के युवा सदस्य पीयूष गोयल ने बताया कि इस बार रक्तदान भारतीय सेना के नौजवानों के लिए लगाया गया जिसमें शहर के रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़ कर जोश के साथ हिस्सा लिया। सभी रक्तदाताओं का बल्लबगढ़ समाज युवा संगठन के सभी सदस्यों ने हौसला अफजाई कि साथ ही बल्लबगढ़ समाज रसोई की तरफ आये हुये सभी रक्तदाताओं व अतिथियों के लिए के लिए छोले चावल का प्रसाद रखा गया। शिविर करीब दोपहर 3:00 बजे समाप्त हुआ। इस मौके पर भारतीय सेना के साथ बल्लभगढ़ समाज के संजीव वर्मा, संजीव शर्मा, दीपांशु सियाल, कुलभूषण, विवेक गुप्ता, लक्ष्मण मित्तल, बंटी व अन्य युवा साथियों का शिविर में योगदान रहा।

# वैश्य केवल जाति नहीं है यह एक विचार है : विपुल गोयल



**उत्तम भारत संवाददाता, बल्लभगढ़।** वैश्य केवल जाति नहीं है यह एक विचार है, जो धन कमाने के साथ अपनी आय का एक भाग समाज के उत्थान के लिए खर्च करता है। उक्त विचार हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने अग्रवाल समिति बल्लभगढ़ द्वारा आयोजित महाराजा अग्रसेन जयंती उत्सव में व्यक्त किए। जयंती उत्सव पर आयोजित कवि सम्मेलन में बल्लभगढ़ के विधायक पं मूलचंद शर्मा, वरिष्ठ नेता लखन सिंगला, एम सी मित्तल, अग्रवाल समाज के नेता मनोज अग्रवाल, नरेश गोयल, रमेश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, नीरज गुप्ता, भगवान दास गोयल, पंकज गर्ग, पार्षद दीपक यादव एवं महेश गोयल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कर जयंती उत्सव का शुभारंभ किया। समिति के अध्यक्ष जितेंद्र सिंगला, उपाध्यक्ष विजय मंगला, महासचिव लोकेश अग्रवाल, सचिव पंकज सिंगला, कोषाध्यक्ष घनश्याम मित्तल, राजू मित्तल, राकेश गुप्ता, दीपक मित्तल, गौरव अग्रवाल, दीपक सिंगला, सुनील गोयल, ललित मित्तल, दिनेश मंगला एवं प्रवीण गर्ग ने आए हुए अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि विपुल गोयल का जयंती उत्सव में पहुंचने पर नगर की अनेकों क्षेत्र की संस्थाओं ने शाल, स्मृति चिन्ह एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। स्वागत की इस कड़ी में समिति की लेडीज विंग ने विपुल गोयल को शक्ति का प्रतीक त्रिशूल भेंट कर उनका अभिनंदन किया। स्वागत कार्यक्रम का मंच संचालन पूनम गोयल एवं ललित गोयल ने किया। कवि सम्मेलन में कोटा से आए डॉ आदित्य जैन ने शहीदों के नाम कविता सुनाकर श्रोताओं की वाहवाही लूटी। उन्होंने कहा - परिवार छोड़ कर गए सरहद के नाम पर, आजादी छीन लाए जो सांसों के दाम पर। अपने घरों में दीप जलाओ तो साथ में दीपक जलाना एक शहीदों के नाम पर। औरैया से से आए अजय अंजाम ने महाराजा अग्रसेन की महिमा का गुणगान कुछ इस प्रकार किया- एक ईंट और एक रुपैया देकर सबको ताकत दी, अग्रसेन महाराज सा कोई महाराज नहीं होगा। दिल्ली से आई मोनिका देहलवी ने श्रृंगार रस में डूबी रचना सुनाकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया - चाहत में तेरी खुद को डुबाते चले गए, आंखों में तेरी खोए तो खोते चले गए। बस में कहां था मेरे कि मैं शायरी करूं, कुछ शेर तेरी याद में होते चले गए। इसके अतिरिक्त इटावा से आए देवेंद्र प्रताप सिंह, वाराणसी से आए दमदार बनारसी, बलिया से आई प्रतिभा यादव, दीपक शुक्ला दनादन एवं खंडवा से आए अकबर ताज ने भी अपनी रचनाओं से सुबह 4 बजे तक कवि सम्मेलन में कविताओं के सागर में श्रोताओं को आनंद की डुबकी लगवाई। जयंती उत्सव में नगर के अनेकों गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# फरीदाबाद जिले में कांग्रेस सेवादल द्वारा सदस्यता अभियान लॉन्च किया गया

**उत्तम भारत संवाददाता फरीदाबाद।** फरीदाबाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष बलजीत कौशिक, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अंश वत्स, फरीदाबाद जिला कांग्रेस सेवादल शहरी अध्यक्ष संजीव मिश्रा, ग्रामीण अध्यक्ष एस एस गौर और यंग ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष विशाल पाण्डेय की मौजूदगी में सेवादल ने अपना सदस्यता अभियान पोस्टर लॉन्च के साथ जारी किया। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अंश वत्स ने जानकारी देते हुए बताया कि 4 अक्टूबर से 4 नवंबर तक यह अभियान चलेगा, जिसमें राहुल गांधी के सामाजिक न्याय के तहत अधिकतम पद पिछड़े वर्ग के लोगों को राजनीति के अग्रिम पंक्ति में लाना, युवा न्याय के तहत 50 उन्डर 50 के तहत 50% पद युवाओं के लिए आरक्षित होंगे एवं नारी न्याय के तहत ज्यादातर महिलाओं को जोड़ने का प्रयास रहेगा।




जिला अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने इस मौके पर बतीयक कि कांग्रेस सेवादल की मजबूती से जिले में कांग्रेस की मजबूती का रास्ता है और संगठन मजबूती ही हमारा लक्ष्य है। इसके लिए तेजी से सार्थक प्रयास जारी हैं और काँग्रेस के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता नई ऊर्जा के साथ इस कार्य में लगे हुए हैं।

# दीपावली मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे विद्यार्थी और लोक कलाकार

● विद्यार्थियों और लोक कलाकारों ने हरियाणवी सहित अन्य पारंपरिक लोकगीतों पर दी मनमोहक प्रस्तुतियां



**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद, नवीन शाह।** अरावली की पहाड़ियों से घीरे सूरजकुंड की खूबसूरत वादियों में आत्मनिर्भर भारत- स्वदेशी मेला थीम पर आयोजित किए जा रहे द्वितीय सूरजकुंड दीपावली मेला की मुख्य चौपाल पर विद्यार्थी और लोक कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। दीपावली मेला के चौथे दिन रविवार को मुख्य चौपाल पर विद्यार्थियों के साथ-साथ लोक कलाकारों ने मनोहारी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों व भगवान श्री कृष्ण-सुदामा नाटक के माध्यम से मेले में समा बांधते हुए रंग जमा दिया। भगवान श्री कृष्ण-सुदामा नाटक ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध करते हुए आपस में प्यार-प्रेम व भाईचारे से रहने और सबको एक समान समझने का संदेश दिया गया। कलाकारों ने दुनिया में हो गया नाम म्हारे हरियाणे का नृत्य पर मनोहारी सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर दर्शकों का दिल जीत लिया।

हरियाणा सरकार और हरियाणा पर्यटन निगम की ओर से मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन और पर्यटन मंत्री डा. अरविंद कुमार शर्मा के निर्देशन में सूरजकुंड परिसर में 7 अक्तूबर तक आत्मनिर्भर भारत-स्वदेशी मेला थीम के साथ द्वितीय सूरजकुंड दीपावली मेले का आयोजन किया जा रहा है।

भारत सरकार के आत्मनिर्भर भारत अभियान को गति देने और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी मेला एक महत्वपूर्ण पहल बनकर उभरा है।

सूरजकुंड में आयोजित किया जा रहा यह मेला न केवल स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को मंच प्रदान कर रहा है, बल्कि उपभोक्ताओं को भी स्वदेशी और गुणवत्तापूर्ण उत्पादों को अपनाने का अवसर प्रदान कर रहा है। आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी मेला भारत की समृद्ध संस्कृतिक विरासत को संजोने, भारत की प्रगति और आत्मनिर्भर भारतश की मुख्य कड़ी है।

**शानदार मनोहारी प्रस्तुतियों ने मेले में लगाए चार चांद:**

दीपावली मेला में विद्यार्थियों और लोक कलाकारों द्वारा मुख्य चौपाल से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दी जा रही हैं। रविवार को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फरीदाबाद, जागृति पब्लिक स्कूल सहित अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों ने हरियाणवी सहित अन्य लोकगीतों पर सामूहिक और एकल नृत्य की शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन किया।

वहीं बीन पार्टी सहित अन्य कलाकारों ने भी शानदार मनोहारी प्रस्तुतियां देकर सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित करते हुए मेले में चार चांद लगा दिए। इस अवसर पर हरियाणा पर्यटन विभाग के अधिकारी, स्टाफ सदस्य व दर्शकगण मौजूद रहे।

# आरएसएस शताब्दी वर्ष सेवा कार्यों पर चर्चा, पथ संचलन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से राष्ट्रीय चेतना का प्रसार

● सशक्त, समरस और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं: सत्य भूषण आर्य




**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** महानगर फरीदाबाद पश्चिम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्थापना के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में निकले पथ संचलन में प्रतिभागी स्वयंसेवकों पर सर्व समाज द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा से भव्य स्वागत किया गया। महानगर फरीदाबाद पश्चिम, फरीदाबाद पूर्व में आयोजित अनेक कार्यक्रम में हजारों स्वयंसेवकों ने भागीदारी की।

देश भक्ति की धुन पर घोष प्रस्तुति के नेतृत्व में उत्साहित पूर्ण गणवेश धारी स्वयंसेवकों के पंक्तिबद्ध पथसंचलन ने एकता, अनुशासन और उत्साह का संदेश दिया। पथ संचलन केवल एक संगठनात्मक अनुशासन का प्रदर्शन नहीं, बल्कि हमारी राष्ट्रभावना और राष्ट्रवाद का जीवंत प्रतीक है। पथ संचलन संघ के उस संस्कार को दशार्ता है जिसमें व्यक्ति समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा, अनुशासन और एकता का परिचय देता है। यह हमें स्मरण कराता है कि राष्ट्र केवल भूमि का टुकड़ा नहीं, बल्कि एक जीवंत चेतना है। जिसके संरक्षण और समृद्धि के लिए प्रत्येक स्वयंसेवक समर्पित है।

पथ संचलन, अनुभूति है जो हर स्वयंसेवक के हृदय में राष्ट्र को परम मानती है। कार्यक्रम स्थल पर ध्वजारोहण, शस्त्र पूजन, प्रार्थना, राष्ट्रीय साहित्य केंद्र और जॉइन आरएसएस की स्टॉल के अतिरिक्त स्वयंसेवकों द्वारा दंड संचालन, व्यायाम एवं योगासन का अनुशासित प्रदर्शन। देशभक्ति गीतों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से राष्ट्रीय चेतना का प्रसार विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।

डबुआ कॉलोनी के बनवारी गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में बिहार कैडर के जिला एवं सेशन जज सत्य भूषण आर्य मुख्य अतिथि और सह प्रांत कार्यवाह राकेश त्यागी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। दोनों ने अपने उद्बोधन में यह स्पष्ट किया कि संघ का कार्य केवल संगठन निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज के सर्वांगीण उत्थान का व्यापक अभियान है। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे एक सशक्त, समरस और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएँ।

# मेले में गायक दीपेश राही की शानदार प्रस्तुति, दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** सूरजकुंड परिसर में आयोजित सूरजकुंड दिवाली मेला 2025 इस वर्ष ह्यआत्मनिर्भर भारत - स्वदेशी मेलाह्व की थीम पर आधारित है। यह मेला 7 अक्तूबर 2025 तक चलेगा और देश की विविध सांस्कृतिक विरासत, हस्तशिल्प, पारंपरिक खानपान और लोककलाओं का अद्भुत संगम प्रस्तुत कर रहा है।



गत रात्रि मेले के सांस्कृतिक मंच पर वॉयस ऑफ पंजाब 2013 के विजेता गायक दीपेश राही ने अपनी दमदार और भावपूर्ण प्रस्तुति से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। दीपेश राही की प्रस्तुति मेले की प्रमुख आकर्षणों में से एक रही, जिसने पारंपरिक और आधुनिक संगीत का अनूठा संगम प्रस्तुत किया। श्री राही ने मंच पर आते ही कार्यक्रम की ऊर्जा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचा दिया। उन्होंने एक के बाद एक सुपरहिट गानों की प्रस्तुति दी, जिसमें ह्यसामने होवे यार ते नाचना पैंदा है, कजरा मोहब्बत वाला, गुड़ नाल इश्क मिठ्ठा, चिट्टे सूट ते दाग पे गए, न जाई पीरा दे डेरे मस्त बना देंगे बिबा, डॉलर वांगू नई नाम सदा चलदा, दो गल्ला करिए बैजा, दिल चोरी साडा हो गया और ये जो हल्का हल्का सुरूर है जैसे गानों ने उपस्थित जनसमूह को झूमने और गुनगुनाने पर विवश कर दिया।

श्रोताओं में युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने तालियों की गडगड़ाहट के साथ दीपेश राही का स्वागत किया। उनके गीतों ने सिर्फ मनोरंजन ही नहीं किया, बल्कि मेले में उपस्थित हर वर्ग के श्रोताओं को एक भावनात्मक और संगीतमय अनुभव प्रदान किया।

# हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने किया मेला भ्रमण



**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** अरावली की सुंदर वादियों में आयोजित किए जा रहे आत्मनिर्भर भारत-स्वदेशी मेले में रविवार को हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया विशेष रूप से पहुंचीं। उन्होंने मेले में लगे विभिन्न स्वदेशी उत्पादों के स्टॉलों का अवलोकन किया और महिला व पुरुष हस्तशिल्पियों व उद्यमियों द्वारा बनाए गए हस्तशिल्प, गृह सज्जा सामग्री, परिधान एवं खाद्य उत्पादों की सराहना की। चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने कहा कि ऐसे मेले न केवल महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने के अवसर प्रदान करते हैं, बल्कि ग्रामीण और शहरी महिला उद्यमिता को एक समान मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं स्वदेशी उत्पादों के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने मेले में महिलाओं से संवाद करते हुए उनके अनुभव जाने और उन्हें हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि महिला आयोग का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और कानूनी रूप से सशक्त बनाना है और ऐसे आयोजन उस दिशा में प्रभावी कदम हैं। उन्होंने मेले की व्यवस्था और महिला उद्यमियों की सक्रिय भागीदारी की प्रशंसा की तथा कहा कि यह मेला महिला सशक्तिकरण और स्वदेशी भावना का सजीव उदाहरण है।

## समाचार

# तावडू में पत्नी के आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपित पति को किया गिरफ्तार, मामला दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू ( मैहंदीरत्ता )।** उपमंडल के गांव खोरी कलां के राम नगर में पति के अवैध संबंधों से तंग आकर पत्नी के आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपित पति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी पति नाजर को अदालत में पेश किया, जहां अदालत ने न्यायायिक हिरासत में भेज दिया। उल्लेखनीय है कि गत 30 सितंबर को राजस्थान के भरतपुर की रहने वाली महिला सायमा ने आत्म हत्या कर ली थी। मृतका के भाई शाहरूख की शिकायत पर आरोपी पति व उसकी कथित प्रेमिका के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया था। शिकायत में दशार्या गया था कि उसकी बहन सायमा का विवाह 10 वर्ष पहले उत्तर प्रदेश के बमरोहा जिले के नाईपुरा के रहने वाले नाजड़ से हुआ था। विवाह के बाद से दंपति गांव खोरी कलां के रामनगर में किराए के मकान में रहने लगे। नाजर वहां व्यापार करता था। इसी दौरान नाजर के एक महिला से अवैध संबंध बन गए। कथित प्रेमिका उसे पत्नी को मारकर दूसरी शादी करने के लिए उकसाती थी। परेशान होकर सायमा ने एक वर्ष पूर्व अपनी मां को इस प्रकरण की शिकायत भी की थी। लेकिन हालात नहीं बदले। गत 30 सितंबर दोपहर 2 बजे सायमा की आत्महत्या की सूचना स्वजन को मिली। उन्होंने बताया कि सायमा ने फांसी का फंदा लगा लिया है। जब वह मौके पर पहुंचे तो नाजर मृतका का शव लेकर उत्तर प्रदेश के नौहझील की ओर जा रहा था। स्वजन के हस्तक्षेप पर शव को भिवाडी वापिस लाया गया व भरतपुर स्थित मायका ले जाया गया। खोरी कलां पुलिस शिकायत पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। खोरी कलां चौकी इंचार्ज सुभाष चन्द्र ने बताया कि मृतका के भाई की शिकायत पर व उसकी कथित प्रेमिका के खिलाफ मामला पति दर्ज कर लिया है।

# तावडू में अवैध शराब सहित व्यक्ति काबू, मामला दर्ज।

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** उपमंडल के गांव रंगाला से पुलिस ने अवैध शराब बेच रहे एक व्यक्ति को अवैध शराब सहित काबू कर लिया। पुलिस ने नामजद व्यक्ति के खिलाफ शराब अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव रंगाला निवासी विरेन्द्र अवैध शराब बेचने का धन्धा करता है। जो आज भी शराब बेचने के लिये बाइक पर शराब रख कर रंगाला से खोरी कलां की तरफ आ रहा है। पुलिस ने सूचना पर एक बाइक चालक को रूकने का ईशारा किया। जो पुलिस पार्टी को देखकर भागने लगा। पुलिस ने उसको बाइक सहित काबू कर लिया। जिसेने अपनी पहचान गांव रंगाला निवासी राजेन्द्र के रूपमें कराई। पुलिस ने उससे भारी मात्रा में शराब बरामद कर शराब अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।



# तावडू के खिलाड़ी चिराग ने हरियाणा शिक्षा विभाग की तरफ से शानदार प्रदर्शन करते हुए मैडल जीता

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** शहर के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पढ़ रहे 12वीं कक्षा के छात्र चिराग ने हरियाणा शिक्षा विभाग की तरफ से कैथल में आयोजित तीन दिवसीय हरियाणा स्कूल स्टेट जूडो टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने नाम का लोहा मनवाया। चिराग ने गोल्ड मैडल जीतकर नैशनल चैम्पियनशिप के लिए अपनी टिकट पक्की की। सहायक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर अमित कुमार यादव ने बताया कि यह प्रतियोगिता सीनियर वर्ग अंडर 19 एज ग्रुप में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में पूरे हरियाणा प्रदेश से लगभग 350 खिलाड़ियों ने प्रतिभागिता की। चिराग राजीव गांधी खेल स्टेडियम कोटा खंडेवला में चल रही जूडो नर्सरी का नियमित खिलाड़ी है। जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार शर्मा ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह उपलब्धि हमारे जिले के लिए गर्व की बात है। खेल विभाग खिलाड़ियों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। खड शिक्षा अधिकारी डक्टर दीप्ती बोकन ने पदक विजेता को आशीर्वाद के साथ उज्जवल भविष्य की कामना की। जूडो कोच रमन कुमार ने बताया कि प्रतिभा अब राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो रही है।



# जमीनी विवाद को लेकर लडाई झगडा के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** ग्रीनफिल्ड कालोनी, फरीदाबाद वासी एक व्यक्ति ने पुलिस चौकी ग्रीनफिल्ड कालोनी में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उनकी कटन पहाडी में जमीन है जिस पर शीशपाल, सेलक वासी अनंगपुर के साथ विवाद था, 7 फरवरी को जब वह जमीन की चारदिवारी करवा रहा था तो वहां सेलक, सुनील, विवेक व 15-20 अन्य लडके हाथो में रोड व डंडे लेकर आये तथा उस पर व उसके पिता पर हमला कर दिया। जिसमें उनको गंभीर चोटे आई। जिस शिकायत पर थाना सुरजकुण्ड में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए क्राईम ब्रांच ठक्ळ की टीम ने शीशपाल(60) वासी ग्रीनफिल्ड कालोनी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी शीशपाल का शिकायतकर्ता के साथ जमीनी विवाद चल रहा था।

P-11:28 paga09_jhn.qxd 10/5/2025 8:36 PM Page 1



## संचारी रोग नियंत्रण अभियान का सीएमओ ने किया शुभारम्भ, 31 अक्टूबर तक चलेगा अभियान



**उत्तम भारत संवाददाता, मुरादाबाद।** 05 से 31 अक्टूबर तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारम्भ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने फीता काटकर व शपथ ग्रहण कराते हुए किया। उन्होंने जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से शुरू हुई और पीली-कोठी होते हुए जिला संयुक्त चिकित्सालय पर समापन किया गया। रैली के आयोजन का उद्देश्य जन सामान्य में संचारी रोगों के प्रति जागरूकता फैलाना है जिससे वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण किया जा सके। इस कार्यक्रम में उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संजीव कुमार बेलवाल, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी/जिला मलेरिया अधिकारीध्जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ प्रवीन श्रीवास्तव एवं समस्त अपर व उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, यूनिसेफ, डब्ल्यूएचओ की टीम, जिलाध्नगरीय मलेरिया अधिकारी कार्यालय के मलेरिया निरीक्षक आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने निकाला पथ संचलन



**उत्तम भारत संवाददाता /कांठ।** रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कांठ नगर द्वारा श्री गुरु जंभेश्वर बस्ती एवं महाराणा प्रताप बस्ती के कार्यकर्ता एवं स्वयं सेवकों द्वारा संघ के शताब्दी वर्ष को हर्षोल्लास के साथ पथ संचालन के रूप में मनाया गया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में मदन पाल सिंह (सेवानिवृत सीमा सुरक्षा बल) रहे एवं मुख्य वक्ता के रूप में अमित (विभाग गौ सेवा संयोजक मुरादाबाद विभाग) ने परम पवित्र भगवा ध्वज को प्रणाम कर डॉ केशव राव बलिराम हेडगेवार जी द्वारा रोपे गए इस बीज को बट वृक्ष बनाने में जो 100 वर्षों की यात्रा एवं संघ द्वारा समाज के बीच किए गए निरंतर कार्यों पर प्रकाश डाला। इसके साथ-साथ विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में एकता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। संघ के प्रति समाज की स्वीकार्यता एवं प्रतिभागिता दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है। उनके उद्बोधन के उपरांत सैनी धर्मशाला पट्टीवाला कांठ से पथ संचलन प्रारंभ होते हुए नेता उपदेश का चौराहा, लाल नियादर का चौराहा, वैश्य विश्नोई शिव मंदिर, विश्नोई मंदिर, कुमार फिलिंग स्टेशन, श्री रामलीला मंदिर, रविदास मंदिर, महर्षि वाल्मीकि मंदिर, गुरु जंभेश्वर धर्मशाला होते हुए पुनः सैनी धर्मशाला पर संपन्न होने तक कार्यकर्ताओं ने बड़े ही अनुशासित ढंग से नगर में घोष के साथ पथ संचलन निकाला। पथ संचलन के दौरान नगर में विभिन्न स्थानों पर सर्वसमाज द्वारा पुष्प वर्षा की गई। उपरोक्त दोनों बस्तियों के बस्तियों के कार्यक्रम प्रमुख मा विजेंद्र विशनोई एवं काठीर सिंह(नगर व्यवस्था प्रमुख), सूर्य प्रताप(नगर कार्यवाह), हिमांशु विश्नोई(नगर सहकार्यवाह), हर्ष कुमार(नगर शारीरिक प्रमुख), शिवम कुमार, संचित अग्रवाल, वंश कुमार, प्रशांत कुमार, लक्ष्य विश्नोई, विशाल कुमार, राजकुमार ठाकुर, पारुल चौहान, देव कुमार, मुनिराज सिंह, परिक्षित राजपूत, अजय कुमार वर्मा, शगुन कुमार(घोष प्रमुख), सुयश विश्नोई, काव्य चौहान, वीर सिंह, चमन कुमार, राजपाल सिंह प्रजापति आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के परिपेक्ष में कार्यक्रम आयोजित



**उत्तम भारत संवाददाता, ठाकुरद्वारा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के परिपेक्ष में रविवार को नगर में दयानंद बस्ती एवं अंबेडकर बस्ती तथा माधव बस्ती में कार्यक्रम आयोजित किए गए, दयानंद बस्ती का कार्यक्रम लाला हरिराम वाली गली मैं गणेश हॉल में स्वयंसेवकों को आरएसएस के नगर व्यवस्था प्रमुख मुदित अग्रवाल के संबोधन से प्रारंभ हुआ उन्होंने स्वयंसेवक को देश के प्रसिद्ध देश के प्रसिद्ध राष्ट्रभक्ति तथा हिंदू समाज में एकता के साथ रहने का आह्वान किया इसके पश्चात स्वयंसेवकों का पथ संचलन कार्यक्रम बाजार गंज, मीना बाजार मोहल्ला बंजारन मोहल्ला जोशियां शगुन चौराहा, होता हुआ बाजारगंज में संपन्न हुआ दूसरा कार्यक्रम अंबेडकर बस्ती में नगर बौद्धिक प्रमुख सुनील कुमार मिश्रा स्वयंसेवक को संबोधित करते हुए कहा कि तृतीय स्वयंसेवक को अपने हिंदू धर्म के प्रति सचेत रहना चाहिए क्योंकि बिधर्मी शक्तियां लालच देकर हमारे हिंदू धर्म में तोड़ने का प्रयास कर रही है उन्होंने स्वयंसेवकों से कहा कि हमें संघ की शाखा में अवश्य ही जाना चाहिए संघ की शाखा में देश के प्रति समर्पण एवं त्याग की भावना का भाव जागृत किया जाता है। इन कार्यक्रमों में नगर संचालक सुनील पुठिया, ब्लाक प्रमुख पति डॉ. वीर सिंह सैनी, लाखन सिंह ओम कुमार एडवोकेट, सरदार दलजीत सिंह, तरूश अग्रवाल दीपक शर्मा ऋतिक ठाकुर राज ठाकुर मुकेश चौधरी पवन पुष्पद पंकज पाल नागेंद्र लंबा धर्मेंद्र कुमार पाल मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार आशु वाल्मीकि मुकुल वाल्मीकि दीपक वाल्मीकि अजय यादव रिंकू वाल्मीकि प्रदीप कुमार पाल आदि स्वयं सेवकों ने प्रतिभाग किया।

# श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ होने से पूर्व निकली कलश यात्रा, जगह-जगह पुष्पवर्षा कर हुआ स्वागत



**उत्तम भारत संवाददाता /ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के गांव असलेमपुर के निकट स्थित धनेरिया मंदिर से श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ होने से पूर्व भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया। धार्मिक नारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। धनेरिया मंदिर पर भारी संख्या में महिलाएं एकत्र हुईं। कथावाचक पंडित नरेश चंद्र शास्त्री ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर सिर पर पवित्र जल से भरे कलश रखकर मां भगवती के जयकारे लगाती नंगे पैर आगे बढ़ रही थीं। वहीं युवा भजनों की धुनों पर थिरकते नजर आए कलश यात्रा जैसे ही गांव असलेमपुर पहुंची, वहां मौजूद श्रद्धालुओं ने फूल वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। विभिन्न मार्गों से होते हुए कलश यात्रा गोपीवाला स्थित प्राचीन चामुंडा शिव मंदिर पहुंची, जहां विधि-विधानपूर्वक 51 कलश स्थापित किए गए। कथावाचक पंडित नरेश चंद्र शास्त्री ने कहा कि जहां श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होता है, वहां के धमार्नुयायियों के परिवार पर कोई विपत्ति नहीं आती। सात दिनों तक प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक कथा का आयोजन होगा। सभी श्रद्धालु अपने बच्चों सहित कथा सुनने अवश्य आएं, ताकि बच्चों में भी धार्मिक आस्था और ज्ञान की जिज्ञासा बढ़ सके। कार्यक्रम में पंडित अनिल शर्मा, अनुज चौहान, शोभित शर्मा, हरकेश सिंह, धर्मेंद्र चौहान, दीपू शर्मा, निशा रानी, आशा देवी, मनोज वाला, शशि देवी, ममता देवी, बबीता रानी, प्रेमलता, पुष्पा देवी, मीनू देवी, दिक्षा देवी, प्रेमवती, कमला देवी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# रहीस मलिक बने सपा सैनिक प्रकोष्ठ के विधानसभा अध्यक्ष



**उत्तम भारत संवाददाता /कांठ।** रविवार को समाजवादी पार्टी के सैनिक प्रकोष्ठ की एक बैठक विधानसभा क्षेत्र कांठ के अकबर पुर ग्राम में की गई। ग्राम के भूतपूर्व सैनिक रहीस मलिक को समाजवादी पार्टी का सैनिक प्रकोष्ठ का कांठ विधानसभा का विधानसभा अध्यक्ष मनोनीत किया गया तथा सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष द्वारा मनोनयन पत्र सौंपा गया। सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार यादव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की तथा संचालन समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष विक्रम सिंह यादव ने किया। मीटिंग में जिला म हासचिव फुरकान अली ने बोलते हुए कहा कि आप अपने बी एल ए के साथ जाकर अपना लिस्ट में नाम देख लें तथा 2027 के चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जिताकर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का काम करें। विधानसभा अध्यक्ष नाजिम सैफी ने कहा कि 2027 में कमाल अख्तर को जिताकर मंत्री बनाने का काम करें। अरशद फुरकान ने सभी से आनेवाले पंचायत चुनाव में जुट जानें के लिए कहा। इस अवसर पर पवन चौधरी जिला उपाध्यक्ष, दिव्यांशु सागर, आनन्द यादव, मनोज चौधरी, भूरा, अंजार, नफीश शाका, रहीसुद्दीन एडवोकेट, अशोक चौधरी, रासिद नेता जी, बृजपाल सिंह, सलीम खान, दानिश चौधरी, वदरूदीन आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बजरंग दल के कार्यकर्ता की हत्या के दो आरोपियों गिरफ्तार

**उत्तम भारत संवाददाता /मुरादाबाद।** जनपद के कटघर थाना क्षेत्र में बीते दिनों हुई बजरंग दल के कार्यकर्ता शोभित ठाकुर की हत्या के मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। पुलिस मुठभेड़ में दोनों आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हुए हैं जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहीं फरार अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें जुटी हुई हैं। बता दे की कटघर थाना क्षेत्र के गुलाब बाड़ी फाटक सूरज नगर के रहने वाले बजरंग दल के कार्यकर्ता शोभित ठाकुर की 29 सितंबर की देर शाम गोलीमार का हत्या कर दी गई थी। मोहल्ला सूरज नगर निवासी घनश्याम ठाकुर का बेटा शोभित ठाकुर उर्फ भूरा, श्यामो देवी इंटर कालेज में दसवीं का छात्र था। बजरंग दल में उसके पास खंड संयोजक की जिम्मेदारी थी। करीब चार माह पहले शोभित का मोहल्ले के ही अविनाश से इंस्टाग्राम पर की गई टिप्पणी के चलते विवाद हो गया था। कहासुनी के बाद आसपास के लोगों ने विवाद शांत कर दिया था, मगर तभी से अविनाश रंजिश मानने लगा। तनातनी बढ़ती चली गई। 29 सितम्बर की शाम मोहल्ले का ही गौतम कश्यप शोभित के पास पहुंचा और घूमने जाने की बात कहकर दोनों बाइक से निकल गए रास्ते में उन्हें मोहल्ले के ही रोहित व आदित्य मिल गए। चारों बल्देवपुरी बसंतपुरी स्थित एक चाय की दुकान पर खड़े थे, इसी बीच अक्कू शर्मा, रोहित, अविनाश व जतिन उर्फ लाला वहां पहुंच गए। अक्कू ने शोभित से बाइक की चाबी मांगी मना करने पर चाबी छीनकर चार्जर लाने की बात कही और लौटकर वापस आते ही शोभित से वह भिड़ गया था और गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने इस मामले में मृतक के परिवार की तहरीर पर अक्कू शर्मा, रोहित, अविनाश व जतिन उर्फ लाला के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए उनकी तलाश में पुलिस टीम जुट गई थी। रविवार तड़के चेकिंग के दौरान पुलिस को बाइक पर सवार दो संदिग्ध युवक दिखाई दिए, पुलिस टीम ने उन्हें रोकने का इशारा किया, लेकिन उन्होंने रुकने के बजाय पुलिस पर फायरिंग कर दी, पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग की, जिसमें दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी। पुलिस ने दोनों को मौके से गिरफ्तार कर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस मुठभेड़ में घायल हुए दोनों आरोपियों ने अपने नाम अक्कू शर्मा और जतिन उर्फ लाला निवासी पीतल नगरी बताया। वहीं अन्य फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें जुटी हुई है।

# करनपुर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा पंद संचालन, जगह जगह पुष्प वर्षा



**उत्तम भारत संवाददाता /डिलारी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने डिलारी मंडल व करनपुर मंडल में रविवार को भव्य पद संचालन किया। करनपुर मंडल के ग्राम पंचायत पिपली उमरपुर एवं ग्राम पंचायत आलियाबाद में आरएसएस के स्वयंसेवकों ने पद संचलन किया। यह पद संचलन सरस्वती विद्या मंदिर आलियाबाद से प्रारंभ होकर ग्राम पंचायत पीपली उमरपुर एवं ग्राम पंचायत आलियाबाद के मुख्य मार्गों से होकर सरस्वती विद्या मंदिर पर समापन हुआ जगह-जगह पद संचलन का ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया कार्यक्रम की अध्यक्षता आचार्य गजेंद्र पाल सिंह ने की मुख्य वक्ता के रूप में करन सिंह ने अपने उद्बोधन में सभी उपस्थित स्वम सेवक को देश के प्रति जागरूक प्रेम एवं भाईचारा के साथ मिल बर्तन की प्रेरणा दी इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से खंड कार्यवाह वंश चौहान खंड संचालक इंद्रजीत सिंह ग्राम पंचायत करनपुर के ग्राम प्रधान पति डॉक्टर बाबू सिंह ग्राम पंचायत पीपली उमरपुर के प्रधान सोमपाल सिंह ग्राम पंचायत आलियाबाद के प्रधान पति रामानंद शर्मा अन्य स्वयंसेवकों में अशोक कुमार, पुष्पेंद्र सिंह, तुषार कुमार, संजय सिंह, गौरव कुमार, संदीप कुमार, पूरन सिंह, नीटू चौहान( चंद्र प्रकाश सिंह )मंडल अध्यक्ष हरपाल सैनी आदि उपस्थित रहे।

# जिला चिकित्सालय में अटेवा संगठन की मंडलीय बैठक आयोजित

**उत्तम भारत संवाददाता /मुरादाबाद।** पुरानी पेंशन बहाली, टीईटी अनिवार्यता, एनपीएस-यूपीएस एवं निजीकरण के विरोध में आगामी 25 नवंबर को दिल्ली में होने वाली महारैली को सफल बनाने के लिए रविवार को जिला चिकित्सालय में अटेवा संगठन की मंडलीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रजनीश कुमार ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री हेमंत चौधरी और जिला संगठन मंत्री निश्चल भटनागर ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली कर्मचारियों और शिक्षकों का संवैधानिक अधिकार है, जिसके लिए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में लगातार संघर्ष जारी है। उन्होंने कहा कि 25 नवंबर को दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय महारैली में लाखों शिक्षक व कर्मचारी शामिल होकर अपनी आवाज बुलंद करेंगे। इस रैली में टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता, एनपीएस-यूपीएस व्यवस्था और निजीकरण नीतियों का पुरजोर विरोध किया जाएगा। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा, राजकीय नर्सेस संघ की जिलाध्यक्ष पूनम मैसी और जिला मंत्री प्रतिमा शर्मा ने भी अटेवा के आंदोलन को पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की। मुरादाबाद जिलाध्यक्ष मोहम्मद अफजल और जिला महामंत्री हेमंत चौधरी ने कहा कि जिले से बड़ी संख्या में शिक्षक और कर्मचारी दिल्ली महारैली में भाग लेंगे। उन्होंने दोहराया कि पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार है, और पुरानी पेंशन बहाली तक संघर्ष जारी रहेगा। बैठक में संभल से मोहम्मद उमर, बिजनौर से प्रहलाद यादव व मिलित गहलोत, अमरोहा महिला विंग की अध्यक्ष पूनम रानी शर्मा, रामपुर के जिला अध्यक्ष दिगपाल सिंह व महामंत्री रामप्रवेश यादव सहित मुरादाबाद के अमित कुमार, ज्ञानेंद्र कुमार, सिकंदर खान, विपिन कुमार, रितेश चौधरी आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश सामाजिक संगठन के अध्यक्ष बने प्रशांत केसरी

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** सोशल फाउंडेशन कांठ रोड कार्यालय पर आयोजित विभिन्न सामाजिक संगठनों की गरिमामयी उपस्थिति में सर्व सम्मति से प्रशान्त केसरी को सामाजिक संगठनों के समूह ने उन्हें अपना अध्यक्ष चुना। प्रशांत केसरी ने बताया कि यह संगठन पूरे प्रदेश में विभिन एन जी ओ को लेकर सकारात्मक कार्य करेगा। लोगों की मदद करना एवं सामाजिक संगठनों की सकारात्मक पहचान के रूप में प्रशासनिक स्तर पर कार्य करेगा। उन्होंने बताया कि शिक्षा, संस्कृति, स्वास्थ्य, साहित्य एवं अन्य प्रकल्पों की रूप रेखा तैयार की जा रही है। डा अनुज अग्रवाल, गौतम सिंह को पदेन महासचिव, सचिव प्रदीप सक्सेना, महेंद्र सिंह विश्नोई एडवोकेट, सचिव उदयभान सिंह, कविता सचदेवा उपाध्यक्ष त्रिलोक चंद्र दिवाकर एडवोकेट, संरक्षक मंडल ने राजीव अग्रवाल मल्लू, देवेंद्र सिंह सिसोदिया, देवेंद्र सिंह जटराना, हिरदेश कुमार सिंह को सर्वसम्मति से चूना गया। सभी ने प्रशांत केसरी को शाल पहनाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। छू लें आसमान, सोशल फाउंडेशन, सीता रसोई, कायस्थ महासभा, जाट महासभा, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज, पेरेंट टीचर एसोसिएशन, श्री परिवार, जिला योग संघ योगाचार्य, पत्रकार युवा संगठन के प्रतिनिधि बैठक में शामिल रहे। सामाजिक सेवा के अंतर्गत जिला अस्पताल मुरादाबाद में लबारिस महिला के रूप में एडमिट सीमा को उनके परिजनों से मिलाने के लिए मानवीय सेवा में बेहतर कार्य कर रहे प्रदीप सक्सेना एडवोकेट को माल्यार्पण एवं शाल पहनाकर सम्मानित किया गया।। कार्यक्रम में शुभम कुमार दिवाकर, अंश गुप्ता, मुकेश गोस्वामी, अंशुल गोस्वामी, नवनीत विश्नोई, राजीव सक्सेना आदि मौजूद रहे।



# नींद की झपकी लगने से बाईक दुर्घटनाग्रस्त, एक घायल

**उत्तम भारत संवाददाता /कांठ।** कांठ हरिद्वार हाईवे पर एक बाइक सवार नींद की झपकी लगने से सड़क चौड़ीकरण के लिए खड़े एक ट्रैक्टर से टकरा गया। दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के दौरान जिला अस्पताल मुरादाबाद रैफर कर दिया गया है। रोड चौड़ीकरण कारण के दौरान आए दिन दुर्घटना होने के कारण नागरिकों में जबरदस्त रोष व्याप्त है। रविवार को एक व्यक्ति गुड्डू उर्फ महबूब अली पुत्र याकूब अली निवासी मौहल्ला पच्चासा, कस्बा व थाना तिलहर, जनपद शाहजहांपुर उम्र करीब 36 वर्ष स्पलेंडर मोटरसाईकिल पर सवार होकर देहरादून उत्तराखंड से अपने घर पर जा रहा था। नींद की झपकी लगने के कारण कस्बा कांठ में तहसील के सामने सड़क चौड़ीकरण के कार्य में लगे खड़े हुए ट्रैक्टर सोनालिका नंबर न्च्21 क्ठ 6317 में टकरा कर घायल हो गया है। सूचना मिलने पर उप निरीक्षक कमलदीप घटनास्थल पर पहुंच गए। जिन्होंने घायल को एंबुलेंस द्वारा सीएचसी कांठ में प्राथमिक उपचार हेतु भिजवाया। इसके बाद पुलिस ने गम्भीर रूप से घायल बाइक सवार के परिजनों को सूचित किया। सूचना मिलने पर उसकी पत्नी रुखसार एवं अन्य सी एच सी कांठ पहुंच गए। जहां उसकी हालत चिंताजनक देखते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया है। छजलैट से सहसपुर बॉर्डर तक सड़क के दोनों ओर चल रहे चौड़ीकरण में सड़क के दोनों ओर गहरे गहरे गड्ढे होने के कारण अनेक यात्री दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। पी डब्ल्यू डी द्वारा वरती गईं अनियमितताओं को लेकर क्षेत्रीय नागरिकों में जबरदस्त रोष पनप रहा है। जो किसी भी समय विस्फोटक रूप धारण कर सकता है। तीन दिन पूर्व सड़क चौड़ीकरण के दौरान टोरंटो गैस की मुख्य लाइन टूट जाने के कारण गैस के एक बाहन में आग लग गई। पुलिस की सतर्कता से एक बहुत बड़ा हादसा बाल बाल टल गया।



## समाचार

## नशे के खिलाफ पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्यवाही न किए जाने पर उठ रहे सवाल

**उत्तम भारत संवाददाता /ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण के कार्यक्रमों के बावजूद महिलाओं के प्रति अपराध और नशे की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। नागरिकों ने सवाल उठाया है कि कोतवाली पुलिस महिला सुरक्षा के साथ-साथ नशे के खिलाफ कब गंभीर कदम उठाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई इलाकों में खुलेआम शराब और अन्य नशीली चीजों की बिक्री होती है, जिससे समाज में असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई और निगरानी बढ़ाने की मांग की है, ताकि महिलाओं और बच्चों का सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। विशेषज्ञों का मानना है कि महिला सशक्तिकरण और नशे पर नियंत्रण दोनों पहलुओं में संतुलित कार्रवाई जरूरी है। इसके लिए पुलिस को सामाजिक जागरूकता अभियान और कड़ी निगरानी के साथ सक्रिय होना होगा।

## स्कूल की बस में आग, प्रधानाचार्य ने अज्ञात के खिलाफ दी तहरीर

**उत्तम भारत संवाददाता /भगतपुर।** क्षेत्र के ग्राम चांदपुर कला स्थित एसबीएस स्कूल में स्कूल की बस में आग लगने की घटना सामने आई है। स्कूल के प्रधानाचार्य रिजवान पुत्र बफाती हुसैन ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ थाना भगतपुर में तहरीर देकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की है। प्रधानाचार्य के अनुसार, विद्यालय में विद्यार्थियों को लाने-ले जाने के लिए प्रयुक्त स्कूल बस देर रात विद्यालय परिसर में खड़ी थी। रात लगभग 11 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने जानबूझकर बस में आग लगा दी, जिससे बस पूरी तरह से जलकर नष्ट हो गई। प्रधानाचार्य ने बताया कि यह घटना विद्यालय की सुरक्षा और जनसुरक्षा दोनों के दृष्टिकोण से अत्यंत गंभीर है। उन्होंने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ पुलिस से कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

## सुभासपा की मासिक बैठक संपन्न, मृतक कमल चौहान को न्याय दिलाने की मांग तेज

**उत्तम भारत संवाददाता /मुरादाबाद।** रविवार को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) की मासिक बैठक जिला कार्यालय मानसरोवर कॉलोनी दिल्ली रोड पर जिलाध्यक्ष रवि चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन को सशक्त करने और मृतक महानगर महामंत्री कमल चौहान को न्याय दिलाने पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष रवि चौधरी ने कहा कि अब तक नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी न होना बेहद निंदनीय है। यदि 24 घंटे के भीतर गिरफ्तारी नहीं होती है, तो मृतक की पत्नी ममता चौहान और परिवारजन कटघर थाना गेट पर आमरण अनशन करेंगे। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी कि जल्द कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक का संचालन संगठन मंत्री अमित चौधरी ने किया, जबकि अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष दानिश कुरैशी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष रवि चौधरी और जिला उपाध्यक्ष आशु सिक्का मौजूद रहे। संगठन मंत्री अमित चौधरी ने कहा कि सुभासपा मुरादाबाद संगठनात्मक रूप से मजबूत हो रहा है और 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी पूरी तैयारी में है। उन्होंने कहा कि पार्टी किसी भी कर्मठ कार्यकर्ता को प्रत्याशी बना सकती है और सभी कार्यकताओं को जनता से जुड़ने का आह्वान किया। बैठक में कई नए कार्यकताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, जिनमें बेबी तरन्नुम, विजय राणा, सत्यप्रकाश वर्मा, अतुल सोनी, मयंक वर्मा, मनोज वर्मा, प्रमोद वर्मा, अनिल वर्मा और पवन वर्मा शामिल रहे। बैठक में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष रवि चौधरी, महानगर अध्यक्ष दानिश कुरैशी, उपाध्यक्ष आशु सिक्का, संगठन मंत्री अमित चौधरी, महासचिव गौरव कुमार, सचिव अशोक सैनी, सलाहकार मंत्री सतीश ढल, कार्यालय प्रभारी प्रशांत सिंह समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रामलीला के मंच पर बार बालाओं के ठुमके, हंगामा व मारपीट

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** सुरजननगर चौकी क्षेत्र के ग्राम टांडा अफजल मे रामलीला के मंच पर बार बालाओं द्वारा अश्लील डांस किए जाने का मामला सामने आया है, इतना ही नही बार बालाओं के अश्लील डांस के दौरान हंगामा इतना बढ़ गया कि इस दौरान युवकों ने आपा खो दिया और आपस मे ही भीड़ गए और रामलीला कमेटी के सदस्य के साथ मारपीट कर शुरू कर दी। मारपीट के दौरान अफरा तफरी मच गई।, जिसके बाद रामलीला कमेटी ने पुलिस को शिकायती पत्र सौंपकर हंगामा करने वाले युवकों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। बतादें कि एक तरफ जहां रामलीला के मंच पर बार बालाओं के अश्लील डांस से गांव का माहौल खराब हो रहा है तो वहीं धार्मिक मंच पर हो रहे अश्लील डांस को लेकर क्षेत्रीय लोग रामलीला कमेटी पर भी उंगली उठा रहे हैं, वहीं रामलीला के मंच पर बार बालाओं द्वारा परोसी जा रही अश्लीलता से स्थानीय पुलिस भी बेखबर है। सुरजननगर चौकी इंचार्ज ओंमकार सिंह ने बताया कि बीती रात जिस समय रामलीला का शुभारंभ हुआ था, उस समय श्रीरामलीला का मंचन किया जा रहा था। इसके बाद किसी बात को लेकर ग्रामीण आपस मे भीड़ गए थे, रामलीला के मंच पर बार बालाओं के डांस की कोई जानकारी नहीं है इसकी जांच की जाएगी।

## शासन की अनेकों योजनाओं के बाद भी बिजली विभाग तारों में खंभों की जगह लगा रहा बॉस

**उत्तम भारत संवादाता/मुरादाबाद।** प्रदेश के मुख्यमंत्री जी द्वारा बिजली विभाग को अनेकों योजनाओं के माध्यम से विभाग के क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर खंबे जर्जर लाइने व ट्रांसफार्मर की क्षमतावृद्धि जैसे कार्य को करने के लिए जहां करोड़ों रुपए खर्च कर दिए गए। वहां अधिकारी/कर्मचारियों की लापरवाही सामने देखने को मिली। मामला ग्राम पल्लूपुरा का है जिसमें क्षेत्र के जेई लाइनों में बॉस लगाकर विद्युत आपूर्ति कर रहे है इससे ऐसा लगता है कि सरकार की योजनाओं पर क्षेत्र के जेई व एसडीओ ने पलीता लगा दिया इसके अलावा क्षेत्र के जेई व एसडीओ ने अवैध तरीके से मोटी रकम वसूल कर शिफ्टिंग और अंडरग्राउंड के कार्य क्षेत्र में बिना एस्टीमेट जमा किए करा दिए, जो की नियम विरुद्ध है। उत्तम भारत जल्दी ही इसका खुलासा करेगा कि जेई और एसडीओ की मिलीभगत से ओर कितने कार्य क्षेत्र के ही लाइन गाड़ने वाले मजदूरों से अवैध रूप से कराए गए हैं।

## पिज्जा प्वाइंट की आड़ में फैला रहे अश्लीलता जिम्मेदार कौन

**उत्तम भारत संवाददाता /मुरादाबाद।** पिज्जा चाऊमीन बर्गर या अन्य फास्ट फूड का नाम आते ही मुंह में पानी आ जाता है और लोग ज्यादातर फास्ट फूड को बड़े ही खुशी के साथ खाते हैं लेकिन पिज्जा के नाम से खुले रेस्टोरेंट में क्या अश्लीलता फैलाने का भी कार्य होता है यह एक अहम विषय है कटघर थाना क्षेत्र के अंतर्गत दस सराय चौकी क्षेत्र में पिज्जा प्वाइंट की आड़ में अश्लीलता फैलाने का कार्य धड़ल्ले से किया जा रहा है जहां रेस्टोरेंट के अंदर ही पर्दे डालकर केबिन बना रखे हैं जिसमें जोड़े को पर्दे से ढके केविन के अंदर बिठा दिया जाता है जिसमें जोड़े को एक कोल्डिंग और पिज्जा के साथ साथ एक घंटे का समय भी दिया जाता है पिज्जा प्वाइंटों पर पूर्व में भी पुलिस ने कार्रवाई की थी और बंद कर दिए थे लेकिन यह कार्रवाई सिर्फ चंद दिनों की थी जिसको कुछ दिन बात उसको सुचारू रूप से संचालित कर दिया गया सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि इस पिज्जा प्वाइंट के स्वामियों की अच्छी साठ गांठ अच्छी होने के कारण कई वर्षों से धड़ल्ले के साथ चल रहे यही वजह है कि पिज्जा प्वाइंटों पर कभी अंकुश नहीं लग सका है और इन पिज्जा प्वाइंट में लगातार अश्लीलता फैलाने का कार्य चल रहा है जिससे युवा पीढ़ी पर भी बुरा असर पड़ रहा है अब देखना ही होगा कि खबर प्रकाशित होने के बाद क्या इन पिज्जा प्वाइंटों की आड़ में अश्लीलता फैलाने वाले लोगों पर कोई कार्रवाई की जाएगी या नहीं यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

P-12:28 paga09_jhn.qxd 10/5/2025 9:51 PM Page 1



# मुख्यमंत्री ने राजगीर में नवनिर्मित अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का किया उद्घघाटन

*** मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को प्रदान किया नियुक्ति पत्र और सम्मान राशि।**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिहार शरीफ।** आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नालंदा जिला के राजगीर में नवनिर्मित क्रिकेट स्टेडियम के पवैलियन और क्रिकेट ग्राउंड का शिलापट्ट अनावरण एवं फीता काटकर लोकार्पण किया। लोकार्पण के पश्चात् मुख्यमंत्री ने क्रिकेट स्टेडियम के पवैलियन का अवलोकन किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने क्रिकेट ग्राउंड का भी जायजा लिया। इस दौरान वहां उपस्थित खिलाड़ियों ने ताली बजाकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने हाथ हिलाकर सभी का अभिवादन स्वीकार किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने वहां की व्यवस्थाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली।



18 एकड़ भूखण्ड पर राजगीर क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण किया गया है, जिसमें लगभग 40,000 दर्शकों के बैठने की व्यवस्था है। स्टेडियम में पवेलियन (त्र+5) का निर्माण किया गया है। क्रिकेट ग्राउन्ड तैयार किया गया है। महाराष्ट्र से लाई गई लाल मिट्टी से 6 पिच एवं मोकामा की काली मिट्टी से 7 पिच तैयार की गई है। बारिश के मौसम में मैदान से पानी निकासी हेतु ड्रेनेज प्रणाली विकसित की गई है। क्रिकेट स्टेडियम में खिलाड़ियों एवं दर्शकों की मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य सुनिश्चित किया गया है। स्टेडियम में आधुनिक सुविधाएं होंगी, जिसमें खिलाड़ियों के लिए विशेष पवेलियन, कोच और मैनेजर के लिए आरक्षित बैठक व्यवस्था, वी0वी0आई0पी0 मेहमानों के लिए खास स्टैंड और मीडिया के लिए समर्पित गैलरी शामिल हैं। बी0सी0सी0आई0 के मानकों के अनुरूप तैयार यह मैदान राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मैचों की मेजबानी के लिए पूरी तरह सक्षम है। ज्ञातव्य है कि इस स्टेडियम से न केवल बिहार में खेल संस्कृति को नई ऊंचाइयां मिलेंगी बल्कि राजगीर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल पर्यटन के मानचित्र पर भी स्थापित होगा। यह स्टेडियम जल्द ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की मेजबानी करने में सक्षम होगा, जिससे राजगीर में पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।



इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने राज्य खेल अकादमी, राजगीर में आयोजित समारोह में 87 उत्कृष्ट खिलाडियों को सरकारी नौकरी का चयन पत्र और 812 खिलाड़ियों के बीच करीब 8 करोड़ रुपये की खेल सम्मान राशि का वितरण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पुलिस अवर निरीक्षक में चयनित खिलाड़ी अंशिका कुमारी, सपना कुमारी, पायल प्रीति, निखत खातून, खुशबू कुमारी, सुल्ताना बानो, स्वीटी कुमारी, माही श्वेतराज, नीरज कुमार एवं बॉबी कुमार को सांकेतिक रूप से चयन पत्र प्रदान किया। इन 10 खिलाडियों में 8 महिला खिलाडी और 2 पुरुष खिलाड़ी शामिल हैं। साथ ही मुख्यमंत्री ने 3 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को खेल सम्मान राशि का चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने शैलेश कुमार को 75 लाख रुपये, बॉबी कुमार को 35 लाख रुपये और गोल्डी कुमारी को 10 लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया।



ज्ञातव्य है कि सरकार की %मेडल लाओ नौकरी पाओ योजना के अन्तर्गत इस वर्ष राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले 87 खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी का चयन पत्र दिया गया है। इन 87 खिलाड़ियों में 39 महिला और 48 पुरुष खिलाड़ी शामिल हैं। इन खिलाड़ियों को उनकी योग्यता के अनुसार क्लास वन से लेकर विभिन्न श्रेणी में आवश्यकतानुसार विभिन्न विभागों में इनकी नियुक्ति के लिए चयन पत्र दिया गया है। नौकरी के लिए चयनित खिलाड़ियों में पुलिस अवर निरीक्षक के रूप में 10 खिलाड़ियों का चयन हुआ है जिसमें 8 महिला खिलाड़ी हैं। बाल कल्याण पदाधिकारी के पद पर एक खिलाड़ी का चयन हुआ है। निम्नवर्गीय लिपिक में 65 और कार्यालय परिचारी के रूप में 11 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इस वर्ष राज्य खेल सम्मान के रूप में 44 खेल विधाओं में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बिहार के खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, खेल संघों तथा खेल अधिकारियों सहित कुल 812 लोगों के बीच 7 करोड़ 43 लाख रुपये की खेल सम्मान राशि भी वितरित की गई। खेल सम्मान राशि पाने वाले 813 लोगों में 152 पैरा खिलाड़ी, 631 खिलाड़ी, 24 प्रशिक्षक, 5 खेल संघ और एक खेल अधिकारी शामिल हैं। कुल 783 खिलाड़ियों में 297 महिला और 486 पुरुष खिलाड़ी शामिल हैं। वर्ष 2022 से 2025 तक बिहार के 2085 उत्कृष्ट खिलाड़ियों के बीच करीब 23.5 करोड़ रूपये की खेल सम्मान राशि सरकार द्वारा वितरित की जा चुकी है। कार्यक्रम के दौरान अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण पर आधारित एक लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। साथ ही राज्य में खेल संरचनाओं के विकास पर आधारित लघु फिल्म प्रदर्शित की गई।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, सांसद श्री कौशलेंद्र कुमार, खेल मंत्री श्री सुरेंद्र मेहता, भवन निर्माण मंत्री श्री जयंत राज, विधायक श्री कौशल किशोर, विधायक श्री कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया, विधायक डॉ0 जितेंद्र कुमार, विधायक श्रीमती रीना यादव, खेल विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ0 बी0 राजेन्दर, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ0 चंद्रशेखर सिंह, पटना प्रमंडल के आयुक्त श्री अनिमेष पराशर, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक श्री रविंद्रण शंकरण, खेल विभाग के निदेशक श्री महेंद्र कुमार, पटना प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक श्री जितेंद्र राणा, नालंदा के जिलाधिकारी श्री कुंदन कुमार, नालंदा के पुलिस अधीक्षक श्री भारत सोनी सहित अन्य वरीय अधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य व्यक्ति एवं खिलाड़ी उपस्थित थे।

# पटना मेट्रो का इंतजार हुआ खत्म, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज दिखाएंगे हरी झंडी

*** कॉरिडोर वन के तहत पटना जंक्शन सहित कुल छह भूमिगत मेट्रो स्टेशनों और सुरंग निर्माण की आधारशिला भी रखेंगे मुख्यमंत्री**

*** सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक किया जाएगा मेट्रो का परिचालन**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**पटना ।** आखिरकार राजधानी पटना में मेट्रो रेल का इंतजार खत्म होने जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल (सोमवार) को पूर्वाह्न 11.00 बजे भूतनाथ से न्यू आईएसबीटी तक पहले फेज की मेट्रो के परिचालन का उद्घाटन करेंगे। यह मेट्रो सेवा 4.3 किलोमीटर के रूट पर चलेगी, जो तीन स्टेशनों आईएसबीटी, जीरो माइल और भूतनाथ रोड के बीच संचालित होगी। पटना मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (पीएमआरएल) ने परिचालन की अंतिम तैयारी पूरी कर ली है। उद्घाटन के साथ ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कॉरिडोर वन के तहत पटना जंक्शन सहित छह भूमिगत मेट्रो स्टेशनों और 9.35 किलोमीटर लंबी सुरंग की आधारशिला भी रखेंगे।

**मधुबनी पेंटिंग से सजी होगी यह ट्रेन**

उद्घाटन के लिए मेट्रो के कोच को मधुबनी पेंटिंग से खास तौर पर सजाया गया है, जो बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करता है। कोचों में गेट, खिड़कियों और अंदरुनी हिस्सों पर गोलघर, महावीर मंदिर, महाबोधि वृक्ष, बुद्ध स्तूप और नालंदा के खंडहर जैसे बिहार के विश्वप्रसिद्ध पर्यटक स्थलों के आकर्षक स्टिकर लगाए गए हैं।

**सिर्फ तीन स्टेशनों तक चलेगी यह मेट्रो**

मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त जनक कुमार गर्ग पहले ही प्रायरिटी कॉरिडोर के तीन स्टेशनों पर मेट्रो के परिचालन को हरी झंडी दे चुके हैं। मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त ने सिग्नलिंग सिस्टम, पटरियों की मजबूती, ट्रेन की गति, ब्रेकिंग सिस्टम और अन्य तकनीकी पहलुओं की गहन जांच की है। सभी मानकों पर खरा उतरने के बाद मेट्रो को परिचालन के लिए मंजूरी दी गई। शुरुआत में मेट्रो की अधिकतम गति 40 किलोमीटर प्रति घंटा होगी।

**15 से 30 रुपये होगा किराया**

आईएसबीटी से जीरो माइल का किराया 15 रुपये होगा। वहीं न्यू आईएसबीटी से भूतनाथ मेट्रो स्टेशन का किराया 30 रूपये निर्धारित किया गया है। यानी पटना मेट्रो का फिलहाल न्यूनतम किराया 15 रुपये और अधिकतम किराया 30 रुपये होगा।

यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हर मेट्रो कोच में 360-डिग्री सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। आपात स्थिति के लिए दो इमरजेंसी बटन और माइक्रोफोन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। आपात स्थिति में बटन दबाने पर यात्री सीधे मेट्रो रेल के ड्राइवर से बात कर सकेंगे और सीसीटीवी फुटेज भी कंट्रोल रूम में भेजी जाएगी। प्रत्येक कोच में कुल 138 सीटें हैं और उसमें 945 यात्री खड़े होकर यात्रा कर सकते है।

**सुबह 8 बजे से शुरू होगा परिचालन**

पहले चरण में आइएसबीटी मेट्रो स्टेशन से भूतनाथ रोड तक मेट्रो चलेगी। फिलहाल इसका परिचालन सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक किया जाएगा। हर 20 मिनट के अंतराल पर प्रत्येक स्टेशन पर मेट्रो उपलब्ध होगी। प्रतिदिन मेट्रो 40 से 42 फेरे लगाएगी। महिलाओं और दिव्यांगों के लिए प्रत्येक ट्रेन में 12-12 सीटें आरक्षित होंगी।

मेट्रो कोच में मोबाइल और लैपटॉप चार्जिंग की सुविधा भी होगी। प्रत्येक कोच में सभी दरवाजों के पास एक लाल रंग का पैनिक बटन दिया गया है। कोच के अंदर डिस्प्ले बोर्ड पर अगले स्टेशन की जानकारी और घोषणाएं लगातार चलती रहेंगी।

**मेट्रो के भूमिगत हिस्से के निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे सीएम**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को ही बेली रोड पर मेट्रो के भूमिगत खंड के निर्माण कार्य का भी शिलान्यास करेंगे। यह भूमिगत खंड मेट्रो परियोजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो शहर के व्यस्त इलाकों में मेट्रो के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कॉरिडोर वन के तहत कुल छह भूमिगत स्टेशनों के लिए 9.35 किमी की सुरंग की आधारशिला रखेंगे।

इस कॉरिडोर में पटना जंक्शन से रुकनपुरा और मीठापुर तक 9.35 किमी लंबी सुरंग शामिल है, जिस पर कुल 2,565.80 करोड़ रूपये खर्च किये जाएंगे। इसका निर्माण कार्य अगले 42 महीनों में पूरा करने का लक्ष्य है। निर्माण के फेज वन में रुकनपुरा, राजा बाजार और चिड़ियाघर स्टेशन के साथ ही पाटलिपुत्र एलिवेटेड स्टेशन के बाद रुकनपुरा रैंप शामिल है। जिसकी कुल लागत 1,147.50 करोड़ रूपये है। वहीं, फेज दो में विकास भवन, विद्युत भवन और पटना जंक्शन स्टेशन के साथ विकास भवन से मीठापुर तक सुरंग का निर्माण भी शामिल है। जिसकी कुल लागत 1,148.3 करोड़ है। पटना मेट्रो की कुल लागत 13,925.5 करोड़ रुपये है, जिसमें जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जेआइसीए), केंद्र सरकार और बिहार सरकार का योगदान है। पटना मेट्रो के दो कॉरिडोर रेड लाइन (16.86 किमी) और ब्लू लाइन (14.56) में कुल 24 होंगे। पहले चरण का पूरा संचालन 2027 तक शुरू होने की संभावना है।

**बीएसएपी संभालेगी मेट्रो की सुरक्षा**

पटना मेट्रो की सुरक्षा बिहार स्पेशल आर्म्ड पुलिस (बीएसएपी) के जवान संभालेंगे। बीएसएपी के जवान मेट्रो पर चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेंगे। प्रवेश द्वार से लेकर प्लेटफार्म तक इनकी तैनाती होगी।

# गंगा सोंस के नाम एक दिन-राष्ट्रीय डॉल्फिन दिवस पर गूंजा संरक्षण का संदेश

*** राष्ट्रीय डॉल्फिन शोध केंद्र में धूमधाम से मनाया गया**

*** मुख्य अतिथि अभय कुमार ने कहा, 'यह केंद्र बनेगा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस'**

**उत्तम भारत संवाददाता**




**पटना ।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार सरकार के तत्वावधान में राष्ट्रीय डॉल्फिन दिवस के अवसर पर रविवार को पहली बार राष्ट्रीय डॉल्फिन शोध केंद्र में बड़े उत्साह और धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे अभय कुमार, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक-सह-मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, बिहार, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में संजय गांधी जैविक उद्यान, पटना के निदेशक हेमंत पाटिल उपस्थित रहे। संस्थान के अंतरिम निदेशक डॉ. गोपाल शर्मा ने स्वागत भाषण में स्लाइड शो के माध्यम से गंगा डॉल्फिन संरक्षण की दिशा में बिहार एवं भारत सरकार की ओर से उठाए जा रहे कदमों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दीघा घाट से फतुहा त्रिवेणी घाट तक डॉल्फिन पेट्रोलिंग की सख्त आवश्यकता है, ताकि लोगों में जागरूकता और संरक्षण की भावना के साथ शिकार पर रोक लगाई जा सके। पटना जू निदेशक हेमंत पाटिल ने अपने उद्बोधन में बताया कि गंगा डॉल्फिन केवल भारतीय उपमहाद्वीप में पाई जाती है, इसलिए इसका संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। मुख्य अतिथि अभय कुमार ने कहा कि यह संस्थान बिहार और देश के लिए गर्व का विषय है और इसे ÷सेंटर ऑफ एक्सीलेंस÷ के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने यहां 45 पदों की स्वीकृति दी है, जिनकी नियुक्ति जल्द की जाएगी। उन्होंने कहा कि डॉल्फिन, जिसे आमतौर पर 'सोंस' कहा जाता है, वह मछली नहीं बल्कि एक स्तनधारी प्राणी है। मछुआरों के प्रशिक्षण हेतु यह केंद्र एक मील का पत्थर साबित होगा।

# विधि विज्ञान प्रयोगशालाओं में वैज्ञानिक एवं सहायक निदेशक की बहाली

*** सहायक निदेशक के 89 और वरीय वैज्ञानिक सहायक के 100 पदों पर संविदा के आधार पर होगी बहाली**

*** ऑनलाइन बहाली की प्रक्रिया शुरू होगी 6 अक्टूबर से**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**पटना ।** पुलिस महकमा की अपराध अनुसंधान विभाग के स्तर से राज्य के विधि-विज्ञान प्रयोगशालाओं में दो प्रमुख पदों पर बहाली होने जा रही है। राज्य की विधि विज्ञान प्रयोगशाला, क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशालाओं और जिला चलंत विधि विज्ञान इकाईयों में दो प्रमुख पदों सहायक निदेशक (राजपत्रित) और वरीय वैज्ञानिक सहायक (अराजपत्रित) की सेवा अस्थायी रूप से संविदा के आधार पर ली जाएगी। इससे संबंधित विज्ञापन अपराध अनुसंधान विभाग के डीआईजी सह अध्यक्ष नियोजन बोर्ड के स्तर से जारी कर दी गई है। इसके अनुसार, विधि विज्ञान प्रयोगशाला में सहायक निदेशक के 89 और वरीय वैज्ञानिक सहायक के रिक्त पड़े 100 पदों पर नियोजन की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। इस तरह इन दोनों पदों पर 189 अभ्यर्थियों की बहाली होगी। इन पदों पर ऑनलाइन माध्यम से 6 अक्टूबर से आवेदन की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर रखी गई है। आवेदन के लिए सरकार के स्तर से निर्धारित मापदंडों के अनुरूप 100 रुपये आवेदन शुल्क ऑनलाइन या डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करना होगा। इन पदों पर चयन के लिए न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष रखी गई है और अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष होगी। सहायक निदेशक और वरीय वैज्ञानिक सहायक की बहाली रसायन, भौतिकी, जीव विज्ञान और मनोविज्ञान प्रभाग में अलग-अलग पदों पर होगी। इन अलग-अलग पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता भी अलग-अलग रखी गई है। विभिन्न प्रभागों में तय अलग-अलग पदों के रिक्तियों की संख्या भी भिन्न है। इसकी पूरी विस्तृत जानकारी बिहार पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट पर मिल जाएगी।

# डॉ. प्रेम कुमार, माननीय मंत्री, सहकारिता मंत्री ने 5000 मे. टन गोदाम का किया उद्घाटन

**पटना ।** डॉ. प्रेम कुमार, माननीय सहकारिता मंत्री ने मुरलीगंज प्रखंड, मधेपुरा में बिहार राज्य भंडार निगम के द्वारा निर्मित 5000 मे. टन के वृहत गोदाम का उद्घाटन कर भंडारण हेतु लोकार्पित किया।

# सुशील कुमार वर्मा ने संजीवनी क्लिनिक ऑन व्हील को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**पटना/सीतामढ़ी ।** संजीवनी क्लिनिक ऑन व्हील को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना उच्च माध्यमिक विद्यालय महिंदवारा में एसबीआई के सी एस आर के तहत संजीवनी परियोजना के अंतर्गत संजीवनी क्लिनिक ऑन व्हील को एसबीआई के मुख्य वित्तीय अधिकारी सुशील कुमार वर्मा जी, सीएसआर के ऑपरेरेशन हेड राजाराम चौहान, बिहार प्रभारी शुभम कुमार, एवं नव जागृति भनस्पति के सचिव जितेंद्र कुमार जी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया रवाना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री वर्मा ने बताया कि नवजागृति, वनस्पति द्वारा इस एंबुलेंस के माध्यम से स्वास्थ जांच शिविर सह स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड के चयनित 20 गांव में किया जाएगा जिसमें लोगों का मुफ्त स्वास्थ्य जांच ,खून की जांच, रक्त चाप जांच, चीनी जांच, तथा सभी लोगों को मुफ्त दवा भी दिया जाएगा साथ ही गांव में और विभिन्न प्रकार के स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे , कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ऑपरेशन हेड राजाराम जी ने बताया कि उक्त कार्यक्रम से संबंधित सभी प्रकार की जिम्मेवारी नव जागृति भनस्पति को दी गई है तथा यह कार्यक्रम एस बी आई बैक के द्वारा कॉरपोरेट समाजिक उत्तरदायित्व के तहत इस तरह के कार्यक्रम पूरे भारत वर्ष में चलाया जा रहा है साथ ही शिक्षा, कौशल विकाश आदि विभिन्न प्रकार के समाजिक उत्थान कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं,कार्यक्रम में संस्था को ग्रामीणों के द्वारा सहयोग करने की अपील की तथा इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन की सफलता हेतु संस्था एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया , उक्त कार्यक्रम में श्रीमती वर्मा नव जागृति के सचिव जितेंद्र कुमार, अकाउंटेंट प्रभात कुमार परियोजना समन्वयक तरुण कुमार सिंह, संजय मिश्रा, रणधीर कुमार सलोनी कुमारी, राकेश कुमार ,अनिल कुमार, नेहा कुमारी, गुड़िया कुमारी, प्रकाश कुमार, संजीव कुमार, ग्रामीण, सोनू कुमार , कन्हाई कुमार, अखिलेश साहनी , चंदेश्वर ठाकुर , शिक्षक तेजनारायण कुमार , रजनीश कुमार रागिनी कुमारी, विनय प्रसाद, लालबाबू राय, आलोक वर्मा ,बिट्टू कुमार आशा फैसिलिटेटर,एवं आशा कार्यकर्ता उपस्थित हुए।







# प्रधान सचिव पंकज कुमार ने आज दो दिवसीय मखाना महोत्सव-2025 का भव्य समापन किया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**पटना ।** उद्यान निदेशालय, कृषि विभाग, बिहार सरकार द्वारा आयोजित दो दिवसीय मखाना महोत्सव-2025 का आज भव्य एवं ऐतिहासिक समापन के अवसर पर प्रधान सचिव, कृषि विभाग, बिहार श्री पंकज कुमार ने बताया कि मखाना महोत्सव-2025 में माननीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री, श्री शिवराज सिंह चौहान तथा माननीय उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री, बिहार श्री विजय कुमार सिन्हा की उपस्थिति से मखाना उत्सव केवल एक उत्सव ही नही, बल्कि बिहारवासियों को मखाना बोर्ड एवं मखाना के लिए सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस को तोहफा देकर मखाना उत्पादन



और निर्यात हेतु समग्र विकास के साथ वैश्विक स्तर पर स्थापित करने, किसानों की समृद्धि, युवाओ को रोजगार एवं प्रदेश के विकास के लिए एक सुअवसर प्रदान किये हैं।

उन्होनें कहा कि मखाना उद्योग से जुड़े सभी हितधारकों - किसान, शोधकर्ता, उद्यमी, नीति-निर्माता, निर्यातक और आमजन ने हजारो की संख्या में भाग लेकर मखाना महोत्सव को एक स्मरणीय और सफल उत्सव बना दिया। यह ओयाजन अपने उद्देश्य - ÷गुणवत्तापूर्ण वैश्विक स्तर का मखाना÷ को अपने मूल रूप देने में सफल रहा और साबित कर दिया कि बिहार न केवल मखाना का मूल घर है, बल्कि वैश्विक मखाना क्रांति को राष्ट्रीय एवं अंतरर्राष्ट्रीय मानचित्र पर प्रतिष्ठित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल साबित हुआ।

मुझे अपार खुशी है कि बड़ी संख्या में दर्शकों ने महोत्सव का आनन्द लिया। आयोजन स्थल पर लगे स्टॉलों पर मखाना से बने विविध उत्पादों जैसे स्वाद में स्नैक्स, मिठाईयाँ, पाउडर आदि पैकेज्ड सामग्रियों की प्रदर्शनी एवं बिक्री हुये। इस आयोजन में लगभग 25 लाख रूपये का मखाना एवं मखाना आधारित उत्पादों की खरीदारी आगंतुकों ने की। साथ ही मखाना से बने व्यंजनों का स्वाद भी पटनावासियों ने काफी पसन्द किया। लगभग 50 हजार लोगों ने दो दिवसीय मखाना महोत्सव का लुत्फ उठाया।

